राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

दैनिक शुभ भास्कर

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

दैनिक

# शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 178 • नई दिल्ली, गुरूवार 05 अक्टूबर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



3 डीएम-पुलिस अधीक्षक ने जनसंवाद कार्यक्रम को...

## गोल्डन बॉय नीरज ने फिर दिलाया देश को सोना, 88.88 मीटर का थ्रो

### किशोर ने 87.54 मीटर के साथ सिल्वर मेडल



**नई दिल्ली**। एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों का बेहतरीन प्रदर्शन बुधवार को भी जारी है। एथलेटिक्स में भारतीय खिलाड़ियों की धूम 11वें दिन भी जारी है। वहीं स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए सोना दिलाया है, तब जेवलिन थ्रो का रजत पदक भी भारत के ही किशोर जेना को मिला है। नीरज ने 88.88 मीटर के थ्रो के साथ गोल्ड जीता, वहीं किशोर ने 87.54 मीटर के साथ सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। एथलेटिक्स में ट्रैक एंड फील्ड में भी भारत का जलवा 11वें दिन भी जारी है। पुरुषों की रिले रेस टीम ने चार गुणा चार सौ मी. रेस में स्वर्ण पर कब्जा किया, तब महिलाओं की 800 मी. रेस में हरमिलन बैंस, चार गुणा चार सौ मी रिले रेस और पुरुषों की पांच हजार मी.रेस में अविनाश साबले ने रजत पदक दिलाया है, वहीं स्क्वॉश में सौरव घोषाल ने फाइनल में प्रवेश करके रजत सुनिश्चत किया है। वहीं, मुक्केबाजी में लवलीन ने रजत पदक दिलाया, तब हॉकी ने फाइनल में जगह बना ली है।

अबतक भारत के खाते में 81 मेडल आ गए हैं, जिसमें 18 गोल्ड, 31 सिल्वर और 32 ब्रॉन्ज मेडल हैं। वहीं, तीरंदाजी में ज्योति वेन्नम और ओजस देवताले ने टीम स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। बता दें कि साल 2018 के एशियन गेम्स में भारत ने कुल 70 मेडल जीते थे। यानी इस बार भारतीय दल एशियन गेम्स में नया रिकॉर्ड बनाते हुए कुल 70 मेडल्स से ज्यादा हासिल कर लिए हैं।

## मोदी-शाह की टीम भाजपा के जिला, मंडल पदाधिकारियों से ले रही फीडबैक




**भोपाल**। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने के पहले भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में 3 से 25 सितंबर तक पांच अलग-अलग जन आशीर्वाद यात्राएं निकालीं। जन आशीर्वाद यात्राएं अपने ध्येय में कितनी सफल रहीं और इसका विधानसभा चुनाव में भाजपा को क्या और कितना फायदा होने वाला है, इसका फीडबैक लेने के लिए मोदी-शाह ने संघ के प्रचारक स्तर के एक पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम को हाल ही में मध्यप्रदेश भेजा है। यह टीम जन आशीर्वाद यात्रा के फीडबैक की रिपोर्ट भाजपा हाईकमान को देगी। जिसके बाद पार्टी विधानसभा चुनाव की आगामी रणनीति तय करेगी। भाजपा सूत्रों के अनुसार मोदी-शाह की यह टीम प्रदेशभर में जाकर भाजपा के जिला, मंडल स्तर के पदाधिकारियों के साथ पुराने नेताओं एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से अलग-अलग जन आशीर्वाद यात्राओं का फीडबैक ले रही है। इसमें पार्टी के जिला, मंडल पदाधिकारियों और पुराने नेताओं से जन आशीर्वाद यात्रा का विधानसभा चुनाव में पार्टी को क्या फायदा होगा? किस विधानसभा सीट पर पार्टी की क्या स्थिति है और चुनाव प्रबंधन की क्या स्थिति है? कौन-कौन नेता नाराज हैं और उन्हें कैसे मनाया जा सकता है, ऐसे कई सवाल पूछे जा रहे हैं। भाजपा सूत्रों के अनुसार जन आशीर्वाद यात्राओं की फीडबैक टीम को प्रदेश भर से जिला, मंडल पदाधिकारियों और पुराने नेताओं की अलग-अलग शिकायतें सामने आई हैं। जिसमें कुछ जगह जिला एवं मंडल पदाधिकारियों ने जन आशीर्वाद यात्रा में स्थानीय विधायकों के सहयोग न करने की शिकायत की। कुछ पदाधिकारियों ने जन आशीर्वाद यात्रा का पार्टी का साहित्य, गमछे और बुकलेट नहीं मिलने की भी शिकायतें कीं। पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं की शिकायत थी कि विधायक उन्हें तवज्जो नहीं देते हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

### इटली में पुल से नीचे गिरी बस, 21 लोगों की मौत



**वेनिस**। इटली के वेनिस में एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां मीथेन गैस से चलने वाली बस अचानक अनियंत्रित हुई और पुल से नीचे गिर गई। बस के गिरते ही इसमें आग लगी और लगभग दो दर्जन यात्रियों की मौत हो गई। हादसे के कारण की जांच की जा रही है। मीडिया में आ रही खबरों के मुताबिक इस हादसे में कम से कम 23 लोगों की मौत हुई है और कई लोग गंभीर रुप से घायल है। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भती कराया गया है। उनका उपचार चल रहा है,जबकि जिन्हे मामूली चोटे आई थीं उन्हे घर भेज दिया गया है। इस हादसे को लेकर वेनिस के मेयर लुइगी ब्रुगनारो ने अपनी फेसबुक बॉल पर दुख व्यक्त करते हुए लिखा है कि ये दुर्घटना काफी दुखद है। वहीं वेनिस क्षेत्र के गवर्नर लुका जिया ने बताया कि कम से कम 21 लोगों की जान गई है और 20 लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भती कराया गया है। शवों को निकालने और उनकी पहचान करने के प्रयास जारी हैं। मृतकों और घायलों में केवल इटालियंस ही नहीं, बल्कि कई देशों के लोग शामिल हैं।

### मणिपुर में गिरफ्तारी के विरोध में बवाल, 2 जिले हुए प्रभावित



**इंफाल**। बीते कई महीनों से मणिपुर में हो रही हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। यहां आए दिन बवाल हो रहा है। बीते रोज कूकी जो आदिवासियों की गिरफ्तारी के विरोध को लेकर जमकर बवाल हुआ। जिसके कारण यहां के दो जिलों में जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। आईटीएलएफ और सीओटीयू की महिला शाखा इंफाल से दो किशोर छात्रों के कथित अपहरण और हत्या के मामले में चार लोगों को मनमाने ढंग से गिरफ्तार करने का आरोप लगाया है। जिसके विरोध में चुराचांदपुर और इंफाल को बंद करने का आव्हान किया गया था। जिसके कारण यहां सडके सूनी रही और दुकाने भी नहीं खोली गई। पुलिस ने कहा कि बाजारों में कोई गतिविधि नहीं देखी गई और सरकारी कार्यालयों में कोई उपस्थिति नहीं देखी गई, जबकि बैंक और शैक्षणिक संस्थान बंद रहे।

### कांग्रेस सरकार की शक्ति योजना ने कर्नाटक की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनायाः राहुल

**नई दिल्ली** । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को सिद्दारमैया के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार की शक्ति योजना की सराहना करते हुए कहा कि इसने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है और "यह गर्व की बात है कि हमारा शासन मॉडल यह सुनिश्चित कर रहा है कि राज्य की महिलाओं को उनका अधिकार मिले"।राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "कर्नाटक में लक्ष्मी, वंदना, पूजा और उनके जैसी लाखों महिलाओं को कांग्रेस सरकार की शक्ति योजना द्वारा सशक्त बनाया गया है, जो मुफ्त बस यात्रा प्रदान कर रही है।" उन्होंने कहा कि चाहे उन्हें स्कूल, कॉलेज, काम पर जाना हो या राज्य में कहीं भी यात्रा करनी हो, "शक्ति योजना ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है और इसके परिणामस्वरूप पर्याप्त बचत हुई है"।उन्होंने कहा, "यह योजना स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देती है और रोजगार के अवसर पैदा करती है। यह गर्व की बात है कि हमारा शासन मॉडल यह सुनिश्चित कर रहा है कि कर्नाटक की महिलाओं को उनके अधिकार दिए जाएं।" उन्होंने अपने पोस्ट के साथ एक समाचार की प्रति भी संलग्न की है। शक्ति योजना, दक्षिणी राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले घोषित कांग्रेस की पांच गारंटियों का हिस्सा थी। राज्य में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार ने इस योजना को लागू किया।



# सिक्किम में बादल फटा, 23 जवान समेत 43 लोग लापता

**एजेंसी। गंगटोक**

**10 की मौत, कैंप और 41 गाड़ियां डूबीं; राज्य को देश से जोड़ने वाला हाईवे भी बहा**



सिक्किम में मंगलवार देर रात बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने की वजह से 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 43 लोग लापता हो गए। इनमें सेना के 23 जवान हैं। मामले में पाक्योंग के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ताशी चोपेल ने सभी जवानों के मौत की आशंका जताई है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नदी से लगे इलाके में ही आर्मी कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आने के बाद बह गया और यहां खड़ी 41 गाड़ियां डूब गईं। आसपास के 4 हजार लोगों को 5 राहत शिविरों में सुरक्षित पहुंचा दिया गया है। बाढ़ की वजह से राज्य को देश से जोड़ने वाला नेशनल हाईवे NH-10 भी बह गया। इसकी वजह से आवागमन की सुविधा बंद हो गई है। डिफेंस PRO के मुताबिक, ल्होनक झील के ऊपर देर रात करीब डेढ़ बजे के आसपास बादल फटा, इसके बाद लाचेन घाटी में तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई। नदी का जलस्तर अचानक 15 से 20 फिट तक बढ़ गया। इसके बाद नदी से लगे आसपास के इलाकों में पानी भर गया। कई घरों में भी नदी का पानी घुस आया। लोग घर छोड़कर सुरक्षित इलाकों में चले गए। सिक्किम में बादल फटने के बाद पश्चिम बंगाल के कलिम्पोंग में भी बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। राज्य के मुख्य सचिव एचके द्विवेदी ने बताया- तीस्ता बैराज से तीन शव बरामद किए गए हैं। उनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की स्थिति जानने के लिए मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बातचीत की। उन्हें मदद देने का आश्वासन दिया।

**रेस्क्यू ऑपरेशन जारी** - गुवाहाटी के डिफेंस PRO ने बताया कि हादसे के बाद सेना के लापता जवानों की तलाशी के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। स्थानीय प्रशासन भी अपने स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। हालांकि जानमाल के नुकसान को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

**NDRF की टीम तैनात** - NDRF ने सिक्किम के सिंगतम से 7 लोगों को बचाया जहां बादल फटने से बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई थी। NDRF की एक टीम गंगटोक में और दो टीमें पश्चिम बंगाल के सिक्किम से सटे इलाकों में तैनात हैं।

**16 जून को भी बादल फटा था**- इससे पहले सिक्किम में 16 जून को भी बादल फटा था। यहां के पेक्योन्ग में जमीन खिसकने और फिर बादल फटने से घरों में पानी भर गया था। कई लोग इससे प्रभावित हुए थे।

**नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में आज और कल भारी बारिश का अलर्ट** - भारतीय मौसम विभाग ने 4 और 5 अक्टूबर के लिए पूर्वी और नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा शामिल हैं।

## लैंड फॉर जॉब्स केस में लालू-राबड़ी और तेजस्वी को जमानत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लैंड फॉर जॉब मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव को जमानत दे दी है। अब मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी। आपको बता दे कि वर्ष 2004 से 2009 तक केंद्रीय रेल मंत्री थे इसी दौरान उन पर नौकरी के बदले जमीन लेने के आरोप लगे थे। कहा गया था कि रेलवे में नौकरी दिलाने के लिए लालू परिवार ने बेरोजगारों से जमीन ली है। इसी मामले में लालू यादव और अन्य के खिलाफ समन जारी किए गए थे जिसके पालन में लालू सीबीआई की विशेष अदालत में पेश हुए। विशेष सीबीआई न्यायाधीश, न्यायमूर्ति गीतांजलि गोयल ने लालू और अन्य को तब तलब किया था जब सीबीआई ने हाल ही में अदालत को सूचित किया था कि प्रसाद के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सक्षम अधिकारियों से अपेक्षित मंजूरी प्राप्त कर ली गई है। समन जारी करते समय, अदालत ने कहा था कि सबूत प्रथम दृष्टया भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और जालसाजी सहित विभिन्न अपराधों को अंजाम देना दिखाते हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 3 जुलाई को लालू और अन्य के खिलाफ एक नया आरोप पत्र दायर किया। इसमें उल्लेख किया गया कि रेलवे के मानदंडों, दिशानिर्देशों और प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुए, मध्य रेलवे में उम्मीदवारों की अनियमित/अवैध नियुक्तियां की गईं।

### UGC फेलोशिप में बढ़ोतरी, 67,000 रुपए रुपए तक मिलेगी मासिक राशि

**नई दिल्ली**। इनोवेशन और रिसर्च नवाचार को बढ़ावा देने के लिए यूजीसी ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। यूजीसी ने उच्च शिक्षा संस्थानों के शोधकर्ताओं को फेलोशिप के रूप में मिलने वाली की मासिक राशि बढ़ा दी है। यूजीसी के मुताबिक बढ़ी हुई राशि 1 जनवरी 2023 से मान्य है।यूजीसी के नए नियमों के मुताबिक जेआरएफ यानी जूनियर रिसर्च फेलोशिप के तौर पर जहां पहले 31,000 रुपए मासिक दिए जाते थे, उसे अब बढ़ाकर 37,000 महीना कर दिया गया है। इसी तरह से सीनियर रिसर्च फेलोशिप यानी सर्फ जो कि पहले 35,000 रुपए थी उसे बढ़ाकर 42,000 कर दिया गया है।यूजीसी का कहना है कि रिसर्च एसोसिएट की फेलोशिप की राशि 47,000 प्रति माह से बढ़ाकर 58,000 कर दी गई है। जबकि, रिसर्च एसोसिएट ग्रेड 2 की फेलोशिप 49,000 से बढ़ाकर 61,000 कर दी गई है। इसी तरह रिसर्च एसोसिएट लेवल 3 की फेलोशिप, मासिक 54,000 से बढ़कर 67,000 रुपए कर दी गई है।

### जेपी नड्डा करेंगे आपणो राजस्थान, सुझाव आपका संकल्प हमारा अभियान का शुभारंभ



**नई दिल्ली** । राजस्थान में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी का घोषणा पत्र ( संकल्प पत्र ) तैयार करने के लिए भाजपा ने राजस्थान की जनता से ही सुझाव मांगने का फैसला किया है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आपणो राजस्थान 'सुझाव आपका, संकल्प हमारा' अभियान का शुभारंभ करेंगे।दरअसल, राज्य में होने विधान सभा चुनाव को लेकर भाजपा अपना घोषणा पत्र तैयार करने के मिशन में लगी हुई है जिसे पार्टी घोषणा पत्र के बजाय संकल्प पत्र कहती है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में राजस्थान की जनता के सुझाव को भी शामिल करने का फैसला किया है।इसी के तहत नड्डा बुधवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम से इस अभियान का शुभारंभ करने जा रहे हैं। नड्डा 51 रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे जो प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में जाकर राज्य की सभी 200 विधान सभाओं से जनता के सुझाव को एकत्र करने का काम करेगी।हर रथ पर एक संयोजक और सह संयोजक होगा। हर रथ में एक आकांक्षा पेटी रखी होगी, जिसमें कोई भी व्यक्ति अपने सुझाव डाल सकता है।

### बेंगलुरु में 15 स्थानों पर आयकर विभाग की छापेमारी

**बेंगलुरु** । आयकर विभाग (आईटी) ने बुधवार सुबह बेंगलुरु में 15 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। अधिकारी कुछ उद्योगपतियों के आवासों और कॉर्पोरेट कार्यालयों में दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं।सूत्रों ने बताया कि छापेमारी कुछ उद्योगपतियों और सोने के व्यापारियों द्वारा कर चोरी की पृष्ठभूमि में की गई है। मंगलवार रात चेन्नई और मुंबई कार्यालय से अधिकारी यहां पहुंचे।छापेमारी विजयनगर, हुलीमावु, सदाशिवनगर और सांकी टैंक इलाकों में की गई। सूत्रों ने यह भी बताया कि छापेमारी एक महिला दंत चिकित्सक के आवास पर भी की जा रही है।

### दो मोटरसाइकिल की जबरदस्त आमने-सामने टक्कर में चार लोग घायल हो गए

**अलीम हाशमी**



सकलडीहा चंदौली क्षेत्र के नसीरपुर पट्टन गांव के समीप आमने-सामने दो मोटरसाइकिल की जबरदस्त टक्कर में चार लोग घायल हो गए घायल अवस्था में सभी को सरैसर स्थित एक निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां एक की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के धरहरा गांव निवासी शमशेर चौहान 42 वर्ष अपने 8 वर्षीय पुत्र सत्यम के साथ मुगलसराय से अपने घर वापस जा रहा था इसी दौरान बिपरित दिशा से आ रहे मुगलसराय निवासी मोटरसाइकिल सवार पिंटू 22 वर्ष व रोहित 20 वर्ष जैसे ही नसीरपुर पट्टन गांव के समीप पहुंचे कि दोनों की जबरदस्त आमने-सामने टक्कर हो गई इसमें चारों घायल हो गए इसमें शमशेर की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस घायलों के राहत में जुट गई

**चुनाव** भाजपा का जबलपुर में तो कांग्रेस का धार जिले के मोहनखेड़ा में चुनावी सभा

## मिशन 2023...आचार संहिता से पहले मप्र में आज चुनावी शंखनाद...



**भोपाल/जबलपुर/इंदौर**। मप्र विधानसभा चुनाव 2023 के लिए बुधवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। प्रदेश में कुल 5 करोड़ 61 लाख 36 हजार 229 वोटर हैं। ये प्रदेश की नई सरकार चुनेंगे। अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ की आचार संहिता का काउंटडाउन शुरू हो गया है। संभवतः इसी सप्ताह चुनाव की तारीखों की घोषणा हो जाएगी और आचार संहिता लग जाएगी। आचार संहिता लगने से पहले गुरूवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जबलपुर में तो कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी धार जिले के मोहनखेड़ा से चुनावी शंखनाद करेंगी।

**आज जबलपुर में पीएम का चुनावी उद्घोष** - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुरूवार को ही जबलपुर दौरा है। पीएम मोदीजबलपुर में रानी दुर्गावती स्मारक और लोक का भूमि पूजन, जबलपुर संभाग की जल जीवन मिशन की परियोजनाओं का भूमि पूजन और लोकार्पण करेंगे। उसके बाद चुनाव तारीख की घोषणा हो सकती है। तारीख का ऐलान होते ही आचार संहिता लग जाएगी। अगर प्रधानमंत्री के करीब पांच माह की चुनावी सक्रियता को देखा जाए तो यह तस्वीर दिखती है की पीएम के राडार पर मप्र रहा है। अभी तक उन्होंने प्रदेश में 9 दौरे किए हैं। दसवां दौरा जबलपुर में होने वाला है। मप्र सहित राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा के चुनाव होने हैं पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता में मध्य प्रदेश है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अप्रैल से अब तक प्रधानमंत्री की आठ जनसभाएं प्रदेश के अलग-अलग जिलों में हो चुकी हैं। किसी अन्य राज्य में उन्होंने इतनी सभाएं नहीं की हैं। नौवीं जनसभा जबलपुर में पांच अक्टूबर को प्रस्तावित है। नरेंद्र मोदी, मध्य प्रदेश का सबसे ज्यादा दौरा करने वाले प्रधानमंत्री साबित हुए हैं। चुनावी साल में वह आठ बार आ चुके हैं। अब 5 अक्टूबर को जबलपुर पहुंचेंगे, जहां वीरांगना रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती समारोह में शिरकत करेंगे। उनके आगमन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी बीते दस साल में के कार्यकाल में 34 बार एमपी आ चुके हैं। जबलपुर का दौरा कई मायनों में बेहद अहम माना जा रहा हैं। शहडोल प्रवास के दौरान उन्होंने रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाने का ऐलान किया था। इसके साथ ही मप्र विधानसभा चुनाव के मोड पर हैं। गोंड आदिवासियों के प्रेरणा स्त्रोत क्रांतिकारी, अमर शहीदों को याद कर भाजपा अपने वादे भी पूरी कर रही हैं। इस बहाने दिग्गज आदिवासी वोट बैंक को पार्टी के पक्ष में साधने की जुगत में ताकत झोंक रहे हैं। 5 अक्टूबर को पीएम मोदी जबलपुर की कैंट विधानसभा में स्थित सेना के गैरिसन ग्राउंड में एक विशाल आमसभा करेंगे। इसके साथ पश्चिम विधानसभा में स्थित मदन महल की पहाडियों पर 100 करोड़ रुपयों की लागत से बनने वाले रानी दुर्गावती स्मारक निर्माण का शिलान्यास करेंगे।

### जातीय गणना में EBC को खंडित करने की कोशिश : रवि शंकर प्रसाद

**पटना**। राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने बिहार की जातीय गणना रिपोर्ट पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि सर्वे में खानापूर्ति की गई है। बिना लोगों के घर आए उनके परिवार की संख्या लिख दी गई है। रवि शंकर प्रसाद ने आरोप लगाया है कि क्या इस सर्वे के माध्यम से लालू-नीतीश विरोधी जातियों की संख्या को कम करने की कोशिश थी? अति पिछड़ों की संख्या को कम करने की कोशिश थी? उन्होंने कहा कि इस सर्वे में अति पिछड़ों की संख्या को खंडित और कम करने की कोशिश की गई है। उन्होंने नीतीश सरकार से डेटा पब्लिश करने की मांग की है कि कितने परिवार के मुखिया से मिला गया है और उन्होंने इस पर अपना हस्ताक्षर किया है। जबकि इस सर्वे फॉर्म में इस बात का प्रावधान था। 'मैं पटना का सांसद हूं और मेरे परिवार का ही सर्वे गलत तरीके से हुआ है'- रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि मैं पटना का सांसद हूं। पूर्व केंद्रीय मंत्री रहा हूं। लेकिन मेरा ही सर्वे सही से नहीं हुआ है। सर्वे के फॉर्मेट में परिवार के मुखिया का हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान लेना है ।

## ख़ास ख़बर

### कैलाशपति मिश्र की 100वीं जयंती को जन्मशताब्दी वर्ष के रूप में मनाएगी भाजपा : रंजीत यादव



**अररिया।** स्व. कैलाशपति मिश्र भाजपा के केवल कार्यकर्ता नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं, वे पार्टी के रीढ़ थे। उन्हें भाजपा के दधिचि और भीष्म पितामह के नाम से जाना जाता है। यह बात बुधवार को अपने फर्म हाऊस आश्रम चौक अररिया स्थित जनसंपर्क कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा के कद्दावर युवा नेता रंजीत यादव ने कही। श्री यादव ने बताया कि भाजपा के संस्थापक सदस्य और बिहार भाजपा के भीष्म पितामह माने जाने वाले स्व. मिश्र की 100 वीं जयंती समारोह को बिहार भाजपा जन्मशताब्दी वर्षगांठ के रूप में मनाएगी। इसके तहत लगातार एक महीने तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि कार्यक्रमों की शुरुआत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा पटना में स्व. मिश्र जी की जन्म जयंती के मौके पर पांच अक्तूबर को होगी। पटना के बापू सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी शक्ति केंद्र प्रमुख, मंडल अध्यक्ष और कमेटी सदस्य तथा प्रदेश के अधिकारी हिस्सा लेंगे। सभी जिलों में समारोह आयोजित कर जनसंघ और भाजपा के पुराने साथियों को सम्मानित किया जाएगा। मोदी सरकार स्व. मिश्र के विचारधारा को लेकर चलने का काम कर रही है।उन्होंने पांच अक्टूबर को बापू सभागार में होने वाले विशेष कार्यक्रम को लेकर अररिया लोकसभा क्षेत्र के अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को भाग लेने की अपील भी की । इस दौरान भाजपा नेता ई.बबलू यादव, बाबू राम झा सहित कई अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

### जितिया पर्व में मछली और मरुआ का है खास महत्व- पंडित चंद्रशेखर झा



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** जितिया मिथिलांचल का बेहद ही खास पर्व होता है. क्योंकि इस पर्व को स्त्री अपने पुत्र की लंबी आयु और अपने सुहाग के रक्षा के लिए करती है.बता दे कि यही एक ऐसा पर्व है जिसमें मछली खाकर पूजा की जाती है. आमतौर पर सनातन धर्म में लोग पर्व से कुछ दिन पूर्व मांसाहार खाने को त्याग देते हैं. यहां तक की कई सारे लोग लहसुन प्याज तक खाना छोड़ देते हैं. लेकिन जितिया पर्व में मान्यता है की मछली और मारुआ के रोटी खाकर इस पर्व की शुरुआत की जाती है. इसपर विशेष जानकारी जयनगर के पंडित चंद्रशेखर झा ने दी बताया कि जितिया जिसको जीमूतवाहन व्रत भी कहा जाता है. सनातन में यही एक ऐसा व्रत है जिसमें मछली और मरुआ की रोटी को खाई जाती है. व्रत से एक दिन पूर्व और रात के अंतिम भाग में अर्थात सप्तमी में उठगन किया जाता है. जितिया व्रत पूरा अष्टमी का जो मांग होता है उसके आधारित यह व्रत निर्धारित किया गया है. इसे महालक्ष्मी व्रत भी कहा जाता है. इसमें पारण का जो विधान है उसमें खीर और अंकुरी से किया जाता है. इस सब को जितिया को प्रसाद देकर इसका प्रसाद ग्रहण कर अन्य चीज खाई जाती है. यह व्रत स्त्री अपनी संतान की आयु वृद्धि के लिए करती है ये व्रत शुक्रवार को मनाया जाएगा।मिथिला में लगभग हर पर्व को किसी ने किसी फसल से जोड़कर मनाया जाता है.इसी वजह से अभी मरुआ का सीजन है तो जितिया में इस से बनी रोटी सेवन का किया जाता है. इसमें पौष्टिक आहार भी पाया जाता है , साथ में मिथिला में मछली के बिना यह पर्व अधूरा माना जाता है, इसलिए इसका भी विशेष महत्व है।

### दयालु भगवन! इस बार तो मुझे महामहिम राज्यपाल कोटा से एमएलसी बनाइए



**नरपतगंज ।** सीमांचल एवं मिथिलांचल के जद यू के वरिष्ठ नेता व पार्टी में "बाबा" के नाम से चर्चित अति पिछड़ा जिला अररिया के खांटी नेता नागेश्वर प्रसाद कामत अपनी दर्द भरी दास्तां खत के माध्यम से भेजकर सूबे के यशश्वी मुख्यमंत्री नीतिश कुमार को याद दिलाते हुए कहा कि हे "दयालु भगवन" आपने जल जीवन हरियाली कार्यक्रम मे अररिया दौरा के क्रम मे वचन दिया था कि आप चिंता ना करें सरकार बनते हीं समय आने पर आपको विधान परिषद सदस्य बनाएंगे। मेरी अन्तिम ईच्छा का मान रखते हुए मुझे राज्यपाल कोटे से एम एल सी बनाने की कृपा करें। एक समर्पित कार्यकर्ता को एम एल सी बनाने से कार्यकर्ताओं के बीच अच्छा मैसेज भी जायेगा। बता दें कि अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड के ग्राम पोस्ट पिठौरा निवासी नागेश्वर कामत वर्ष 1969 से हीं समाज सेवा मे लगे हुए है स्व0 कपुरी ठाकुर जी के उन्होनें सामाजिक न्याय के लिए कार्य किये हैं एक बार सोशलिस्ट पार्टी से 1969 के मध्यावधि चुनाव भी नरपतगंज सीट से विधानसभा चुनाव भी लड़े । नीतीश कुमार जी के समता पाटी के क्रियाशील सदस्य पद पर रहते हुए उनके साथ रहा। जब वे जद यू बनाए तो वे पार्टी के राज्य परिषद सदस्य हैं।अति पिछड़ा के उत्थान के लिए नीतिश कुमार के कार्यो को ये जन जन तक पहुंचाने में लगे रहते हैं। सीमांचल और मिथिलांचल के समर्पित एवं विश्वासी नेता नागेश्वर कामत को यदि जदयू अपने कोटा से एम एल सी/ विधान परिषद से नोमिनेट कर बनाती है तो मिथिलांचल में एवं सीमांचल में कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा ।

# लायंस क्लब मधेपुरा फेमिना और रॉयल का किया गया इंस्टॉलेशन

## जरूरतमंदों की सेवा में लायंस क्लब निभाती है सक्रिय भूमिकाः बिनोद अग्रवाल



**मधेपुरा।** मधेपुरा के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए लायंस क्लब रॉयल और लायंस क्लब फेमिना का एक साथ इंस्टॉलेशन किया गया। शहर के जीवन सदन में आयोजित कार्यक्रम में लायंस क्लब रॉयल और फेमिना के सदस्यों को शपथ दिलाई गई और आगे की प्राथमिकता की जानकारी ली गई। कार्यक्रम में जिलापाल (डीजी) 322 ई लायन विनोद अग्रवाल, पूर्व डीजी अनुपम सिंघानिया, प्रकाश नंदा और उप जिला पाल गनावत मलिक, जोनल प्रेसिडेंट डॉ. दिलीप कुमार सिंह, गाइडिंग चेयरपर्सन चंद्रशेखर कुमार और इंद्रनील घोष ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत शॉल, पाग और बुके से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्पॉन्सर क्लब लायंस क्लब मुरलीगंज के अध्यक्ष डॉ रूपेश कुमार ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलापाल लायन विनोद अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब दुनिया की सबसे बड़ी संस्था है और यह जरूरतमंदों को सेवा उपलब्ध करवाती है। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह में सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को लायन का बैच और किट उपलब्ध करवाया जो लोगों की सेवा में उपयोग किया जा सके। उन्होंने जोनल चेयरपर्सन डॉ दिलीप कुमार सिंह को धन्यवाद दिया कि उन्होंने मात्र 3 महीने के अपने कार्यकाल में मधेपुरा में तीन नई क्लब की स्थापना की और एक रिकॉर्ड कायम किया। पूर्व अध्यक्ष लायन चंद्रशेखर कुमार ने स्वागत संबोधन करते हुए कहा कि लायंस क्लब मधेपुरा रॉयल और फेमिना ने गठन के साथ ही क्लब समाज सेवा में अपना मिशाल कायम किया है। पूर्व जिला पाल प्रकाश नंदा ने कहा कि लायंस क्लब इंटरनेशनल 200 से अधिक देशों में काम कर रही है इसका मकसद अधिक से अधिक समर्थवान लोगों को जोड़कर गरीब और निस्सहाय लोगों की सेवा करना है। पूर्व जिला पाल अनुपम सिंघानिया जो इंस्टॉलेशन पदाधिकारी भी थे उन्होंने सभी पदाधिकारी को अपने पद की शपथ दिलाई और उसके कर्तव्य का भी बोध करवाया। उप जिलापाल गनावत मलिक ने कहा कि क्लब में लोगों की शत प्रतिशत उपस्थिति से उम्मीद है कि यह क्लब लायंस क्लब के उद्देश्य के अनुरूप बेहतर कार्य को अंजाम देगा। इस अवसर पर फेमिना की अध्यक्ष अग्रणी घोष ने डीजी बिनोद अग्रवाल, पीडीजी अनुपम सिंघानिया, प्रकाश नंदा, उप जिला पाल गनावत मलिक, जोनल चेयरपर्सन डॉ. दिलीप कुमार सिंह, पूर्व चेयरपर्सन चंद्रशेखर कुमार, पूर्व सचिव इंद्रनील घोष सहित अन्य अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब फेमिना महिलाओं को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जबकि लायंस क्लब मधेपुरा रॉयल के अध्यक्ष किशोर कुमार ने कहा कि यह क्लब पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, हंगर प्रोजेक्ट, पीस पोस्टर सदस्यों की संख्या बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान इत्यादि पर काम करेगी। कार्यक्रम का संचालन मधेपुरा लायंस क्लब रॉयल के सचिव लायन रूपेश कुमार ने किया।उन्होंने कहा कि यह क्लब स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में भी काम करेगी और बहुत जल्द ही जरूरतमंद लोगों के बीच सिलाई मशीन वितरित किया जाएगा। फेमिना की सचिव डॉ. कुमारी अनिता ने सभी अतिथियों और सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध जनों में डॉ भूपेंद्र नारायण यादव मधेपुरी, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अशोक यादव, जूलॉजी के पूर्व पीजी हेड प्रो. अरुण कुमार, डॉ. बी राणा, डॉ सरोज सिंह, केपी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. जवाहर पासवान, डॉ विजय कुमार विमल, प्रसिद्ध खेल प्रशिक्षक संत कुमार, मधेपुरा टाइम्स के संपादक राकेश कुमार सिंह कोसी टाइम्स के संपादक प्रशांत कुमार, तुरबशु के साथ-साथ लायंस क्लब मधेपुरा रॉयल के प्रथम उपाध्यक्ष डॉ. असीम प्रकाश, द्वितीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष कुंदन कुमार, डॉ. पंकज कुमार, डॉ नीरज कुमार, अरुण कुमार, मनीष कुमार मिंटू, धर्मेंद्र भारद्वाज, अमितेश कुमार सोनू, लायन विकास कुमार, लायन अमोद कुमार, लायन प्रमोद कुमार, लायन निशांत कुमार, लायन शाहिद जमाल, लायन डॉ. राकेश रंजन, लायन रवि शर्मा, लायन रोशन कुमार, लाइन अभिषेक सोनू, लायन दिवाकर कुमार, लायन चेतन कुमार और अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दार्जिलिंग पब्लिक स्कूल का बैंड दल ने आगत अतिथियों का बैंड धुन से स्वागत किया और पूरे कार्यक्रम में उत्साह भरने का कार्य किया। लायंस क्लब फेमिना की डॉ. तंद्रा शरण, डॉ. पूनम, चंदा कुमारी, वंदना कुमारी, शिवानी अग्रवाल, शिवांगी गुप्ता, सारिका कुमारी, अरोटी घोष, संजन सिंह, पुष्पा झा, अलका भारती, दीपिका, रोमा प्रियदर्शनी, रूबी कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

# बीएनएमयू : स्नातक में द्वितीय सूची से नामांकन 5 से 10 अक्टूबर तक



**मधेपुरा।** बीएनएमयू में स्नातक प्रथम सेमेस्टर (जुलाई-दिसम्बर 2023), सत्र 2023-2024 में द्वितीय सूची के आधार पर नामांकन 5 से 10 अक्टूबर तक निर्धारित किया गया है। साथ ही सभी नामांकित विद्यार्थियों का 11 अक्टूबर तक यूएमआईएस पोर्टल पर कन्फर्मेशन करने हेतु प्रधानाचार्यों को निदेशित किया गया है।

**2 नवंबर से होगी सीआईए परीक्षाः** उप कुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने नामांकन, परीक्षा एवं परीक्षा फल प्रकाशन के कार्यों में गति लाने का निदेश दिया है। कुलपति के निदेशानुसार उन्होंने बताया कि प्रथम मेधा सूची के आधार पर नामांकित सभी विद्यार्थियों का कक्षारंभ 29 सितंबर से हो चुका है। आगे 15 अक्टूबर तक नामांकन प्रक्रिया पूरी करनी है और 2-6 नवंबर तक सतत आंतरिक मूल्यांकन (सीआईए) परीक्षा आयोजित करना है। उन्होंने बताया कि सीबीसीएस के अंतर्गत सीआईए तीस अंकों का होना है। इसमें पंद्रह अंक टेस्ट, दस अंक असाइनमेंट/ सेमिनार/क्विज प्रेजेंटेशन और पांच अंक उपस्थिति पर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कुलपति ने प्रधानाचार्यों को निदेशित किया है कि वर्ग-तालिका के अनुरूप सभी विषयों की कक्षाएँ अनिवार्यतः निर्धारित तिथि से शुरू करा दी जाएँ। इसके साथ ही कक्षाओं में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएँ तथा परीक्षा फार्म अग्रसारण के पूर्व विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कर ली जाएँ। उन्होंने बताया कि कुलपति ने सभी पदाधिकारियों, संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों को सीबीसीएस पाठ्यक्रम की समुचित जानकारी प्राप्त करने का निदेश दिया है। सीबीसीएस के क्रियान्वयन को लेकर कुलपति की अध्यक्षता में पिछले 12 दिनों में सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों की दो बैठकें हो चुकी हैं। कुलपति ने सभी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं सीबीसीएस पाठ्यक्रम को केंद्र में रखकर कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन करने का निदेश दिया है।

**विद्यार्थियों के लिए फायदेमंद है सीबीसीएसः** उन्होंने बताया कि सीबीसीएस कोर्स करने से विद्यार्थियों को कई फायदा होगा। विद्यार्थी अपनी पसंद से जो भी विषय पढ़ना चाहें, उसका चयन कर सकते हैं।कुलपति ने सभी प्रधानाचार्यों को निदेशित किया है कि विद्यार्थियों के पंजीयन के समय सही से विषय भरना सुनिश्चित करा लें। सभी प्रधानाचार्यों को मेजर, माइनर और स्कील इन्हान्समेंट कोर्स एवं वेल्यू एडेड कोर्स की सूची उपलब्ध करा दी गई है।

**सीबीसीएस में है क्रेडिट सिस्टमः** उन्होंने बताया कि सीबीसीएस के अंतर्गत चार वर्षीय कोर्स 8 सेमेस्टर का है और इसके लिए 160 क्रेडिट तय किया गया है। प्रत्येक सेमेस्टर 20 क्रेडिट का होगा। छात्रों को अंतिम वर्ष के सातवें सेमेस्टर में पहुंचने तक 7.5 सीजीपीए प्राप्त करना होगा। उन्होंने बताया कि सीबीसीएस सिस्टम में विद्यार्थियों को प्रत्येक छः माह पर मुख्य परीक्षा देनी होगी। एक वर्ष की पढ़ाई पूरी करने के बाद सर्टिफिकेट और दो वर्ष बाद डिप्लोमा और तीन वर्षीय कोर्स करने के बाद डिग्री मिल जाएगी। चौथे वर्ष में पढ़ना अनिवार्य नहीं है। तीन वर्षीय स्नातक करने वालों के लिए पीजी दो वर्ष का होगा। चार वर्षीय कोर्स करने वालों के लिए पीजी एक वर्ष का ही होगा और उन्हें रिसर्च का भी मौका मिलेगा।

### अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जयनगर प्रखंड अध्यक्ष पद पर महानारायण राय मनोनीत, कार्यकताओं ने दी बधाई



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)।** जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष महानारायण राय ने देवधा थाना क्षेत्र के धमियापट्टी गांव निवासी राम उदगार कामत को अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जयनगर प्रखंड अध्यक्ष पद पर मनोनीत किए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।राम उदगार कामत ने कहा कि पार्टी ने हम पर भरोसा करके बडी जिम्मेदारी सौंपी है। ईमानदारी पूर्वक अपने जिम्मेदारी का निर्वाहन करने का प्रयास करुंगा।बधाई देने वालों में बिहार प्रदेश युवा जदयू के महासचिव प्रदेश संतोष साह,सांसद प्रतिनिधि राम बाबू कामत, मुख्य पार्षद कैलाश पासवान,जदयू जिला अध्यक्ष सतेंद्र कामत,युवा जिला अध्यक्ष हीरा मांझी,प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार सिंह, अनिल सिंह,रामनाथ पासवान,राम शोभित कामत, मो. मुमताज, शौकत अली खान, काजल कुमारी, बबलू राउत,संतोष राय,समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं।

### लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश का चुनावी गणित भाजपा के लिए नई चुनौतीः राजा बाबू



**अररिया।** देश एक बार फिर एक नए मोड़ पर आकर खड़ा हो गया है, जिस तरह बिहार में जातीय जनगणना कराई गई और उसके आंकड़े जारी किए गए हैं, तो लगता है कि फिर से जातियों की राजनीति पार्टियों के लिए नया हथियार बनेगी। उक्त बातें अररिया विधान सभा सीट से प्रत्याशी रहे युवा नेता राजा बाबू ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। राजा बाबू ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे हो गए हैं और सरकार अमृतकाल की बात कह रही है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार दोहरा रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या देश फिर विकास की पटरी से उतरकर जाति की ट्रेन पर चढ़ने को तैयार है। दरअसल, वर्ष 2014 और 2019 में नरेंद्र मोदी की बहुमत वाली चुनावी सफलता ने विपक्षी दलों में वर्ष 2024 से पहले एक बार फिर बेचैनी पैदा की है कि नरेंद्र मोदी पुनः वर्ष 2024 में विजय रथ पर सवार होकर तीसरे कार्यकाल में आ सकते हैं। पिछले साढ़े नौ साल से विपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अलग-अलग मुद्दों पर घेरने की असफल कोशिश करता रहा है, लेकिन जातीय जनगणना का नया हथियार पिछले दिनों बिहार से नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव ने मिलकर निकाला। कांग्रेस पार्टी भी इस मुद्दे पर मुखर है। कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी बार-बार इस बात को दोहरा रहे हैं कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी, लेकिन सवाल यह उठता है कि जब दुनिया सभी तरह के भेदभावों को दूर करने की पुरजोर वकालत कर रही है और उसे दिशा में आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है तो क्या जाति के आधार पर हिस्सेदारी देने से देश का भला हो पाएगा? क्या मोदी सरकार के लिए संकट है जातीय जनगणना ? वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण की सीमा पर 50 प्रतिशत की कैपिंग लगा रखी है। फिर भी अपने पिछले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी सरकार ने आर्थिक आधार पर जनरल कैटेगिरी को 10 प्रतिशत का ईडब्ल्यूएस आरक्षण दिया। देखा जाए तो आरक्षण 50 से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गया है और अनारक्षित श्रेणी मात्र 40 प्रतिशत रह गई। तमिलनाडु जैसे राज्य तो 65 प्रतिशत से ऊपर आरक्षण दे रहे हैं। बिहार से निकले जातीय जनगणना के आंकड़े मोदी चुनाव हार गए। कांग्रेस नेता राहुल सरकार के लिए निश्चित रूप से संकट में डालने वाले हैं, क्योंकि बिहार से चली जातीय जनगणना की ट्रेन अब सभी राज्यों में घूमने वाली हैं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले इसके कई स्टॉपेज आपको देखने को मिल जाएंगे। यह भी संभव है कि ओबीसी जातियां फिर से मंडल कमीशन वाली राह पर लौटें और आरक्षण की सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर देश एक बड़े आंदोलन की तरफ बढ़ जाए। फिर वही सवाल, विकास का क्या होगा दरअसल, राजनीति ही देश की कुछ ऐसी है कि जातियों को देखकर टिकट निर्धारित होते हैं। नेता बनते हैं, वरना क्या कारण था कि मेट्रो मेन ई. श्रीधरन केरल में गांधी ने पिछले दिनों संसद में भारत सरकार में सचिव भी जातियों के आधार पर बांट दिए। क्या नहीं उठने चाहिए ये सवाल ? क्या देश को स्वयं से यह सवाल नहीं पूछना चाहिए कि जब हमारा तिरंगा चांद पर पहुंच गया तो जाति के आधार पर राजनीति से हटकर देश की मूल समस्याओं जैसे गरीब उन्मूलन, लैंगिक असमानता को दूर करना, शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाना, रोजगार के अवसर पैदा करना, नए आविष्कार करना, जल संकट दूर करना जैसे मुद्दों पर केंद्रित नहीं होना चाहिए। क्या आरक्षण को लेकर एक समीक्षा यह नहीं होनी चाहिए कि कौन सी ऐसी जातियां हैं, जो आरक्षण के दायरे में आती हैं, लेकिन उन्हें आज भी इसका लाभ नहीं मिला है। कुछ खास जातियों को ही आरक्षण का लगातार लाभ मिल रहा है या जिन परिवारों ने एक बार आरक्षण का लाभ ले लिया, वही लगातार आरक्षण के लाभ को लेते आ रहे हैं। जातीय जनगणना के साथ आरक्षण का लाभ ले चुके परिवारों और नहीं लाभ लेने वाले परिवारों की जानकारी भी दी जानी चाहिए। साथ ही, आर्थिक आधार पर भी जातियों की गणना होनी चाहिए। क्रीमीलेयर को सख्ती से निर्धारित किया जाना चाहिए। आज ऐसे बहुत से उदाहरण देखने को मिल जाएंगे, जहाँ परिवार बहुत संपन्न है, लेकिन वह आरक्षण का लाभ जाति के नाम पर ले रहा है। जाति के आधार पर नए सिरे से आरक्षण की मांग तो उठेगी, लेकिन उसमें उन आरक्षित परिवारों पर ज्यादा फोकस करने की जरूरत है, जिनका उद्धार अभी तक आरक्षण से नहीं हुआ है। आरक्षण की कितनी सीमा रखी जाए, इस पर भी सभी राजनीतिक दलों को बैठकर सोचने की जरूरत है।

**सम्मान** पंद्रह सोसाइटी के कॉलेबोरेशन से अयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस काठमांडू में मिलेगा यह सम्मान

# बीएनएमयू जंतु विज्ञान के गेस्ट असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ब्रजेश को मिलेगा युवा वैज्ञानिक सम्मान



**मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** नेपाल एक्वाकल्चर सोसाइटी के द्वारा 6 एवं 7 को आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस जिसमें चार देश नेपाल, बांग्लादेश, थाईलैंड और भारत सहित पंद्रह सोसाइटी का कॉलेबोरेशन है काठमांडू के कार्यक्रम में यह सम्मान मिलेगा। नेपाल की राजधानी काठमांडू में 6 एवं 7 अक्टूबर को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में बी एन एम यू लालू नगर मधेपुरा के अंगीभूत ईकाई टी पी कॉलेज मधेपुरा के जंतु विज्ञान विभाग के अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह को शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए युवा वैज्ञानिक के सम्मान से सम्मानित किया जाना सुनिश्चित हुआ है. उक्त आशय की जानकारी देते हुवे कॉन्फ्रेस के निर्देशक सह नेपाल एक्वाकल्चर सोसाइटी के प्रेसिडेंट प्रो. डा. श्याम नारायण लाभ नें एक पत्र जारी करते हुए कहा है कि इस अंतराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के लिए नेपाल, बांग्लादेश, थाईलैंड और भारत सहित 15 संस्थानों के सेलेक्शन कमिटी के द्वारा डॉ ब्रजेश कुमार सिंह को युवा वैज्ञानिक सम्मान के लिए नामित किया गया है ।ज्ञात हो कि डॉ. ब्रजेश सिंह सिंहेश्वर नगर पंचायत के वार्ड 4 के निवासी हैं और डॉ राधा रमन सिंह और श्रीमती रेखा देवी के पुत्र हैं और इन्होने अभी तक दो दर्जन सेमिनार में शिरकत कर चुके हैं साथ ही इनका दो दर्जन रिसर्च पेपर कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्र भी प्रकाशित हैं. साथ ही दो शोध पत्रिकाओं में संपादक मण्डल भी रहे हैं और इन्हें पूर्व में भी इंटरनेशनल साइंस एंड रिसर्च अकादमी सहित कई संस्था द्वारा युवा वैज्ञानिक सम्मान से सम्मानित किया जा चूका है। कलाज़ार रोग पर इनका शोध यू जी सी के शोध गंगा वेबसाइट पर भी प्रकाशित है।उनकी इस उपलब्धि को लेकर ए बी वी पी के डॉ रंजन यादव, डॉ दिलीप कुमार दिल, छात्र राजद के डॉ माधव कुमार, शोधार्थी आनंद कुमार भूषण, निरंजन कुमार निराला,डॉ चन्दन चाँद,मनीषा कुमारी, स्वीटी कुमारी, डॉ अनुजा कुमारी, डॉ सुनीता कुमारी आदि सहित दर्जनों शिक्षाविदों नें बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

**बीएनएमयू से दर्जनों शिक्षाविद भी करेंगे काठमांडू के अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शिरकतः** अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में बी एन एम यू के दर्जनों प्रोफेसर और शोधार्थी भी भाग लेकर अपने अपने शोध संबधित शोध पत्रों की प्रस्तुति जिसमे मुख्य रूप से प्रो. डॉ.नरेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ.पंचानंद मिश्रा, डॉ.भुवन भास्कर मिश्रा, डॉ. अनुजा कुमारी, डॉ सुनीता कुमारी, जंतु विज्ञान के शोधार्थी आनंद कुमार भूषण,डॉ राखी भारती, डॉ रविन्द्र श्रीवास्तव, डॉ नवोदिता कुमारी,स्नेहा कुमारी, निशा कुमारी, पूजा कुमारी, डिम्पल भारती आदि भी शामिल रहेंगे ।

# बालक वर्ग में किशनगंज के मो. अमानुल्लाह एवं बालिका वर्ग में पूर्णियां कॉलेज पूर्णियां की श्वेता बनी चैंपियन



**पूर्णियां ।** पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया के एअर कंडीशन इंडोर हॉल में अंडर 16 बालक एवं बालिका वर्ग का चल रहे शतरंज प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला खेला गया। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि शतरंज प्रतियोगिता के अंडर 11 एवं अंडर 16 आयु वर्ग के बाद कल दिनांक 05-06 अक्टूबर को शतरंज के ओपन टू ऑल प्रतियोगिता खेली जाएगी। अब तक शतरंज प्रतियोगिता में 263 खिलाड़ियों ने भाग लिया है। टेबल टेनिस प्रतियोगिता दिनांक 07 -08 अक्टूबर को पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया के एअर कंडीशन इंडोर हॉल में सुबह 8ः 00 बजे से खेला जाएगा। प्रतियोगिता हेतु विद्यालयों को सूचना भेज दी गई है। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर " ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना किया। शतरंज प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग में अंडर -16 सात चक्र की समाप्ति के बाद बालक वर्ग में किशनगंज के मोहम्मद अमानुल्लाह 7 राउंड में 6.5 सर्वाधिक अंक अर्जित करके बालक वर्ग में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया वहीं बालिका वर्ग में पूर्णिया कालेज पूणिया की श्वेता कुमारी 7 राउंड में 6 सर्वाधिक अंक के साथ बालिका वर्ग में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त की प्रतियोगिता का सबसे रोमांचक मुकाबला अक्षत कुमार सेंट पीटर्स स्कूल इंग्लिश मीडियम पूर्णिया और खगड़िया जिला के अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी माधव कुमार यशवंत को ड्रॉ करने पर बाध्य किया ।मुख्य निर्णायक की भूमिका अतंराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी निरोज खान किशनगंज एवं शतरंज क्लब के सचिव सह शतरंज प्रशिक्षक अमृत साजन निभा रहे हैं । इस अवसर पर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर", हरिओम झा, जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी, राजीव कुमार, बब्लू चौधरी, रितेश कुमार झा, पवन कुमार, चन्दन कुमार, ललित कुमार, रवि कुमार के साथ - साथ अभिभावक गण व खेल प्रेमी मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

### एस एस बी सीमा चौकी शैलेशपुर ने दो व्यक्तियों को अवैध रूप से 6 लाख भारतीय मुद्रा ले जाते हुए, किया गिरफ्तार



**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, बीरपुर, सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र के एस .एस .बी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी शैलेशपुर के ड्यूटी दल द्वारा 02 व्यक्तियों को अवैध रूप से 6 लाख भारतीय मुद्रा ले जाते हुए गिरफ्तार किया । जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट, श्री रुपेश शर्मा , उप कमांडेंट ने बताया कि सीमा स्तम्भ 206/1 के पास के क्षेत्र से भारत से नेपाल की तरफ जाने का पारंपरिक मार्ग हैं तथा वहां से आने - जाने वालो की दैनिक ड्यूटी पर तैनात एस. एस. बी. बल कर्मियों द्वारा पूछताछ एवं चेकिंग की जाती हैं | इसी क्रम में दिनाक 02/10/2023 को स.उप.नि. सतबीर सिंह के नेत्रत्व में तैनात बल कर्मियों ने अपनी दैनिक ड्यूटी के दौरान दो व्यक्तियो को अवैध रूप से भारतीय मुद्रा ले जाते हुए उनको दैनिक चेकिंग के दौरान पकड़ लिया | पकडे गए मुद्रा नोट में 1.) 500 के X 1128 नोट कुल=5,64,000/- 2.) 200 के X 33 नोट कुल = 6600/- 3.) 100 के X 283 नोट कुल =28300/- 4.) 50 के X 22 नोट कुल =1100/- कुल मुद्रा = 6 लाख रूपये , पकडे गए व्यक्ति की पहचान 1.) अशोक साहा उम्र – 46 वर्ष पुत्र बनारसी साहा 2.) सूरज साहा उम्र -22 वर्ष पुत्र अशोक साहा पता ग्राम –दमक , थाना – दमक जिला –झापा ( नेपाल) के रूप में की गयी। उचित कागज़ी करवाई के उपरान्त पकड़ी गयी मुद्रा एवं दोनों व्यक्तियों को सीमा शुल्क विभाग भीमनगर को सुपुर्द किया गया ।

### पति ने दो बच्चे की माँ को निकाला घर से, परा आबेदन





**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले में किशनपुर थाना क्षेत्र के नौआबाखर पंचायत के वार्ड 15 में दो बच्चे की मां को पति के द्वारा घर से निकाल देने का मामला प्रकाश में आया है। थाना में दिए आवेदन के आलोक में सुलेखा देवी ने अपने ही पति भीम मेहता नौआबाखर निवासी पर आरोप लगाते हुए कहा है की मेरा शादी लगभग पांच वर्ष पहले हिंदू रितिरिवाज से हुआ था। सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था। दो वर्ष पहले मेरा पति दूसरा शादी कर लिया जिससे मुझे कोई ऐतराज नहीं था मुझे भी रुपया पैसा देता था। जिससे मेरा परवरिस चल रहा था लेकिन अब खर्च तो देना दूर कभी अपने घर भी नही आता है। दूसरे पत्नी को लेकर अन्यत्र रह रहा है। जबकि मुझे एक लड़का और एक लड़की भी है जिसका परवरिश करना भी संभव नहीं है। ग्रामीणों के सहयोग से मुझे सास ससुर के पास रखवाया गया लेकिन सास ससुर भी अब रखने से इंकार कर रहा हूं। अब ऐसा समय आ गया है की मेरा सहारा देने वाला कोई नहीं है। इस बाबत किशनपुर थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया की आवेदन प्राप्त हुआ है जांचो उपरांत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मुसलमानों की आबादी के हिसाब से उन्हें सरकार में हिस्सेदारी नहीं होना दुःखद!



**अररिया।** सीमांचल डेवलपमेंट फ्रंट के महासचिव शाहजहां शाद ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा की जातीय जनगणना रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि पिछड़े, दलित व मुसलमानों को उनके हक़ के हिसाब से राजनैतिक हिस्सेदारी नहीं मिल पा रही है,बिहार में लगभग 18% मुस्लमानों की आबादी में पांच मंत्री वहीँ 14% यादव की जनसंख्या में 13 मंत्रालय तेजस्वी यादव ने रखा है वही 15% स्वर्णो में 6 मिनिस्टर का होना इस बात का प्रमाण है की नीतीश कुमार का नारा " जिसकी जितनी आबादी सत्ता में उसकी उतनी हिस्सेदारी"का नारा महज जूमला है, अगर नीतीश कुमार की कथनी और करनी में फर्क नहीं है तो फ़ौरन एक दलित डिप्टी सीएम व बिहार के सबसे पिछड़े इलाके सीमांचल से एक मुस्लिम डिप्टी सीएम बनायें,और आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में आबादी के हिसाब से मुसलमान और दलितों को प्रतिनिधित्व करने का मौका दें, सीमांचल डेवलपमेंट फ्रंट के महासचिव ने कहा कि माय समीकरण में मुस्लिम की आबादी यादवों से ज्यादा है तो उनकी भागीदारी भी अधिक होनी चाहिए वरना मुस्लिम अब बंधुआ नहीं रहे है वो राजनैतिक रास्ता बनाना सीख चुके है पिछले विधानसभा चुनाव में इस बात की चेतवानी मुस्लिम वोटरों ने खुले तौर दे दी थी।

# डीएम-पुलिस अधीक्षक ने जनसंवाद कार्यक्रम को किया संबोधित







**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल।** जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र के दीनापट्टी पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन परिसर में बुधवार को डीएम कौशल कुमार के अध्यक्षता में लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वन समस्या का समाधान और सुझाव के लिए जन संवाद कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर एसपी शैशव यादव, डीडीसी मुकेश कुमार, अपर अनुमंडल पदाधिकारी डॉ अनंत कुमार मौजूद थे। डीएम कौशल कुमार राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जन संवाद कार्यक्रम में लोगों के शिकायत और सुझाव सामने आए हैं। दोनों ही स्थिति में लोगों को व्यवस्था समझाते हुए पूरा करने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा लोगो को लोक शिकायत निवारण अधिनियम के बारे में जानकारी की अभाव होने के कारण सरकारी योजनाओं की लाभ लेने में परेशानी होती है और बिचोलिए, दलाल के फेर में कार्यालयों का चक्कर लगाते हैं। इसलिए जरूरी है लोगों को जागरूक होना और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त करना। कहा कि पिपरा ब्लाक के लिए खुशी की बात है की यहा 6.5 करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल कॉलेज का निर्माण बरसात के बाद शुरू की जाएगी। कहा कि आने वाले एक वर्षों में नई रेल लाइन पर ट्रेन का परिचालन भी संभावित है। जन संवाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीएम आवास योजना, जल नल योजना, मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, राशन कार्ड, कल्याण, संखिकी, श्रम प्रवर्तन, छात्रवृति, आंगनबाड़ी, राजस्व विभाग व अन्य विभाग के पदाधिकारी अपने-अपने विभाग द्वारा पंचायतों में चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी शैशव यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जनता और पदाधिकारी सीधे एक-दूसरे से रुबरू हो रहे हैं ताकि समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित 4 ओपी को थाना में तब्दील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जल्द ही सभी ओपी थाना में तब्दील हो जाएगा आम लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए जिले में 12 गाड़ी इमरजेंसी के लिए डायल 112 जिले भर में लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए काम कर रही है खासकर सड़क दुघर्टना में यह बहुत ही उपयोगी साबित हुआ है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि सुपौल पुलिस नाम से फेसबुक पेज से जुड़ने के लिए कहा। इस मौके पर इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सिनेश कुमार सिंह, सीओ रविन्द्र कुमार चौपाल, पंचायती राज पदाधिकारी मनिकांत कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा प्रभात कुमार झा, बीपीएम कन्हैया कुमार सिंह, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी रितेश रंजन, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी शैलेश कुमार, पशु चिकित्सा पदाधिकारी कुमार बबलू, प्रमुख कंचन कुमारी,मुखिया अदिति रिश्वती, सरपंच रोहिणी कुमारी, पैक्स अध्यक्ष शीतल यादव, प्रमुख प्रतिनिधि निशांत कुमार नेहरू, पूर्व मुखिया कारी प्रसाद यादव,मुनींद्र कुमार,ललटू यादव, संतोष कुमार पासवान,आदर्श झा आदि मौजूद थे।

# विहिप और बजरंग दल ने निकाली शौर्य जागरण यात्रा



**सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर,सुपौल।** जिले के छातापुर प्रखंड क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने बुधवार को शौर्य जागरण यात्रा निकालकर विभिन्न जगहों का भ्रमण किया। इस रैली के दौरान पुलिस के द्वारा पुख्ता इंतेजाम किये गए थे। इसके लिए हर थाना के पुलिस बल समेत त्रिवेणीगंज एसडीपीओ विपीन कुमार, एएसडीएम प्रमोद कुमार समेत भीमपुर थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार, ललितग्राम ओपी प्रभारी अमित कुमार रैली के साथ सुरक्षा के दृष्टिकोण से साथ रहे। विहिप जिला मंत्री मुकेश यादव के नेतृत्व में जीवछपुर, भीमपुर से निकल कर क्षेत्र के प्रमुख मार्गों व चौराहा से होकर सिमराही, भपटियाही, सुपौल, पिपरा, त्रिवेणीगंज, जदिया होते हुए छातापुर में रैली संपन्न हुई। साथ ही इस रैली का मुख्य उद्देश्य विहिप के 60 वर्ष पूरे, बाबरी विध्वंस और राम मंदिर के उद्घाटन होने को लेकर शौर्य जागरण यात्रा निकाली जा रही है, जो यहां से शुरू होकर पटना समेत अन्य अलग अलग राज्यों में निकालकर अयोध्या पहुंचेगी। इसमें बताया गया कि यह यात्रा धर्म, समाज व राष्ट्र की विदेशी आक्रमणकारियों से रक्षा करने वाले, सैकड़ों वर्षों की दासता और अत्याचार से मां भारती को मुक्त करने वाले, भारत की गौरवशाली परंपरा की रक्षा करने वाले, वीर योद्धाओं एवं वीर क्रांतिकारी, मां भारती व उसकी सीमाओं की रक्षा करने वाले सेना के वीर जवानों के अमर प्रधान और शौर्य गाथा की यह शौर्य जागरण यात्रा है। यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के साथ उन सभी महापुरुषों के बारे में जन जागरण करना है। यात्रा में मुख्य रूप से जिला मंत्री मुकेश यादव, जिला सहमंत्री गुड्डु कुमार, जिला गोरक्षा प्रमुख बमबम कुमार, जिला सहसंयोजक आलोक कुमार मंडल, प्रखंड मंत्री फूल सोनी, जिला अध्यक्ष रमन सिंह, विनय, गोलू, राजा, रामकिशोर, बिरेन्द्र, अनिल, मनोज, शिशुपाल, दीपक समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जयनगर के आर्य कुमार पुस्तकालय का जीर्णोद्धार हेतु विधायक की अध्यक्षता बैठक आयोजित



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** जयनगर में आर्य कुमार पुस्तकालय के सभागार में पुस्तकालय कार्यकारिणी एवं आंतरिक समिति सदस्यों की बैठक खजौली विधानसभा के विधायक अरूण शंकर प्रसाद के अध्यक्षता में आयोजित किया गया।इस मौके पर विधायक अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि जयनगर शहर का मात्र एक यही स्थान पुस्तकालय परिसर है जो सर्व समाज के हित में कार्यरत हेतू बचा हुआ है।इस धरोहर को नये तरीके मास्टर प्लान के तहत जीर्णोद्धार एवं वर्तमान समय मे आज के डिजिटल युग को देखते हुये पुस्तकालय को साइबर के माध्यम से डिजिटल करने की जरूरत है, जिससे पाठकों एवं छात्र छात्राओं को पुस्तकालय में पठन पाठन हेतू ऑनलाइन पुस्तक अध्ययन करने में सहूलियत होगा। समाजसेवी साहित्य प्रेमी विमल मस्करा ने कहा कि पुस्तकालय जैसे ऐतिहासिक स्थानों पर ज्ञान की साधना करने वाला ही शांतचित्त ज्ञानी और समाज में महत्वपूर्ण पहचान बना पाता है। पुस्तकालय सचिव नारायण यादव ने कहा कि पुस्तकालय कक्ष में विद्वानों साहित्यकारों से मुलाकात व वार्तालाप होती है, जिससे पाठकों को सभी साहित्यकारों से कुछ सीखने का मौका मिलता है। नगर पंचायत जयनगर के चेयरमैन कैलाश पासवान ने कहा कि सभी साहित्य प्रेमी व जनप्रतिनिधियों को इस धरोहर को संजोकर रखने हेतू आगे आना होगा और उन्होंने विशेषकर छात्र छात्राओं से इस पुस्तकालय से जुड़कर पाठक बन ज्ञान की गंगा में गोता लगाने का आग्रह किया। और यथा संभव मदद करने की बात कही। समाजसेवी अनिल बैरोलिया ने कहा कि सत्यता व समर्पण की भाव से हमारे कर्म प्रबल होना चाहिए और मन में लक्ष्य प्राप्ति का दृढ़ संकल्प हो तो निश्चित ही पुस्तकालय का दशा दिशा बदलता नजर आयेगा।पुस्तकालय में नई ऊर्जा है, नई प्रेरणा है, नए संकल्प व जिर्णोद्धार को लेकर पुस्तकालय कार्यकारिणी सदस्यों ने स्थानीय विधायक अरूण शंकर प्रसाद से विकास मद सहयोग का आग्रह किया ,जिसमे भाजपा विधायक ने भवन निर्माण वास्ते राशि देने की घोषणा किया। बैठक में धर्मेन्द्र भारद्वाज उर्फ बौआ झा, रामवीर यादव, सचिदानंद उर्फ नीलू गुप्ता, शीतल राउत, अरूण जैन, सुमन शर्मा, राजेश गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता,राजू गुप्ता,सुमित राउत,सुभाष शर्मा, सुरेन्द्र प्रसाद,उद्धव कूंवर, मनिष जायसवाल, नारायण झा, जयचंद्र झा, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण महिलाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए, सिलाई का प्रशिक्षण समापन



**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर, सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र के एस.एस.बी. 45वी बटालियन बीरपुर ने सीमावर्ती क्षेत्र की ग्रामीण महिलाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भर एवं रोजगारपरक बनाने के लिए नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत दिए गए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण का सफल समापन किया। जानकारी देते हुए 45वी बटालियन एस.एस.बी. के कार्यवाहक कमांडेंट श्री रूपेश शर्मा , उप कमांडेंट ने बताया कि एस.एस.बी. अपने सीमा सुरक्षा बंधुत्व के मुद्दे को सफल बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित रही है और इसी क्रम में सीमावर्ती क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर तथा रोजगारपरक बनाने के लिए 25 सीमावर्ती महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 25 दिनों तक चलाया गया जिसमे उपस्थित आरक्षी दर्जी तैयुब खान द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । इस मौके पर श्री सैलेश कुमार सिंह उप-कमांडेंट, श्री विशाल राणा सहायक कमांडेंट भी मौजूद रहे । विदित हो कि 45वी बटालियन एस.एस.बी. के द्वारा इससे पूर्व में नागरिक कल्याण कार्यक्रम तथा मानव कौशल विकास कार्यक्रम के तहत समय- समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे है जिससे सीमावर्ती ग्रामीण एवं महिलाएं लाभान्वित होकर आत्मनिर्भर बन सके ।

### प्रतिबंधित नशीली औषधि के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार



**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर,सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र के एस. एस. बी. की सीमा चौकी कनौली ने विशेष नाका ड्यूटी के दौरान भारत- नेपाल अंतरराष्ट्रीय बार्डर पर "प्रतिबंधित नशीली औषधि के साथ 02 तस्कर को गिरफ्तार किया।वही जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट, श्री रुपेश शर्मा , उप कमांडेंट ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से आसूचना मिली थी कि सीमा स्तंभ संख्या 223 के क्षेत्र से भारत से नेपाल की तरफ प्रतिबंधित औषधियों की तस्करी होने वाली हैं । निरीक्षक अजय नाथानी के नेतृत्व में 04 अन्य कार्मिको का नाका दल चिन्हित स्थान के पास सतर्कता के साथ ड्यूटी करने लगे । कुछ समय उपरांत नाका दल ने देखा कि दो व्यक्ति भारत से नेपाल की तरफ जाने की कोशिश कर रहे है । पूर्व प्राप्त आसूचना के आधार पर नाका ड्यूटी पर उपस्थित कार्मिको के द्वारा उनको रोककर पूछताछ की गयी एवं तलाशी ली गयी , तलाशी के क्रम में गश्त दल को प्रतिबंधित नशीली औषधि cough सिरप -128 nos, साइकिल -01, मोबाइल फ़ोन – 02 प्राप्त हुए जिन्हें गश्त दल द्वारा जप्त कर लिया किया गया , हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान 1.) अविनाश कुमार पुत्र अशोक कुमार ,उम्र- 32 वर्ष ग्राम – कनौली , वार्ड संख्या -12 , सुपौल 2.) टिंकू लाल सहा पुत्र जय प्रकाश साहा ,उम्र -22 वर्ष के रूप में की गयी । उचित कागजी कार्यवाई के उपरांत जब्त की गई प्रतिबंधित नशीली औषधि एवं हिरासत में लिए गए व्यक्ति को थाना कनौली बिहार के सुपुर्द किया गया |

**अनशन** | हौसला अफजाई के लिए अनशन स्थल पहुंचे संजीव मिश्रा,अभियान को मिला बल

# पूर्णियां एयरपोर्ट के लिए तीसरे दिन भी अनशन अभियान जारी



**पूर्णियां।** पूर्णियां एयरपोर्ट के लिए 2 अक्तूबर से शुरू हुए मिथिला स्टूडेंट यूनियन के तत्वाधान में जनसत्याग्रह आंदोलन सह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल निरंतर तीसरे दिन भी सक्रिय है। 8 वर्षों से उपेक्षित और अनदेखा किए जा रहे पूर्णियां एयरपोर्ट से पोर्टा केबिन के तहत हवाई सफर शुरू करने के लिए सरकार की ओर से तत्काल तिथि निर्धारित हो। इस आमरण अनशन में मिथिला स्टूडेंट यूनियन के अलावे पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा सहित पूर्णियां के दर्जनों सामाजिक संगठन और समाज के प्रबुद्धजन लोग शामिल हैं और इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से कृत संकल्पित हैं। अनशन को अगुवाई कर रहे संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अविनाश कुमार मिश्र ने समस्त पूर्णियां और पूर्णियां प्रमंडल वासियों समेत आसपास के दर्जनों जिले के इस मुहिम से भविष्य में लाभान्वित होने वाले लोगों से अनशन स्थल पर आकर साथ देने की अपील की है। वहीं स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे डाक्टरों के अनुसार अनशनकारीयों के स्वास्थ्य में लगातार गिरावट दर्ज किया जा रहा है। वहीं अनशन के तीसरे दिन जिला प्रशासन पूर्णियां की ओर से अनशन को समाप्त करने का भी दबाव बनाया जाने लगा है, जिसको लेके पूर्णियां एयरपोर्ट मुहिम के समर्थकों में काफी रोष देखने मिलने लगा है।परंतु प्रशासनिक दबाव के बावजूद भी अनशनकारियों ने इस अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल को आगे निरंतर जारी रखने को बात कही है। और तबतक अनशन जारी रहेगी जबतक की सरकार की ओर से कोई निश्चित तिथि का आश्वासन नहीं दे दिया जाता।

# ससुर ने बहु को मौत के घाट उतार हुआ, फरार



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल।** जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन थाना क्षेत्र में ससुर द्वारा बहु को मौत के घाट उतारने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार की रात्रि का है। बायसी पंचायत बायसी गोठ के वार्ड-14 में विगत रात्रि में 55वर्षीय ससुर दिनेश यादव ने अपने ही बहु को लाठी डंडे से पीट- पीट कर मौत के घाट उताड़ कर लाश को फंदे से लटका दिया और घर से फरार हो गया। इस बारे में मधुबन्नी के गढिया गांव निवासी मृतिका के भाई कृष्ण मोहन यादव ने बताया कि बुधवार की सुबह में फोन पर सुचना मिली कि आपकी बहन की मौत हो गई है। जिसके बाद यहां पहुंच कर देखा कि मेरी बहन की लाश एक फंदे से लटका हुआ दिखाई दिया। जिसकी सुचना करजाईन थाना को दिया गया। इस घटना के बारे में मृतिका के 7 वर्षीय बेटी खुशबू कुमारी ने बताया कि मंगलवार की रात में मेरी मां बबीता कुमारी का मेरे दादा दिनेश यादव से झगड़ा हुआ जिसके बाद मेरे दादा ने मेरी मां को बेरहमी से पीट कर मौत के घाट उतार दिया। जिसके बाद एक घर में ले जाकर फंदे से लटका कर घर से मेरे चाचा सुशील यादव व दादा दिनेश यादव घर छोड़ कर भाग गए। बच्ची ने बताया कि मेरे पापा अनिल यादव कमाने घर से बाहर गए हुए हैं। मृतिका अपने पीछे 3 छोटे छोटे बच्चे को छोड़ गए हैं। जिसमें बड़ी बेटी खुशबू कुमारी उम्र 7 वर्ष बेटा अखिलेश कुमार उम्र 4 वर्ष, बेटी करिश्मा कुमारी उम्र 2 वर्ष के ऊपर अपने मां का साया उठ गया। बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। आस पड़ोस के लोगों ने बताया कि आरोपी दादा पहले से भी अपराधी प्रवृत्ति का था। चोरी के मामले कई बार सजा काट चुका है। वहीं मृतिका की सास रजिया देवी ने बताया कि मैं भी अपने पति के द्वारा बार - बार मारपीट से तंग आकर कई महीनों से अपने बेटी दामाद के पास रहा करती थी। सुबह घटना के बारे में पता चलने पर घर आई हूं। घटना की खबर क्षेत्र में फैलने से लोग काफी मर्माहत हैं। लोगों का यहीं कहना है कि कलयुगी ससुर को जान से मारने की क्या थी तीन तीन बच्चों ऊपर से मां का साया गायब कर उन्हें अनाथ बना दिया। इन्हें सजा मिलनी चाहिए। इस घटना के बारे में करजाईन थानाध्यक्ष ने बताया कि सुचना पा कर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्यवाही आवेदन प्राप्त होने पर की जाएगी।

# 75% उपस्थिति वाले बच्चों के खाते में डीबीटी से 10 अक्टूबर तक योजना राशि भेजने का डीएम ने दिया निर्देश

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** जिला पदाधिकारी रोहतास नवीन कुमार द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में शिक्षा विभाग के सभी संभागों यथा- मध्याहन भोजन, एसएसए (समग्र विकास) स्थापना, माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता तथा डीबीटी की बिन्दुवार समीक्षा बैठक की गई ।जिसमें मुख्य रूप से डीबीटी के अन्तर्गत दिनांक 17.08.2023 को प्राप्त विभागीय पत्र के आलोक में विद्यालय में नामांकित बच्चो को 75% की उपस्थिति के आधार पर छात्रवृति, पोषाक नैपकीन, साईकल आदि की राशि दी जा रही है। डीपीओ, योजना एवं लेखा को निदेश दिया गया है कि दिनांक 10.10 .2023 तक सभी बच्चों के खाते मे राशि हस्तानांतरण का कार्य पूर्ण कर लिया जाय। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि यदि किसी बच्चे का खाता नही है या फिज है या आधार लिंक नहीं है तो एलडीएम से कोर्डिनेट कर समास्या का समाधान जिला शिक्षा पदाधिकारी तुरंत करेंगे तथा विभाग के मेधा सॉफ्ट पोर्टल पर बच्चो की विवरणी (खाता, नाम, कक्षा) आदि की प्रविष्टि जल्द से जल्द कराने का निदेश दिया गया। जिला



पदाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि किसी भी विद्यालय में किसी परिस्थिति मे मध्याह्न भोजन योजना बंद नहीं होना चाहिए। नौहट्टा प्रखंड के दो विद्यालयों में पानी की समस्या के कारण अलटरनेट डे पर पीएचईडी द्वारा पानी टैंकर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया तथा 14 ऐसे विद्यालय जिनकी सूची जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा पीएचईडी को उपलब्ध कराई गई हैं, तीन दिन के अन्दर हैण्डपम्प मरम्मति का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। यदि किसी विद्यालय में चावल समाप्त हो रहा है तो नियमानुसार समवर्ती विद्यालय से चावल लेकर संबंधित विद्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा एवं मध्याह्न भोजन बनना बंद नही होगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कक्षा 1 से 12 तक के 5 लाख छात्रों का नामांकन कर लिया गया है। विभागीय निदेश के आलोक सभी छात्रों का नामांकन सुनिश्चित किया जाना है इस संबंध में जिला पदाधिकारी गहोदय द्वारा बताया गया कि विद्यालय के पोषण क्षेत्र अन्तर्गत प्रत्येक दिन 4 बजे रो 5 बजे तक अध्यापक विजिट करेंगे तथा फिल्ड डायरी तैयार करेंगे, जिसमें प्रत्येक घर में उपलब्ध बच्चों की संख्या, उनका नामांकन हुआ है या नही तथा घर के मुखिया का मोबाईल नंबर नोट करेंगे तथा छुटे हुये सभी बच्चो का 15 दिनों के अन्दर नामांकन सुनिश्चित करायेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि यदि किसी कारण से बच्चो को बेंच, डेस्क उपलब्ध नहीं है तो उनके बैठने के लिए दरी की व्यवस्था अवश्य होनी चाहिए, कोई बच्चा जमीन पर नही बैठेगा। प्रत्येक कक्षा मे समय-सारणी लगी होनी चाहिए, शिक्षक लेशन प्लान तैयार करेगे, बच्चो से प्रश्न-उत्तर जरूर करवायेंगे तथा बेहतर शिक्षण के लिए सभी शिक्षक स्वयं तैयारी कर के आयेगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी विद्यालयों का रंग-रोगन करा लिया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रतिनियुक्त शिक्षको के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा प्रतिनियुक्ति के पश्चात् मूल विद्यालय तथा प्रतिनियुक्त वाले विद्यालय में शिक्षकों की संख्या संबंधी जानकारी भी मांगी गई। साथ ही, निदेशित किया गया कि सभी गेस्ट शिक्षक एवं रेगुलर शिक्षक का नियमित भुगतान करें तथा जिनका ए0सी0पी0/एम0सी0पी0 की देयता लंबित है, दिनाक 20.10.2023 तक देना सुनिश्चित करे। इसके अतिरिक्त उपार्जित अवकाश हेतु प्राप्त आवेदनों का निष्पादन तुरंत सुनिश्चित करें।मातृत्व लाभ के संबंध में लिये गये अवकाश मे किसी कर्मी की वेतन नहीं रूकेगा। यदि ऐसे आवेदन लंबित है तो उनका निष्पादन शीघ्र करें। माध्यमिक साक्षरता मिशन अन्तर्गत 936 टोला सेवक कार्यरत है तथा 56 नये टोला सेवकों की बहाली की गई है। टोला सेवक का मुख्य उद्देश्य निरक्षर बच्चों को विद्यालय लाना, उन्हें कोचिंग देना तथा व्यस्क महिलाओं का साक्षर बनाना है। अक्षर अंचल योजनान्तर्गत संचालित 936 सेंटरों के मॉनिटरींग पर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा जोर दिया गया है। उनके द्वारा बताया गया कि सेंटरों का डाटा बेस दिनांक 15.10.2023 तक तैयार कर लें तथा सप्ताह में एक दिन सेटर की महिलाओं से बात करें तथा वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करें।

## खास खबर

### सिकरौर गाँव मे मूसलाधार बारिश से बाढ़ की स्थिति भयावह, हजारों एकड़ किसानों के फ़सल बर्बाद

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, शिवसागर/रोहतास।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में दो दिनों से हो रहे मूसलाधार बारिश के कारण लोगो का जन-जीवन अस्त - व्यस्त हो गया है। मूसलाधार बारिश के कारण कई गांवों का संपर्क पथ भी टूट चुका है तो वही बाढ़ से हजारों एकड़ किसानों के फ़सल भी जलमग्न हो गए हैं।जिससे किसानों को लाखों का क्षति होने का अनुमान हैं।हजारों किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बनी हुई है।बाढ़ से हुए सबसे अधिक क्षति की बात करे को उसमें सिकरौर गांव का नाम आता है।जहाँ सिकरौर गांव में मूसलाधार बारिश के कारण आए बाढ़ से सेकड़ो एकड़ धान के फ़सल जलमग्न हो चुके हैं।सिकरौर गांव में कई सारे ऐसे किसान है जिनका जीविका सिर्फ खेती ही है।जो किसानों के लिए काफी चिन्ता का विषय बना हुआ है।सिकरौर गांव में आए भयावह बाढ़ की स्थिति बताते हुए सिकरौर निवासी मंटू पांडेय ने बताया कि यहाँ 90प्रतिशत किसान सिर्फ खेती पर ही निर्भर है उनका जीविका खेती ही है।दो दिनों के मूसलाधार बारिश के बाद आए भयावह बाढ़ से सैकड़ों एकड़ किसानों के फ़सल जलमग्न हो चुके हैं।जिसमे लक्ष्मण दुबे, अनिल पांडेय,रामदरश पांडेय और मृतुन्जय पांडेय का भारी मात्रा में फ़सल का क्षति हुआ है क्योंकि इस सभी किसानों का खेत नीच होने से पानी का अधिक जमावड़ा है और फ़सल पूर्ण बर्बाद होने के कगार पर हैं।

**बाढ़ से सिकरौर गांव का टूटा सम्पर्क,आवागमन बाधितः** बारिश के बाद आए भयावह बाढ़ से सिकरौर गांव का सम्पर्क पथ पर अधिक पानी होने से बाधित होने के साथ कई जगहों पर क्षति ग्रस्त भी हो चुके हैं।जिससे गांव के लोग गांव में ही रहने को मजबूर है।सिकरौर गांव का कहि से भी निकलने का रास्ता नही है।जिससे ग्रामीण काफी परेशान दिख रहे हैं।इसके अलावा सिकरौर गांव के घरों में भी बाढ़ का पानी घुस गया है।

### किसान नेताओं ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ/रोहतास।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बुधवार को किसान नेताओं ने जन सम्पर्क कर राकेश टिकैत के सभा का प्रचार प्रसार किया।जन सम्पर्क अभियान टीम के नेतृत्व कर रहे रामजी राय ने बताया कि बिठवां,सहिनाव,भहुअ री,हिरापुर,पड़रिया आदि कई गावों में जाकर किसान व कृषक मजदूरों से संपर्क कर, भारतीय किसान युनियन के नेता राकेश टिकैत के, सात अक्टूबर को कोआथ जगनारायण विद्यालय के खेल मैदान में होने वाली सभा में अधिक से अधिक संख्या में जूटकर सभा को सफल बनाने की अपील किया गया। जनसम्पर्क अभियान में श्याम बहादुर सिंह,अफताब आलम,परवेज सिद्दिकी,सदाम हुसैन,दूसरे टीम में अशोक कुमार तिवारी,रघुनाथ सिंह,उपेंद्र नारायण सिंह आदि शामिल थे।

### चोरी की बाइक साथ एक आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास ।** पुलिस ने चोरी की अपाची बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । साथ ही मामले में पुलिस ने चोरी के अपाची बाइक को भी बरामद कर लिया है । कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि चोरी के बाइक के साथ एक आरोपी जा रहा है । इस मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए थानाध्यक्ष के निर्देशानुसार वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी के बाइक के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया । श्री कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के कंचन टोला निवासी विश्वनाथ सिंह के पुत्र मनोज कुमार बताया जाता है । जिसको वाहन चेकिंग के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कछवां बाजार से ही बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### भारी बारिश से मिट्टी का मकान ध्वस्त



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** नगर पंचायत काराकाट के गोड़ारी में बीती रात एक गरीब मजदूर का कच्चा मकान जमींदोज हो गया । गरीब मजदूर गोड़ारी निवासी गंगा पासवान पिता लक्ष्मण पासवान बताया जाता है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मजदूर का कच्चा कमान गिरने से घर में रखा हुआ सारा सामान दब गया । गनीमत ये रहा कि घर में सो रहे परिजन घर गिरने से पहले बाहर निकल गये । गंगा पासवान ने बताया कि भारी बारिश हो रही थी खपरैलनुमा घर गिरने का आवाज आने लगा इसके बाद सभी लोग घर छोड़कर बाहर निकल गये । इसके बाद खपरैलनुमा कच्चा घर गिर कर जमींदोज हो गया । घर में रखा सभी समान खाने पीने का सामान भी दब गया । अब हालत ये हो गयी है कि गरीब मजदूर को रहने का आशियाना छीन गया है। किसी तरह प्लास्टिक से घेर कर रहने के मजबूर है ।

## सड़क के मोड़ों से बालू हटाने का निर्देश डीएम ने दिए

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** जिला पदाधिकारी रोहतास नवीन कुमार द्वारा सुगम परिवहन के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम से विमर्श किया गया तथा



बताया गया कि विभिन्न मोड़ो पर बालु के ढेर लगे है, लोग सड़क पर वाहन खड़े कर देते है तथा कुछ मैकेनिक सड़क पर ही गाड़ियों की मरम्मति कर रहे है, उसके अतिरिक्त सड़क पर कूड़ा-करकट हाउस डिस्मेंटल मैटेरियल भी सड़क पर दिखाई पड़ता है जिसके साफ-सफाई की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त नगर निगम विभाग को सड़क पर लगी हुई लाईटों को ठीक करने का निदेश दिया गया जिससे रात्रि में यात्रियों को आने जाने में कठिनाई न हो। साथ ही, सभी चौक-चौराहो पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की वर्किंग स्टेटस की जाँच करा लें। उनके द्वारा बताया गया कि विजयादशमी के पश्चात् विशेष अभियान चलाकर कर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा।

## भोजपुर में विषैले सांप के डसने से घर में सो रही छात्रा की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के सिन्हा ओपी अंतर्गत सिन्हा गांव में मंगलवार की सुबह विषैले सांप के डसने से घर में सो रही छात्रा की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत छात्रा बड़हरा क्षेत्र के सिन्हा ओपी अंतर्गत सिन्हा गांव वार्ड नंबर 10 निवासी हंसराज यादव की 11 वर्षीया पुत्री प्रीति कुमारी है एवं छठी कक्षा की छात्रा थी। इधर मृत छात्र के चाचा मनोज कुमार यादव ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह घर में चारपाई पर अपने बहन के साथ सोई हुई थी। उसी दौरान विषैले सांप ने



उसे डस लिया। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। इसके बाद परिजन द्वारा उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल आया गया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। लेकिन परिजन अपनी संतुष्टि को लेकर उसे झाड़-फूंक कराने के लिए उत्तरप्रदेश के अमवा के सती माई ले गए। वहां भी मौजूद ओझा ने उसे देख मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन उसके शव वापस गांव ले आए। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

## आरा में ब्रह्मस्थान निर्माण को लेकर पुजारी की पिटाई

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा।** भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धोबहा ओपी अंतर्गत धर्मपुरा गांव में मंगलवार की सुबह ब्रह्म स्थान निर्माण के विवाद को लेकर एक पुजारी की पिटाई कर दी गई। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी पुजारी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धोबहा ओपी अंतर्गत धर्मपुरा गांव निवासी तारकेश्वर पांडेय के 35 वर्षीय पुत्र शुभ नारायण पांडेय हैं। वह पेशे से पुजारी हैं एवं गांव-गांव जाकर पूजा-पाठ कराते है। इधर पुजारी शुभ नारायण पांडेय ने बताया कि गांव में जिस स्थान पर पहले ब्रह्मस्थान था। वहां से उनके भतीजो द्वारा हटा दिया गया। इसके बाद उसी जगह पर दोबारा ब्रह्मस्थान निर्माण को लेकर उनसे 50 हजार रुपए की मांग की जा रही थी।



जब उन्होंने कहा कि मैं इतना नहीं दे पाऊंगा। लेकिन पूजा-पाठ कर जो पैसा आएगा मैं उसमें से कुछ पैसा दे दूंगा। इसी बात को लेकर उनके बीच मंगलवार की सुबह कहासुनी हुई। जिसके बाद उक्त भतीजो ने ईट से उनके सिर पर मार दिया। जिससे उनका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

### विघुत करंट से मौत

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** सासाराम में करंट लगने से युवक की मौत हो गई है।परिजन ने विभाग पर लापरवारी का आरोप लगाया है।पोल की चपेट में आने से हादसा हुआ है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार जिला मुख्यालय के शिव घाट बस्ती मोड़ पर बुधवार को करेंट से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान लश्करीगंज के कामेश्वर प्रसाद का बेटा गोलू कुमार (25) के रूप में हई है। बताते हैं कि बस्ती मोड़ के पास एक बिजली के पोल में करंट था जिसकी चपेट में आने से मौत हो गई है।

### बहुजन समाज पार्टी की बैठक आयोजित





**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** बिक्रमगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत घुसियां कला में विधानसभा काराकाट के प्रभारी आकाश कुमार भारती के आवास पर सेक्टर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया । साथ ही बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम के 17 वां परिनिर्माण दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई । जिसमें स्थानीय शहर के राजीव गांधी मैदान में कार्यक्रम को सम्पन्न कराने को लेकर स्थल को चयनित किया गया । सेक्टर कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के जिलाध्यक्ष पवन कुमार , पूर्व जिलाध्यक्ष वीर बहादुर उर्फ समर जी , काराकाट लोकसभा प्रभारी डॉ राकेश कुमार रंजन , कोषाध्यक्ष धनजी राम , बिक्रमगंज प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव , प्रखंड महासचिव सुदर्शन पटेल , संझौली प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर राम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए । तो वहीं दूसरी ओर बिक्रमगंज प्रखंड के घुसियां कला एवं काराकाट प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मुंजी , भरथ कस्बा , चिकसिल समेत अन्य गांवों का दौरा करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सभी को आने के लिए आमंत्रित किया गया ।

### शहीद की याद में मनाया गया शहादत दिवस



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेंद्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** आईटीबीपी के शहीद जवान मुन्ना कुमार को प्रथम पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव मानपुर पंचायत के रकसियां उच्च विद्यालय में बुधवार को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मानपुर पंचायत के मिल्की निवासी शहीद जवान मुन्ना कुमार का निधन पिछले वर्ष ड्यूटी के दौरान एक दुर्घटना में हो गई थी। बुधवार को प्रथम पुण्यतिथि पर जलालपुर से आये आईटीबीपी के जवानों और स्थानीय गणमान्य लोगों ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस अवसर पर शहीद के पिता कलेंद्र सिंह उनकी मां और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता चुन्नू पाण्डेय, राकेश कुमार सिंह उर्फ छठु सिंह, शिक्षक राम नरेश पाण्डेय सहित पंचायत के कई गणमान्य लोग शिक्षक आईटीबीपी के जवान और बिक्रमगंज थाना से गए जवानों ने उन्हें श्रद्धांजलि दिया।

बैठक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी और पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया

## भाजपा के संस्थापक सदस्य स्व.कैलाशपति मिश्र के जन्म जयंती शताब्दी समारोह की तैयारी हेतु बैठक और प्रेस वार्ता

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा भोजपुर।** भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिला कार्यालय मे भाजपा के संस्थापक सदस्य स्व. कैलाशपति मिश्र जी के जन्मजयंती शताब्दी समारोह की तैयारी हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गा राज और संचालन जिला उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी और पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बतौर मुख्य अतिथि दक्षिण बिहार प्रांतीय संयोजक सह विधानपार्षद अनिल कुमार शर्मा ने बैठक मे कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय कैलाशपति मिश्र जी की जन्म जयंती की सौ वर्ष पूरा होने पर भाजपा द्वारा 05 अक्टुबर को बापू सभागार पटना मे



जन्मजयंती शताब्दी समारोह मना रही है। उक्त कार्यक्रम मे राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी पटना आ रहे है। उक्त समारोह मे भोजपुर जिला से अधिक से अधिक कार्यकर्ता शामिल हो।इसकी तैयारी को लेकर बूथ स्तर से जिला स्तर तक कार्यकर्ता विभिन्न साधनो से पटना पहुँचे। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कैलाशपति मिश्र जी की जन्मजयंती शताब्दी समारोह मे भोजपुर जिला से अधिक से अधिक कार्यकर्ता पटना पहुँचेगे।इसके लिए सभी मंडलो मे तैयारी की जा रही है और जनप्रतिनिधि भी अपने स्तर से लगे हुए है। वहीं बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि बड़हरा विधानसभा के सभी पाँचो मंडलो से विभिन्न माध्यमो से कार्यकर्ता समारोह मे शामिल होंगे। जिले भर के कार्यकताओ के लिए भोजन की भी ब्यवस्था की गई है। बेठक मे दक्षिण बिहार प्रांतीय सह संयोजक मिथिलेश कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ प्रेम रंजन चतुर्वेदी ने भी संबोधित किया। बैठक मे सूर्यभान सिंह,ई.धीरेन्द्र सिंह,वंदना राजवंशी, सतीश भट्ट,,मधु मिश्रा, राजकुमार कुशवाहा, संतोष चंद्रवंशी, अरबिन्द पांडेय,संजय कुमार सिंह,रमेश कुमार कर्ण,निशांत सिंह सेंगर,पुजा सिंह,कुंदन सिंह तोमर,प्रहलाद राय, रामदिनेश यादव,मणीशंकर सिंह,हरेन्द्र सिंह,दीपक सिंह,रमेश सिंह,संतोष सिंह,आलोक अंजन,प्रदुम्न सिंह,शशि शेखर सिह सहित मंडल प्रभारी आदि थे। कैलाशपति मिश्र जन्मजयंती शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य मे प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। भाजपा जिला कार्यालय मे 05 अक्टुबर को पटना मे होने वाले कैलाशपति मिश्र जन्मजयंती शताब्दी समारोह को लेकर एक प्रेस वार्ता की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दक्षिण बिहार प्रांतीय संयोजक सह विधानपार्षद अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि पाँच अक्टुबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

## जदयू जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** नासरीगंज नगर के बड़ी बाजार रोड स्थित जदयू प्रखण्ड कार्यालय में जदयू के जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज गुप्ता के आकस्मिक निधन पर बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता पूर्व जिला पार्षद अनिल सिंह व संचालन जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ०अमरेंद्र कुमार ने किया। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने मनोज गुप्ता के दिवंगत आत्मा की शांति हेतु उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद दो मिनट का मौन धारण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। जदयू जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा ने कहा कि मनोज गुप्ता काफी कर्मठ, लग्नशील एवं जुझारू कार्यकर्ता थे। वे एक सरल स्वभाव एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के व्यक्ति एवं सभी के सहयोगी थे। वहीं जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ०अमरेंद्र कुमार ने कहा कि मनोज गुप्ता बहुत ही निराला एवं सबके सुख दुःख में



साथ रहने वाले इंसान थे। उनके आकस्मिक निधन से नासरीगंज प्रखंड को अपूर्णीय क्षति हुई है। जिसकी पूर्ति भविष्य में संभव नहीं है। सभा में जदयू प्रदेश महासचिव बबन सिंह कुशवाहा, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ लालबाबु, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष बख्सी जौहर अली, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष मन्ना खां, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि श्यामूल हक, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि लुकेश्वर कुमार प्रिय, वरिष्ठ जदयू नेता शैलेन्द्र सिंह, भाजपा नेता सिकन्दर सिंह, अमित कुशवाहा, राजद नेता बबन कुमार सिंह, रालोजद नेता वीर भगत मेहता, रामजी चौधरी, मीनू सिंह, विशाल कुशवाहा, नितेश कुमार लड्डू, नईमुद्दीन इदरीशी, वार्ड पार्षद शमशाद अहमद परसवी, संदीप बहादुर सिंह, भाजपा जिला मंत्री प्रमोद कुमार सिंह, ओमकार प्रसार, नागेंद्र चंद्रवंशी, आमिर खान, अजय कुमार, नागेंद्र चंद्रवंशी, पप्पू गुप्ता, प्रिंस कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

### लगातार बारिश होने से आई नदी के बाढ़ से इंटर कॉलेज और पंचायत सरकार भवन मे भी पानी प्रवेश कर गया





**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संबादाता भभुआ।** भगवानपुर प्रखंड मुख्यालय मे आई नदी के बाढ़ के प्रकोप में इंटर कॉलेज और पंचायत सरकार भवन पढ़ौती भी डूबा नजर आया। इंटर कॉलेज मे पानी प्रवेश कर जाने से छात्रों का परीक्षा हाई स्कूल में कराया गया। बता दे की हाई स्कूल मे पहले से भी रूम की कमी रही है, उसके बाद भी इंटर कॉलेज के बच्चों का परीक्षा हाई स्कूल मे ही कराया गया। जिससे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### जिले के कई गांव बाढ़ की चपेट में, ग्रामीणों ने लगाई शासन प्रशासन से मदद की गुहार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर कैमूर (कैमूर) भभुआ।** पिछले चार दिनों से भारी बारिश से कैमूर जिला के भभुआं प्रखंड के कई गांव पूरी तरह जलमग्न हो गये है और मुख्य सड़क पानी में डूब चुका है ग्रामीणों को आने-जाने के लिए बाढ़ के पानी में तैर कर जाना पड़ रहा है स्थानीय शासन प्रशासन के उदासीन रवैया की वजह से ग्रामीण परेशान है और मदद की गुहार लगा रहे हैं। किसानों के धान, उड़द, रहर की फसल बाढ़ में पूरी तरह डुब चुके है। अभी तक किसी भी गांव में शासन प्रशासन के लोग नहीं पहुंचे हैं।

### कैमूर मे भारी बारिश से नदियों में आया उफान



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता भभुआ।** कैमूर में लगातार भारी बारिश से नदियों में उफान आ गया है,भभुआ के सुआरा नदी में बाढ़ आ गई है जिसके कारण नदी के पास डीएवी स्कूल और चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल के पास नदी का पानी भर जाने के कारण स्कूल में बच्चे फंसे हुए है ,जब सुबह बच्चे स्कूल पहुचे तो नदी में पानी कम था उसके बाद अचानक बिकराल रूप पानी का देख हड़कम्प मच गया तत्काल बच्चो के परिजनों को बुलाया गया जो बच्चे बाईक से आये थे उन्हें भेजा जाने लगा,बाकी बच्चो को स्कूल बस से निकाला गया,कोई अनहोनी की सूचना अभी तक नहीं है,सभी बच्चे सुरक्षित निकाल लिए गए। स्कूल के कुछ बच्चों और अभिभावक अनन्या कुमारी, तान्या सिंह, और चंद्रशेखर सिंह से मिली जानकारी सभी बच्चो को सकुशल अपने अपने घर घर छोड़ दिया गया।

### मानदेय बढ़ाने को लेकर आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं ने दिया धरना



**कैमूर चांद।** प्रखंड में मानदेय बढ़ाने एवं अन्य सुविधाओं सहित सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं के द्वारा पिछले 5 दिनों से धरना दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं के द्वारा वाल विकास परियोजना कार्यालय के सामने गेट पर दिन भर धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम चलाया जा रहा। धरना की अध्यक्षता मंजु देवी एवं संचालन दुर्गा मेहता ने किया। धरना की जानकारी देते हुए सेविका दुर्गा मेहता ने कहा 21 जूलाई 2022 को निदेशालय पटना निदेशक के साथ मांग पत्र पर बनी सहमति को लागू नहीं किए जाने से सेविका एवं सहायिकाओं में आक्रोश है। उन्होंने ने कहा सरकार के द्वारा समझौता लागू करने सहित 21 मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तबतक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। आंदोलन बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले किया जा रहा है। आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति ने मानदेय बढ़ाने सेविका एवं सहायिकाओं को राज्य कर्मी का दर्जा देने पेंशन देने आदि 21 मांगों को लेकर 29 सितंबर से आंदोलन कर रही है। धरना प्रदर्शन में मरियम खातुन सुनिता देवी संगीता लक्ष्मीना गीता देवी आदि सेविका उपस्थित थी।

# पिंडदान कर लौट रही तीर्थयात्रियों से भरी बस कंटेनर से टकराई, एक महिला की मौत, 9 लोग घायल



**दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर।** थाना क्षेत्र के दुर्गावती नेशनल हाईवे 2 पर महमूदगंज के समीप गया से पिंडदान कराके लौट रही तीर्थयात्रियों से भरी बस एक कंटेनर से जा टकराई। जिससे हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई जबकि 9 तीर्थयात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना करीब 2/30 बीती रात बुधवार की है । वही इस हादसे के बाद मौके पर पहुंची एनएचआई विभाग की टीम व दुर्गावती पुलिस ने सभी घायलों को दुर्गावती पीएससी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद सभी को भभुआ सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना में मृतक महिला की पहचान रामेश्वरी देवी उम्र 65 वर्ष यूपी के बदायूं जिला के रूप में हुई है।बता दे की सभी तीर्थयात्री बस में सवार होकर उत्तर प्रदेश जिला बदायूं से बिहार के गया में पिंडदान करने गए थे। वहीं पिंडदान करने के बाद वापस वाराणसी की तरफ लौट रहे थे तभी यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर महमूदगंज बाजार के बगल में आहार विहार होटल के पास हुई। रात का सन्नाटा और समय होने की वजह से कोई भी व्यक्ति रोड पर उपस्थित नहीं था। लेकिन किसी गाड़ी वाले ने इसकी सूचना पुलिस और एन एच आई को दी। सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी और एन एच आई की टीम ने सभी घायलों को दुर्गावती के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। जहां उनकी प्राथमिक इलाज किए जाने के बाद सभी को भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना के संबंध में तीर्थ यात्री मितेश कुमार शर्मा व अखिलेश कुमार ने बताया कि हम लोग बिहार के गया से पिंडदान करने के बाद वाराणसी लौट रहे थे। बस चलाते वक्त ड्राइवर को झपकी आ गई और बस कंटेनर में जा घुसी। इस हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। और 9 लोग घायल हैं।

# चैनपुर के डुमरकोन पहाड़ में आकाशीय बिजली लगने तीन लोगो का एक साथ नौ भैंसों की मौत





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चैनपुर।** कैमूर के चैनपुर की घटना कल दिन मगलवार मध्य रात्रि 3 अक्टूबर को वर्षा के समय चैनपुर थाना क्षेत्र के डूमरकौन पंचायत के बघैला में सुरेन्द्र यादव पिता स्वर्गीय शंकर यादव पंचायत डुमरकों ग्राम बघैला सात भैंस को आकाशीय बिजली से मौत हो गाय जिसमे चार भैंस दुधारू और तीन भैंस हाल ही में बच्चा देने वाली थी और उसी गांव एक भैंस नागेंद्र यादव और एक भैंस लल्लन यादव पिता सचाऊ यादव बघैला की ही थी वही इस मृत्यु से पूरा परिवार के ऊपर दुख का पहाड़ टूट गया है । वहा का मुख्य खेती जानवर पलकर दूध बेचना गरीब परिवार पूरा सदमा में आगया है। नव भैसो की कीमत पाच लाख रुपए थी आपको बताते चलेंगे भैंस सुबह में समय से घर पर नहीं आई जहां भैसो का बच्चा दूध पीने के लिए चिल्लाने लगा समय ज्यादा होने के कारण घर के घबराने लगे और उसी बीच भैंसों के मालिक सुरेंद्र यादव ने जंगलों में ढूंढने के लिए निकल गए जहां खोजने में काफी मसकत करना पड़ा खोजते खोजते भैंस घने बघैला के जंगलों में चली गई थी जहां जंगल में ही सभी भैंसों को बिजली से मरी हुई मिली भैंस एक दूसरे के ऊपर गिरकर अगल-बगल में ही 9 भैंस मर गई थी जिसमें सुरेंद्र यादव की सात भैंस थी जैसे ही घर में पता चला तो घर में पूरा कोलाहल मच गया घरों में परिवार का रो रो कर सुरेंद्र यादव की पत्नी बेहोश हो जाती थी घर में एक साथ एक ही दिन सब भैंस मर गई। इधर उधर भैस के छोटे छोटे बच्चा दूध पीने के लिए चिल्ला रहा है उन लोगों को का पता की मेरी मां इस दुनिया में नही है। अब हमे कभी नही दूध पिला सकती है।देखिए वहा जंगल में जीने के लिए ज्यादातर लोग गाय भैंस से ही पाल कर दूध बेचकर अपने बाल बच्चों की पढ़ाई लिखाई एवं भोजन पानी का काम किया जाता है। वही इस आफत में पैसा अध्यक्ष चनराइत यादव और भैंस के मालिक सुरेंद्र यादव ने चैनपुर थाने और अंचल कार्यालय में मुआवजे के लिए आवेदन देकर मुआवजे की अपील किए हैं ।

### नदी का जलस्तर बढा कई गांव की फसले और स्कूल बाजार के कुछ घर दूबे



**दुर्गावती कैमूर, शुभ भास्कर।** दुर्गावती प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गावती नदी का जलस्तर बढ़ने से दर्जनों गांव की फसले डूब गई। पिछले चार दिनों से लगातार रुक-रुक कर हल्की बारिश होने का सिलसिला जारी है जिसके कारण दुर्गावती नदी के जलस्तर में वृद्धि हो गई और लगता है दुर्गावती नदी पर बने बांध से पानी छोड़े जाने के कारण गांव की फसले डूब गई। इस बाढ़ की वजह से कई गांव के स्कूल और कॉलेज पानी की वजह से बंद दिखाई दिए। किसने की खेत में लगी खड़ी फसल उड़द रहर और धान की फसल प्रभावित है। दुर्गावती नदी से कुहिर नदी पानी जान की वजह से मछनहटा सरियांव गोरार इसीपुर खमीदौरा बाभनपुरा माधोपुर धन्नीपुर ईसरी सहित नदी किनारे गांव के तटीय गांव के फसलो को काफी नुकसान होने की शंका का प्रबल हो गई है।

### सहायक राजस्व अधिकारी के द्वारा बाढ़ में फांसी बच्चियों को निकलने में सहयोग करने पर लोगों को पुरस्कृत किया गया



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संबादाता, भभुआ कैमूर।** भगवानपुर मुख्यालय अंतर्गत कस्तूरबा विद्यालय और भगवानपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाढ़ की चपेट में आने से डूब चुका। जिसमें कस्तूरबा विद्यालय के 90 बच्चियों को पुलिस जवान और गांव के नागरिकों के द्वारा सुरक्षित निकाला गया। गांव के नागरिकों के द्वारा सुरक्षित निकालने पर उन लोगों को सहायक राजस्व अधिकारी सुनीता कुमारी के द्वारा आज अंचल कार्यालय बुलाकर पुरस्कृत किया गया। प्रति व्यक्ति 500 की राशि दी गई। साथी अंचल अधिकारी विनोद कुमार सिंह के द्वारा सराहा गया भी गया।

### चैनपुर पुलिस ने एक शराबियो को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चैनपुर, चैनपुर (कैमूर)।** चैनपुर पुलिस ने जारी छापेमारी अभियान में केवा से शराबी को गिरफ्तार किया।थाना चैनपुर लाया गाय और चैनपुर प्रथमिक स्वास्थ केंद्र अस्पताल से मेडिकल जांच कराकर भभुआ जेल भेज दिया गया। जिसमें थाना प्रभारी रणवीर कुमार ने बताया कि चैनपुर थाना क्षेत्र के केवा में शराब पर जारी अभियान में छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है। जिसमें कि चैनपुर थाना क्षेत्र केवा से गिरफ्तार शराबी से पूछ ताछ में अपना नाम बैजू सिंह पिता लालमुनि सिंह ग्राम केवा बताया उक्त शराबी को जांच पड़ताल कराया गया तो शराब का सेवन करने के पुष्टि होने के बाद भभुआ न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

### नदी का जलस्तर बड़ते देख प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी ने बुलाए राज्य आपदा प्रतीवादन बल



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संबादाता भभुआ।** भगवानपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, इंटर कॉलेज, और पंचायत सरकार भवन पढ़ौती आज दूसरे दिन भी पानी में डूबा रहा। नदी का जलस्तर बढ़ता ही दिख रहा है। इस सभी समस्याओं को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकित मिश्रा और अंचल अधिकारी विनोद कुमार सिंह ने भोजपुर जिला के बड़हरा ब्लॉक से राज्य आपदा प्रतिवादन बल के 10 जवान को बुलवाया गया ताकि आगे कोई भी समस्या बढ़ती है, तो उस पर काबू पाया जा सके। स्थानीय प्रशासन का सराहनीय कार्य देखा गया।

### 21 सूत्रीय मांग को ले 96 घंटे से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका



**दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर।** दुर्गावती प्रखंड परिसर में बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले शिव मंदिर के प्रांगण में 21 सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं के अनिश्चितकालीन धरना आज चौथे दिन भी जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर पहुंची सेविका और सहायिकाओं ने नारेबाजी करते हुए धरने पर आज बुधवार को भी बैठी है। प्रदर्शन कर रही सेविका सहायिकाओ ने बताया की मांगे पूरी नहीं होने तक धरना जारी रहेगा। तथा मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन भी किया जाएगा। धरने की अध्यक्षता कर रही आंगनवाड़ी प्रखंड अध्यक्ष आरती देबी की ने बताती है कि पूर्व में किए गए वादे को सरकार भुल गयी है। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन द्वारा अपने घोषणा पत्र में सरकार बनने पर आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय को दुगुना करने का वादा किया गया था, लेकिन आश्वासन के बाद भी सरकार दोहरी नीति अपना रही है। जिसका लाभ हम सबको आज तक प्राप्त नहीं हुआ।

**जन सम्पर्क** भूमि अधिग्रहण में कम मुआवजा एवं मंडी कानून एमएसपी गारंटी को लेकर किसान आंदोलन कर रहे हैं

# किसान महापंचायत को सफल बनाने के लिए प्रखंड में किसानों से किया गया जन सम्पर्क



**कैमूर चांद, शुभ भास्कर।** 8 अक्टूबर को भभुआ में क्रांतिकारी किसान नेता राकेश टिकैत के किसान महापंचायत में किसानों को आने के लिए चांद के गांवों में किसानों से जन सम्पर्क किया जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन कैमूर एवं किसान संघर्ष मोर्चा के द्वारा चांद खैटी सिहोरिया झझनी भेरी मोरवा आदि गांवों में किसानों के साथ बैठक कर ट्रैक्टर टाली से किसान महापंचायत में शामिल होने के लिए कहा गया। भूमि अधिग्रहण में कम मुआवजा एवं मंडी कानून एमएसपी गारंटी को लेकर किसान लगातार आंदोलन कर रहे हैं। किसानों के आंदोलन को समर्थन देने के लिए 25 फरवरी 2023 को भारतीय किसान यूनियन प्रवक्ता राकेश टिकैत कैमूर की धरती पर आ चुके हैं। कैमूर में चांद चैनपुर भभुआ भगवान पुर एवं रामपुर प्रखंड से होकर गुजरने वाली भारत माला परियोजना एक्सप्रेस-वे एवं एन एच 219 बाईपास एवं चौरी करण के लिए भूमि अधिग्रहण मामले में अधिकारियों के द्वारा मनमानी रवैया एवं कम मुआवजा को लेकर किसानों में बिहार सरकार को लेकर जबरदस्त गुस्सा है। भूमि की प्रकृति निर्धारण सही करने एवं मुआवजा राशि बढ़ाए जाने को लेकर किसान धरना प्रदर्शन तालाबंदी सड़क जाम कर चुके हैं। किसानों ने साफ कह दिया है सरकार उचित मुआवजा नहीं देगी तो एक्सप्रेस-वे एवं एन एच 219 का निर्माण नहीं होने देंगे। किसानों के आंदोलन को समर्थन देने के लिए भारतिय किसान यूनियन प्रवक्ता राकेश टिकैत का किसान महापंचायत का आयोजन लिच्छवी भवन जिला मुख्यालय पर किया गया है। किसान महापंचायत को सफल बनाने के लिए किसान संघर्ष मोर्चा एवं भारतीय किसान यूनियन कैमूर के द्वारा गांव गांव में किसानों से सम्पर्क कर आने के लिए कहा जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन कैमूर सदस्य अमित कुमार रंजन ने कहा राकेश टिकैत के किसान महापंचायत में हजारों की संख्या में ट्रैक्टर टाली के साथ किसान शामिल होंगे। उन्होंने ने कहा चांद से 50 टैक्टर-ट्रॉली सैकड़ों मोटरसाइकिल एवं छोटी गाड़ियों से किसान महापंचायत में शामिल होंगे। किसानों के आयोजित बैठक में अशर्फी सिंह प्रभात सिंह रियाज अंसारी गुड्डू सिंह अरविंद कुमार गीता देवी पुनम देवी कृष्णा शर्मा बाबुलाल राम सत्यम सिंह उपस्थित थे।

# सभी विभाग के पदाधिकारी, कर्मियो को बाढ़ से कागजातों, कंप्यूटर फर्नीचर को सुरक्षित स्थानों पर रखने को कहा



**भभुआ कैमूर, शुभ भास्कर,** रामपुर प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत लगातार चार दिनों से रुक रुक कर बारिश से पहाड़ी नदी नाला से क्षेत्र में बुधवार को बाढ़ आ गया. बाढ़ आने से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,अंचल,चकबंदी कार्यालय ,पंजाब नेशनल बैक एवं बेलॉव बाजार के नहर के दक्षिण के दुकानों में लगभग तीन से चार फीट पानी के चपेट में आ गए है. प्रखंड कार्यालय परिसर बाल विकास मनरेगा कृषि विभाग के कार्यालयों में अब तब लगा हुए है पानी कार्यालय में कब घुस जायेगा कुछ कहा नहीं जा सकता है.जब बाढ़ का निरीक्षण करने बुधवार को सुबह आठ बजे कैमूर जिला पदाधिकारी सावन कुमार निरीक्षण करने पहुंचे तो स्थिति को देख सबसे पहले पानी से लबालब लगभग तीन से चार फीट पानी पीएचसी में घुसा था उक्त परिसर में तीन से चार चार फीट पानी बह रहा था तत्काल कैमूर सीएस मीना कुमारी को फोन कर स्थल पर बुलाया सीएस को आते ही तत्काल दो तीन टैक्टर बुला कर कर्मियो के सहयोग से स्टोर में रखा डूबा एवं सुरक्षित मेडिसिन, कार्यालय के कम्पीयूटर पंजी सहित फर्नीचर को सुरक्षित जगह रखने को निर्देशित किया.इधर डीएम को रामपुर में आने की सूचना पा सभी पदाधिकारी सहित सभी विभाग के कर्मी तत्काल कार्यालय पहुंचने लगे .वीडियो दृष्टि पाठक को आते ही क्षेत्र में कीसी प्रकार की असुविधा न हो लोगो की समस्या को सुनते हुए जहा यथा संभव हो पानी निकासी की समस्या को निदान करने को निर्देशित किया.उसके बाद स्वयं पानी में होते हुए पीएचसी के स्टोर ओपीडी, कार्यालयों, थाना,प्रखंड व अंचल सहित सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया सभी विभाग के पदाधिकारी सहित कर्मियो को बाढ़ से सभी कागजातों ,कम्पीयूटर फर्नीचर को सुरक्षित स्थानों पर रखने को कहा।उसके बाद क्षेत्र में स्थिति को देखते हुए दुर्गावती जलाशय परियोजना पर जाकर बाढ़ के पानी का निरीक्ष किया.निरिक्ष में देखा गया की दुर्गावती जलाशय खतरे के निसान से ऊपर है नदी का फाटक खोल दिया गया है पानी नदी में गिर रहा था. वही डीएम सावन कुमार ने बताया की प्रथम स्टेप तो मेरा था हॉस्पिटल देखना, पाया गया की काफी मर्ज हो चुका है,हॉस्पिटल में मरीज नही हैं, दवाई है, कोल्डस्टोरेज जो है मेरा उसको निकालना है जो निकाल कर सुरक्षित स्थान पर रखा जा रहा है.उसके बाद सिडीपियो,अंचल कार्यालय के पीछे डूबा हुआ है कागजातों ,कम्पीयूटर फर्नीचर को सुरक्षित स्थानों पर रखने को कहा गया है.यह सब गार्डों की कमी कही जायेगी इन लोग द्वारा रात्रि में ही पदाधिकारियों को सूचित किया होता तो पानी भरने से पहले समान को दूसरे जगह पर सिप्ट कर दिया गया रहता.वीडियो दृष्टि पाठक, थानाध्यक्ष विनय कुमार सहित सभी पदाधिकारियों को नजर रखने हेतु बोल दिया गया है.मैं दुर्गावती जलाशय जा रहा हूं ताकि वहा जो भी पानी छोड़ा जाए ग्रेजवली खोला जाए. मौके पर कैमूर सीएस,वीडियो,थानाध्यक्ष उपेंद्र पांडे भगवानपुर मुखिया, पुष्कर पांडे समाजसेवी शाहिद काफी लोग उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### भाजपा पूर्व प्रत्याशी रामराज वनवासी की पत्नी राधिका देवी का निधन,उमड़ा समर्थको की भीड़



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश प्रसाद सोनी, सैदपुर।** सैदपुर थाना क्षेत्र के पौटा ग्राम निवासी वनवासी समाज में अहम भूमिका निभाने वाले जखनिया विधानसभा के भाजपा पूर्व प्रत्याशी रामराज वनवासी की पत्नी राधिका देवी का जिनकी उम्र 60वर्ष थी मंगलवार शाम को निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थी जिनका इलाज गाजीपुर में चल रहा था। उनकी मृत्यु की खबर पाकर भाजपा जनपद के वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं अन्य गणमान्य लोग लोगों ने संवेदना व्यक्त किया और बेहद सरल सौम्य स्वभाव के रामराज को लोगों ने ढाढ़स बढ़ाया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, महामंत्री दयाशंकर पांडेय, मुराहू राजभर, मनोज बिन्द, प्रशांत सिंह, सोभनाथ यादव, पंकज सिंहा, संजीव कुमार गुप्त, मंटू सिंह, सर्वानंद सहित पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता एवं वनवासी समाज के लोग उपस्थित रहे।

### मेरा मिट्टी मेरा देश के तहत प्रधानों ने पूरा करने का लिया संकल्प



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर।** जखनियां ब्लाक परिसर में आज अमृत काल महोत्सव के तहत मेरा माटी मेरा देश का कलश को लेकर आज प्रधानों व ब्लाक कर्मचारियों ने शत प्रतिशत मेरा देश मेरा माटी अभियान को पूरा करने का संकल्प लिया। तथा वन्दे मातरम् के नारे लगाए गए। इस मौके पर एडीओ पंचायत राजकमल गौरव ने कहा कि मेरा माटी मेरा देश का कार्यक्रम सरकार के मनसा अनुरूप हर गांव में चल रहा है। जिसमें गांव के हर घर से मिट्टी को भरकर कलश में रखी जा रही है। तथा कलश को लखनऊ तक भेजा जाएगा ।उन्होंने कहा कि अपने धरोहरों को बचाने का एक बड़ा मुहिम में हर लोगों को शामिल होना चाहिए ।इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि सर्वानंद सिंह, अशोक गुप्ता, श्याम पत राजभर,हरिकेश यादव,सिकानू राम, रामजियावन यादव,तेजप्रताप उर्फ सोनू सिंह,मदन कुमार,संतोष यादव,हरिशंकर चौहान, श्रीकेश गोड,संजय राजभर,गोविंद यादव,मनोज राम,अखिलेश तिवारी,सतीश कुमार, फैज अहमद,सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### दरवाजा जलाकर लाखों रुपए का बैटरी और सामान चोरों ने किया पार, जांच में जुटी पुलिस



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता , रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के देवा गांव स्थित गाजीपुर आजमगढ़ राजमार्ग पर बैटरी व हार्डवेयर की गोदाम में चोरों ने दिया बड़ी चोरी के घटना को अंजाम ।गोदाम मालिक विकास जायसवाल ने बताया कि चोरों ने पीछे से लकड़ी के दरवाजा को जलाकर अंदर प्रवेश किया ।जिसमें छोटी बड़ी 40 बैटरी जिसकी कीमत 200000 दो लाख तथा 10 पेटी मोबिल कीमत लगभग पचास हजार ,10 पीस टायर कीमत लगभग चालीस हजार ,32 चैनल का डीवीआर कीमत लगभग तीस हजार चोरी हुई। अनुमान लगाया जा रहा है कि चोर पहले रैंकिंग किए होंगे और रात में किसी वाहन में सामान को लाद कर फरार हो गए। सुबह 8:30 बजे गोदाम खोलने गए तो टूटा दरवाजा देखकर गोदाम मालिक विकास जायसवाल के होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना 112 पीआरबी पुलिस को दी मौके पर थाने के उपनिरीक्षक यज्ञनारायण यादव अन्य पुलिसकर्मी जांच पड़ताल में जुड़ गए। मालूम उसको इसके पूर्व में भी सोनू गुप्ता के कोल्ड ड्रिंक के गोदाम में भी चोरों ने चोरी घटना को अंजाम दिया था ।जिसका खुलासा आज तक नहीं हो पाया।

### जखनियां पूर्व भाजपा प्रत्याशी की पत्नि का निधन



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** ग्राम पंचायत -पौटा,भितरी , गाजीपुर के निवासी,भारतीय जनता पार्टी के नेता तथा जखनियां विधानसभा के पुर्व प्रत्याशी रामराज बनवासी की धर्मपत्नी राधिका देवी उम्र 60 वर्ष का आज मंगलवार रात्रि 9-30 बजे चिकित्सा के दौरान गाजीपुर जिला चिकित्सालय में अचानक निधन हो गया है। उन्होंने अपने पिछे पति रामराज बनवासी सहित दो पुत्रों तथा तीन पुत्रियों को छोड़ गयी है।पार्थिव शरीर की अंत्येष्टि बुधवार पुर्वाह्न 10-00 बजे, जौहरगंज श्मशान घाट,सैदपुर पर होगी।इस असामयिक निधन पर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने गहरा दुख प्रकट किया है।और कहा कि पुरी भारतीय जनता पार्टी इस निधन पर शोक-संतप्त परिजनों के साथ है तथा मृतात्मा के शान्ति तथा परिजनों के धैर्य साहस की कामना प्रार्थना करती है। पार्टी के पुर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी राय, भानुप्रताप सिंह,सरोज कुशवाहा, ओमप्रकाश राय,प्रवीण सिंह,दयाशंकर पांडेय, अवधेश राजभर, शशिकांत शर्मा, विरेन्द्र चौहान, अच्छेलाल गुप्ता, सुरेश बिन्द आदि ने गहरा दुख प्रकट किया है।

# छात्रों से हो रही अवैध वसूली सहित 32 सूत्रीय मांग पत्र छात्रों ने सौंपा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** पीजी कॉलेज गाजीपुर छात्र संघ प्रतिनिधि मंडल के नेतृत्व में छात्रों ने प्रबंधक के नाम संबोधित पत्रक को प्राचार्य कि अनुपस्थिति में अतिरिक्त एसडीएम चन्द्रशेखर यादव को महाविद्यालय में छात्रों से हो रही अवैध वसूली सहित 32 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने बताया कि कालेज में छात्रसंघ चुनाव न होने से छात्रों से अवैध वसूली की जा रही है और मनमाने ढंग से फीस वृद्धि कर छात्रों पर आर्थिक बोझ डालकर मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा और एक व्यक्ति/दुकान विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए वेबसाइट की आनलाइन प्रक्रिया को कठिन कर मोटी रकम वसूली जा रही है जिसे छात्र कदापि बर्दाश्त नहीं करेंगे इसके साथ ही छात्रसंघ चुनाव कि तिथि घोषित कराने कि मांग कि। वही छात्र नेता धीरज सिंह ने कहा कि प्राचार्य महाविद्यालय में समय से उपस्थित नहीं रहते हैं वे प्रत्येक दिन दोपहर दो बजे के बाद आते हैं अन्यथा नहीं आते अपने मनमाने ढंग से कालेज को संचालित कर रहे हैं जिससे छात्रों को किसी प्रकार कि समस्या होने पर उन्हें मायूस हो कर जाना पड़ता है जिससे छात्रों में रोष व्याप्त है, वही छात्र नेता प्रिस प्रजापति ने कहा कि महाविद्यालय में छात्रों को नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत पढ़ने के लिए पुस्तकें नहीं है तो शुद्ध पेयजल हेतु आरो मशीन कि कमी एवं मरम्मत हीन है,वही छात्र नेता रविकांत यादव ने कहा कि महाविद्यालय कि टीसी-चरित्र के नाम पर महाविद्यालय द्वारा जबरिया मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है जिसे छात्र बर्दाश्त नहीं करेंगे,वही शैलेश यादव ने कहा कि प्रत्येक कक्षाओं को नियमित चलाया जाए तथा समय से विभागों को खोला व बंद किया जाए। वही छात्र नेता निखिल भारती ने कहा कि छात्रों कि समस्याओं के समाधान हेतु आनलाइन वेबसाइट पर लिंक अपलोड किया जाए साथ ही महाविद्यालय में एक काउंटर बनाकर छात्रों को पठन-पाठन, परीक्षा,फीस सम्बंधित समस्याओं का निस्तारण हेतु काउंटर स्थापित किया जाए। छात्र नेता अभिषेक चौरसिया व संयुक्त छात्रों ने एक स्वर में कहा कि यदि हम सभी कि 32 सूत्रीय मांगों को गंभीरता से लेते हुए एक सप्ताह में पूर्ण नहीं किया गया तो हम सभी छात्र नेतागण् धरना प्रदर्शन पर बैठने को बाध्य होंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी। पत्रक सौंपने वालों में छात्र नेता अभिषेक चौरसिया,अमृतेश बिन्द, ईश्वर चंद्र यादव, विकास यादव, राहुल कुमार, निलेश बिन्द,अंकित चौरसिया, शैलेश यादव,धीरज सिंह,प्रिस प्रजापति, रविकांत यादव, अभिषेक वर्मा,शनि कुमार साहनी, रणविजय प्रताप, धन्नजय प्रताप, दीपक उपाध्याय,पलक सिंह, शिवांगी शर्मा, रंजना यादव, श्वेता शर्मा, वन्दना कुशवाहा इत्यादि छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

## सड़क के किनारे गड्ढे खोदे जाने से कई स्कूली वाहन पलटने से बची



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर।** शासन के निर्देश पर गांव में विकास की लहर दौड़ने की योजना में लापरवाही के वजह से आम जनजीवन पर पड़ रहा असर। मालूम हो की कुछ दिन पहले सड़क के किनारे गड्ढे खोदकर हर गांव को ब्रॉडबैंड से जोड़ने के लिए सड़क के किनारे गड्ढे खोदकर तार बिछाने का कर तो किया गया लेकिन गड्ढे को सही से पाटा नहीं गया तथा बाद में जल निगम के पाइप बिछाने का कार्य करने के लिए गड्ढे खोदे गए लेकिन गड्ढे को सही से पाटा नहीं गया ।जिसका नतीजा रहा की आज दो जगह स्कूली वाहन गड्ढे में फंसने से बाल बाल दर्जनों बच्चे बचे ।कहीं ना कहीं ठेकेदारों की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। अभी दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के दामोदरपुर गांव में मां पार्वती चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल देवा का मैजिक गड्ढे में ही पलटने से बाल बाल बच्चे बच गए।तत्काल चालक ने बच्चों को मैजिक वाहन से बाहर निकाल और काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला जा सकता। इसी तरह तिरछी गांव के पास जखनिया से अमारी जाने वाली मार्ग पर भी निजी स्कूल की बस नहर में पलटने से बाल बाल बचे।

## शादियाबाद इंस्पेक्टर के स्थानांतरण की खबर सुनते ही क्षेत्र की जनता हुई मायूस



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** इंस्पेक्टर शादियाबाद सत्येन्द्र कुमार राय का स्थानांतरण जौनपुर जिले में होने की खबर सुनते ही शादियाबाद क्षेत्र की जनता मायूस हो गई है। हर लोगों की जुबान पर एक ही शब्द सुनने को मिल रहा है कि अभी इंस्पेक्टर साहब को शादियाबाद रहना चाहिए था। लोगों का कहना है कि ऐसे व्यवहार के इंस्पेक्टर बहुत कम मिलते है जो जनता के प्रति शालीन व्यवहार से पेश आते हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो इंस्पेक्टर सत्येन्द्र कुमार राय जिन -जिन थानों पर रहे हैं इनकी कार्य सराहना रहा है और इनकी चर्चा स्टाफ के लोग भी करते हैं। बीते वर्ष इंस्पेक्टर सत्येन्द्र कुमार राय ने नंदगंज थाना का भी कमान संभाल चुके हैं वहां के लोग यह भी बताते हैं कि पहले नंदगंज थाना देखने में पुराना लगता था लेकिन इंस्पेक्टर साहब ने नंदगंज थाना को नंदगंज थाना बना दिये,दिवाल पर भी टाईल्स देखने को मिलतीं है। वहीं थाना क्षेत्र के ढेलवा गांव में अवैध शराब खूब बनता था लेकिन इंस्पेक्टर साहब ने एक मुहिम चलाकर अवैध शराब बनाने वाले पर कठोर कार्यवाही किया था। जिनकी चर्चा आज भी ग्राम प्रधान कमलेश कुमार बिंद समेत ग्रामवासी करते हैं । इंस्पेक्टर सत्येन्द्र कुमार राय का भांवरकोल थाना में भी कार्यकाल सराहना रहा है। वहां के लोग आज भी इनकी तारीफ करते हैं। भांवरकोल थाना को काफी अच्छा सजावट के साथ बनाया है। वहां अपराध व गौ तस्करी पर काफी रोक लगाने में कामयाब रहे। इंस्पेक्टर सत्येन्द्र कुमार राय का स्थानांतरण जौनपुर जिले में होने से क्षेत्र जनता में मायूसी देखने को मिली हर कोई कह रहा है कि इंस्पेक्टर साहब फरियादियों के साथ बहुत अच्छा व्यवहार करते हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो कल से ही इंस्पेक्टर साहब के मोबाईल पर क्षेत्र के लोगों का फोन का सिलसिला जारी है।

## पत्रकार ने साजिश के तहत एफआईआर दर्ज करने का लगाया आरोप



N.C.R.B (एन.सी.आर.बी)

FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 154 Cr.P.C.)
प्रथम सूचना रिपोर्ट
(धारा 154 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत)

1. District/Unit (जिला/इकाई): गाज़ीपुर P.S. (थाना): भुड़कुड़ा Year (वर्ष): 2023
FIR No. (प्र.सू.रि. सं.): 0120 Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय): 01/10/2023 16:45 घंटे

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | भा द सं 1860 | 323 |
| 2 | भा द सं 1860 | 353 |
| 3 | भा द सं 1860 | 384 |
| 4 | भा द सं 1860 | 504 |
| 5 | भा द सं 1860 | 506 |

3. (a) Occurrence of offence (अपराध की घटना):
1 Day (दिन): रविवार Date from (दिनांक से): 01/10/2023 Date To (दिनांक तक): 01/10/2023
Time Period (समय अवधि): पहर 4 Time From (समय से): 10:15 बजे Time To (समय तक): 10:15 बजे
(b) Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई): Date (दिनांक): 01/10/2023 Time (समय): 16:45 बजे
(c) General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ): Entry No. (प्रविष्टि सं.): 042 Date and Time (दिनांक और समय): 01/10/2023 16:45 बजे

4. Type of Information (सूचना का प्रकार): लिखित

1

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** पत्रकार ने साजिश के तहत एफआईआर दर्ज करने का गंभीर आरोप लगाया है। जिसको लेकर पत्रकारों में रोष है। एक तरफ सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा तमाम पत्रकारों की सुरक्षा के बात को लेकर दिशा निर्देश तो दिया जाता है लेकिन पत्रकारों को आए दिन खबर कवरेज करने को लेकर उत्पीड़न किया जाता है। एक ऐसा ही मामला जिले के भुड़कुड़ा कोतवाली क्षेत्र का है जहां एक दैनिक अखबार के स्थानीय पत्रकार सुरेश चंद्र पांडेय ने आरोप लगाया है मुझे साजिश के तहत फर्जी मुकदमा कराकर फंसा दिया गया है। सुरेश ने बताया कि बीते एक अक्टूबर को कोतवाली क्षेत्र के सदरजहांपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में स्वच्छता अभियान का कवरेज करने गया था। उन्होने बताया कि वहां खबर कवरेज करके सड़क पर आया और ज्यों बाईक पर बैठना चाहा तभी वहां सहायक अध्यापक और अनुदेशक ने गमछा से गला कसते हुए टांग कर विद्यालय के अंदर ले जाने लगे और ले जाकर मार पीट किये। देखते ही प्रधानाध्यापक और ग्रामीणों ने पत्रकार का किसी तरह जान बचाया। इसके बाद पत्रकार ने तहरीर संबंधित चौकी पर दिया। उसके बाद भुड़कुडा कोतवाली में भी दो के खिलाफ नामजद तहरीर दिया। पत्रकार का आरोप है कि पूरे संयंत्र के तहत अध्यापक भी मेरे खिलाफ तहरीर दिया। सही मामला जानने के लिए सिद्ध पीठ भुड़कुडा में कसम खाने की बात आई तो मैं मठ के अंदर चला गया लेकिन अध्यापक अनुदेशक ने बाहर रह गए और कुछ लोगों को बुलाकर समझौता करने का दबाव डालने लगे। जरा आप भी सोचिए अगर अध्यापक सही होते तो तुरंत मठ का कसम खा लेते। जखनियां बाजार में हर चट्टी चौराहा पर चर्चा हो रही है कि इतने सीधे साधे पत्रकार को फंसा दिया गया। बरहाल पत्रकार के ऊपर सरकारी काम में बांधा डालना,पैसा मांगना समेत कई आरोपों में एफआईआर दर्ज कर दिया गया लेकिन आश्चर्यजनक बात तो यह है कि रविवार के दिन कौन सा सरकारी काम हो रहा था। इसको लेकर बहुत जल्द पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल एसपी ओमवीर सिंह से मिलकर न्याय की गुहार लगायेंगे। अगर न्याय नहीं मिला तो पत्रकार धरने पर बैठने के लिए बाध्य होंगे।

### गाजीपुर थाना मरदह पुलिस द्वारा भैंस चोरी कर के ले जा रहे 3 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पांडेय, मरदह गाज़ीपुर।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 04.10.2023 को रात्रि में ग्राम रायपुर बाघपुर मे भैस चोरी की सूचना पर चोरी कर ले जा रहे भैस के साथ तीन व्यक्तियो को ग्राम रायपुर बाघपुर के ग्रामवासियो के मदद से पकड़कर थाना स्थानीय पर लाया गया है, जिसमे वादी मुकदमा के तहरीर पर थाना स्थानीय पर संबन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है । पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान .लक्ष्मन पासवान पुत्र नखड़ पासवान आदी तीन निवासीगण ग्राम छोटीबकवल थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ पंजीकृत होकर अभियुक्त लक्ष्मन पासवान के निशानदेही पर थाना सुहवल से चोरी गयी मोटर साइकिल को ग्राम रायपुर बाघपुर मंदिर के पास से थाना स्थानीय पुलिस द्वारा बरामद करते हुए बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाज़ीपुर।** अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर संचालित साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में पीजी कॉलेज मलिकपूरा पर विभिन्न प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर उन्तीस सितम्बर से चार अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के रूप में निबन्ध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता,पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के कार्यक्रम अधिकारी/संयोजक महाविद्यालय के सैन्य विज्ञान विभाग प्रभारी प्रिंस कुमार कसौधन के अनुसार, निबन्ध प्रतियोगिता में हेमलता जायसवाल प्रथम, अनुष्का सिंह द्वितीय तथा दिशा सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अंशिका यादव, द्वितीय स्थान पर प्रिया एवं तृतीय स्थान पर प्रीति रही। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अभिषेक राय, द्वितीय स्थान पर आँचल चौहान तथा तृतीय स्थान पर पीयूष यादव रहे। कार्यक्रमों के आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने भी भागीदारी निभाई।

### महिलाओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन सम्पन्न



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत बच्चन सिंह सेवाश्रम हॉस्पिटल चिल्लर नंदगंज में वृहद वृक्षारोपण व महिलाओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन सम्पन्न हुआ। पर्यावरण की बेहतरी के लिए परिषद की ओर से प्रत्येक वर्ष वृक्षारोपण किया जाता है। इस वर्ष सागौन, अशोक, केंडुला, आम,अमरूद, कटहल, अनार, नींबू आदि के 111 फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संरक्षक विजय सर्राफ द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। महिलाओं के बीच संपन्न प्रतियोगिता के कुर्सी दौड़ में रीना पांडेयप्रथम, मेहंदी में नीरज सिंह प्रथम, रीना पांडेय द्वितीय ,शालिनी सिंह तृतीय, गायन में प्रतिभा सिंह प्रथम ,अनीता तिवारी द्वितीय, निरुपमा उपाध्याय तृतीय,भाषण में मनोरमा राय प्रथम, आभा किरण सिन्हा द्वितीय, बिना आग के भोज्य पदार्थ में मोहिनी श्रीवास्तव" दही बड़ा "प्रथम सविता व माया रानी "पापड़ी", अनीता तिवारी, निरुपमा उपाध्याय अंकुरित चाट ,द्वितीय। रीना पांडेय "सैंडविच " ,संगीता केशरी वआभा किरण सिन्हा "सत्तू" तीसरे पायदान पर रहीं।

### सपा की कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर** । जखनियां रेलवे स्टेशन के परिसर में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने आज सपा की स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर सपा के ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रवेश गोड ने कहा कि सपा पार्टी का गठन 4 अक्टूबर 1992 में मुलायम सिंह यादव जी ने किया था और अपने जीवन काल में मुलायम सिंह यादव रक्षा मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री के पद पर आसीन रहते हुए देश में नई क्रांति लाने का कार्य किया। अब सपा का कार्यभार पूर्व सीएम अखिलेश यादव में मजबूत हो रहा है।कार्यकर्ताओ ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया ।इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख गरीब राम, अवधेश यादव सोनू यादव, शमीम अहमद, बहादुर यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बैठक | जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न

# महिलाओ को निःशुल्क भोजन, दवा एव ड्राप बैंक की सुविधा, ओपीडी एवं अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता , रमेश प्रसाद सोनी।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जननी सुरक्षा योजना कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओ को निःशुल्क भोजन, दवा एव ड्राप बैक की सुविधा, ओ0पी0डी0, एवं अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। सी0एच0सी0 ज़खनिया, भदौरा एवं सैदपुर मे कम ओ0पी0डी0 पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित एम0ओ0वाई0सी0 को समीक्षा करने एवं समस्त सी0एच0सी0, पी0 एच0सी0 पर सी0सी0टीवी कैमरा का संचालन रिकॉर्डिंग मोड पर रखने का निर्देश दिया। बैठक मे बरुइन एम0ओ0वाई0 सी के अनुपस्थित होने पर वेतन रोकने एवं रेवतीपुर, जखनिया एम0ओ0वाई0सी0 के कार्यो मे कम प्रगति पर स्पष्टिकरण का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उन्होने कहा कि हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर आवश्यक दवाओ की उपलब्धता रहे, ओ0पी0डी0 का संचालन तथा नियमित रूप से सी0एच0ओ0 एवं एन0एम0 की उपस्थिति का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित चिकित्सा अधीक्षको को हेल्थ वेनलेस सेन्टर की क्रियाशीलता बराबर चेक करते रहने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उन्होने जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव के सम्बन्ध मे जानकारी लेते हुए इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओ को निःशुल्क भोजन, तथा दवा एव ड्राप बैंक की सुविधा के साथ-साथ 48 घण्टे रोके जाने के निर्देश दिये। बैठक मे जिलाधिकारी ने ई-कवच, जननी सुरक्षा योजना, जे0एस0वाई के भुगतान, मातृत्व मृत्यु दर की समीक्षा, परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीकाकरण, आशा/जे एस वाई भुगतान, क्षय रोग नियंत्रण, कुष्ठ उन्मूलन, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, आयुष्मान कार्ड, जन्म-मृत्यु पंजीयन,एवं अन्य बिन्दुओ पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होने कहा कि जो भी शासन की योजनाए संचालित है उसका शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हो, कोई भी पात्र योजना से वंचित न रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज, मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एन एच एम), मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, समस्त एम ओ वाई सी एंव अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्राम प्रधान ने सैकड़ों ग्रामीणों के साथ किया प्रदर्शन




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** कासिमाबाद विकासखंड क्षेत्र के सलेमपुर गांव के ग्राम प्रधान सहित सैकड़ो लोग एक महिला संग परिवार द्वारा नाली व सड़क को क्षतिग्रस्त कर अवैध निर्माण के विरोध में ब्लॉक मुख्यालय पर मंगलवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर खंड विकास अधिकारी को पत्रक सौंप कर सरकारी कार्य में बाधा सहित वर्षो से चले आ रहे सड़क और नाली को सुचारू से संचालित करने की मांग की है। मंगलवार के दिन विकासखंड सलेमपुर गांव के ग्राम प्रधान सहित सैकड़ो लोग ग्राम सभा के एक महिला संग परिवार पर सड़क और नाली को क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाते हुए ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन कर खंड विकास अधिकारी को पत्रक सौंप कर कार्रवाई की मांग की ।ग्रामीणों ने बताया कि सलेमपुर गांव में प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से सटे संपर्क मार्ग का निर्माण वर्ष 2005 में जवाहर रोजगार योजना के तहत ग्राम प्रधान के द्वारा 300 मीटर का खड़ंजा और नाली का निर्माण कराया गया था। जिसकी मरम्मत वर्ष 2015-2016 में तत्कालीन ग्राम प्रधान द्वारा अपने निधि से कराया गया था ।परंतु वर्तमान में शीला पत्नी अमर दयाल राजभर और उनके परिजन द्वारा वर्षों से चले आ रहे हैं नाली और सड़क को क्षतिग्रस्त कर अपने तरफ से अवैध निर्माण कर लिया है।यही नहीं सड़क को उखाड़ कर अवैध अतिक्रमण कर खड़ंजे पर नाली का निर्माण कराने की फिराक में है। यही नहीं सड़क पर गड्ढा खोद दिए हैं जिससे ग्राम वासियों को आगमन बाधित हो गया है। विपक्षी परिजनों द्वारा सड़क और नाली क्षतिग्रस्त के मामले को लेकर ग्राम प्रधान सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन कर सरकारी कार्य में बाधा और वर्षो से चले आ रहे नाली को सुचारू से संचालित करने की मांग करते हुए सरकारी कार्य में रुकावट करने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन करने वाले लोगों में ग्राम प्रधान हरिराम खरवार, उमेश कुमार हीरामन, सत्यदेव राजभर, रमाशंकर राजभर ,वीरेंद्र ,विक्रम राजभर ,हरिहर राम, प्रमिला देवी, निर्मला देवी ,प्रभावती देवी ,उषा देवी, चंद्रावती देवी ,दुर्गावती देवंती ,बसंती ,लीला सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही।इस संदर्भ में कासिमाबाद खंड विकास अधिकारी भीमराव प्रसाद ने बताया कि सर्वप्रथम काम को बंद करा दिया गया है। एडीओ पंचायत द्वारा मौके की स्थिति की जांच कर रिपोर्ट मिलने के बाद कार्य किया जाएगा।

## ख़ास ख़बर

### ज्योग्राफिकल टूर हेतु छात्राओं का दल रवाना



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा।** नाला डिग्री कॉलेज से ज्योग्राफिकल टूर हेतु छात्राओं को रवाना किया गया मालूम होगी सत्र 2020-23 के छात्र जिन्होंने सेमेस्टर 6 की परीक्षा दे चुके हैं वैसे छात्राओं को ज्योग्राफी कल टूर हेतु मैथन सहित विभिन्न जगह में ले जाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य गुणमय दास के द्वारा सभी छात्र छात्राओं को विधिवत रूप से रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण में 62 छात्राएं शामिल हैं। मौके पर प्रोफेसर संजीव मिश्रा, प्रोफेसर बलराम सिंह, प्रोफेसर सद्दाम हुसैन, प्रोफेसर संजय कुमार ठाकुर सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षक शिक्षकेतर कर्मी मौजूद थे।

### नाला थाना में जनता दरबार का हुआ आयोजन




**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार को नाला थाना में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएसपी मनोज कुमार झा भी मौजूद रहे। मालूम हो कि इस दौरान विभिन्न क्षेत्र से आये गणमान्य लोग तथा आम जनता के द्वारा विभिन्न समस्याओं को रखा गया। हालांकि निरंतर हो रहे बारिश के कारण अपेक्षाकृत लोगों का जूटान कम देखा गया। इस क्रम में उपस्थित लोगों के द्वारा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को रखा गया। जिसमें मुख्य रूप से शराब दुकान, ज्वेलरी तथा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने की भी बात उठी, इसके अलावे बाजार में मूल्य निर्धारण करने की भी बात सामने आई ।लोगों का कहना है कि बाजार मूल्य निर्धारण नहीं होने के कारण व्यवसायी अपने मनमानी ढंग से वस्तु की कीमत लगा रहे हैं। इसके अलावे पुराने सरकारी भवनों जो बेकार और खाली पड़े हुए है को राजस्व के ख्याल से उसे व्यवस्थित करने की भी बात कही गई ताकि सरकार को राजस्व का भी संग्रहण हो सके। वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा ने कहा कि सभी समस्याओं को वरीय पदाधिकारी के संज्ञान में दी जाएगी। उन्होंने अगली बैठक में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जनता दरबार में उपस्थित होने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि बैठक में सभी विभागों से संबंधित समस्याएं आ रही है जिसमें जमीन विवाद, इलेक्ट्रिक तथा विभिन्न विभागों की समस्या आ रही है, इसलिए उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को भी जनता दरबार में मौजूद होने की बात कही। इस अवसर पर बैठक में नाला प्रभाग के पुलिस निरीक्षक अब्दुल रहमान, थाना प्रभारी महेश मुंडा, अवर निरीक्षक रंजीत राम, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक शंभू नाथ दत्ता, विधायक प्रतिनिधि वासुदेव हांसदा, समिति सदस्य गुलशन अली ,समर माजी,बीस सूत्री सदस्य जनार्दन भंडारी,गुनधर मंडल,सुनील राय, शांति घोष, शेख मुस्ताक ,बहादुर मित्र, डोमन राय अंगना मान्य लोग तथा आम नागरिक मौजूद थे।

### आल इण्डिया एनसीसी क्विज कंपटीशन में गोमो के ऋषिकेश ने झारखंड का नाम रौशन किया



**संवाददाता गोमो।** थल सैनिक कैंप नई दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया नेशनल केडेट कार्प्स एनसीसी क्विज कंपटीशन में गोमो के ऋषिकेश गोस्वामी ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर धनबाद जिला सहित झारखंड का नाम रौशन किया है। ऋषी केश लोको बाज़ार गोमो निवासी दिलीप गोस्वामी का पुत्र है तथा पी के राय मोमोरियल कॉलेज धनबाद का स्नातक द्वितीय वर्ष का छात्र है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता तीसरा स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रौशन किया है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दिल्ली का रहने वाला योगेश कटारिया, गोल्ड मेडल, द्वितीय स्थान में केरल का रहने वाला मिथांन को रजत एवं तृतीय स्थान पर ऋषिकेश गोस्वामी (गोमो ) झारखंड का परिनिधित्व कर रहे थे। उन्हे ब्राउन मेडल प्राप्त करने में सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि ऑल ओवर इंडिया के 17 शाखों से एन सीसी कैडर को चयनित कर कंपटीशन के लिए चयनित किया गया था। ऋषि केश की सफलता पर एनसीसी के धनबाद जिला शाखा सहित झारखंड एनसीसी के ट्रेनरों पी के रॉय मेमोरियल कॉलेज के प्रिंसिपल व शिक्षकों ने बधाई दी है।

सीएम हेमन्त सोरेन ने राज्य के सातवें अत्याधुनिक मेधा डेयरी प्लांट का किया शुभारंभ

# कृषि एवं वन उपजों को बाजार भी उपलब्ध कराएंगे, एमएसपी भी तय करेंगेः हेमंत सोरेन

**संवाददाता, रांची।** किसान आगे बढ़ेगा तभी राज्य और देश भी आगे बढेगा। इस संकल्प के साथ किसानों- पशुपालकों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को पलामू में राज्य का सातवां अत्याधुनिक डेयरी प्लांट राज्यवासियों को समर्पित करते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह डेयरी यहां के किसानों - पशुपालकों के जीवन में बदलाव लाने में वरदान साबित होगा।



**किसान अपने पैरों पर खड़े हो सकेंः** मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान अपने पैरों पर खड़े हो सकें। इनकी आमदनी में इजाफा हो। ये बेहतर तरीके से जीवन यापन कर सकें। इसके लिए सरकार ने कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने किसानों पशुपालकों से कहा कि आप सरकार की योजनाओं से जुड़कर इसका लाभ ले और राज्य को भी मजबूती देने में योगदान करें। आप एक कदम आगे बढ़ेंगे तो सरकार आपको चार कदम आगे बढ़कर सहयोग करेगी।

**जलवायु परिवर्तन से बढ़ रही चुनौतियांः** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हो रहे जलवायु परिवर्तन से हमारी चुनौतियां भी बढ़ रही है। इसका इससे सबसे ज्यादा किसान प्रभावित हो रहे हैं । मौसम में आ रहे इस बदलाव से कहीं बाढ़ आ रहा है तो कहीं सुखाड़ की स्थिति पैदा हो रही है। इस वजह से फसल उत्पादन प्रभावित हो रही है। अगर हम अभी सचेत नहीं हुए तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने की लिए तैयार रहना होगा। ऐसे में वैकल्पिक खेती और इससे जुड़े अन्य कार्यों की दिशा में आगे आगे आना होगा । इसके लिए सरकार ने कई योजनाएं भी शुरू की है । आप इस योजनाओं से जुड़े और खुद को जलवायु परिवर्तन के बीच खुद को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएं।

**बिरसा हरित ग्राम योजना का लाभ लेंः** मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम में जिस तरह की अनिश्चिता बनी रहती है , उसको देखते हुए सरकार ने बिरसा हरित ग्राम योजना शुरू की है। किसान इस योजना से जुडें और अपनी जमीन में विभिन्न प्रकार के फलदार पेड़ लगाएं। इसके लिए सरकार की ओर से आपको पेड़ लगाने के साथ पेड़ बचाने के लिए भी सरकार आर्थिक मदद कर रही है। इस योजना का लाभ लेकर आप कृषि के साथ-साथ फलों से भी अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं।

**पशुधन को दे रहे हैं बढ़ावाः** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में किसानों के लिए पशु काफी मायने रखती है । ऐसे में किसानों को पशुधन से समृद्ध करने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना शुरू की है । इसके तहत 90 प्रतिशत सब्सिडी पर किसानों- पशुपालकों को पशु दिए जा रहे हैं । इतना ही नहीं, पशु शेड के लिए भी सरकार आर्थिक मदद कर रही है। इस योजना का मकसद किसानों को पशुपालन से जोड़कर उनकी आय को बढ़ाना है।

**दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसरः** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने किसानों पशुपालकों को कहा कि सरकार डेयरी प्लांट खोल सकती है , लेकिन इसे चलाने का जिम्मा आपका है । आप जितना ज्यादा दूध इस प्लांट को उपलब्ध कराएंगे , उतना ही ज्यादा दुग्ध और दुग्ध उत्पाद यहाँ तैयार होंगे। इससे ना सिर्फ यह डेयरी प्लांट मजबूत होगा, बल्कि आपकी भी आमदनी बढ़ेगी । उन्होंने कहा की जरूरत पड़ी तो यहां और भी डेयरी प्लांट स्थापित किए जाएंगे।

**वन उपजों को बाजार उपलब्ध कराएंगेः** मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि और वन उपजों की दृष्टिकोण से झारखंड काफी समृद्ध है। ऐसे में यहां के वन उपजों को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है । इस दिशा में सिदो कान्हू कृषि एवं वनोपज फेडरेशन गठन किया गया है। इसके जरिए कृषि और वन उपज को बाजार भी उपलब्ध कराया जाएगा तथा इसका एमएसपी भी तय होगा। इसके माध्यम से किसानों को अपने इन उत्पादों का उचित मूल्य मिल सकेगा।

**दूध पर 3 रुपए प्रति लीटर दी जा रही प्रोत्साहन राशिः** ज्ञात की राज्य सरकार के द्वारा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पशुपालकों को दूध पर 3 प्रति लीटर की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसी के तहत यहां के किसानों- पशुपालकों के लिए प्रोत्साहन राशि के रूप में 21 करोड़ 90 लाख रुपए का चेक आज सरकार के द्वारा मेधा डेयरी के एमडी को सौंपा गया।

**25 हज़ार किसानों- पशुपालकों कों होगा फायदाः** पलामू का मेधा डेयरी प्लांट राज्य का सातवां डेयरी प्लांट है। लगभग 28 करोड रुपए की लागत से निर्मित इस अत्याधुनिक डेयरी प्लांट से लगभग 25 हज़ार किसानों- पशुपालकों को सीधा फायदा होगा। इस डेयरी की वर्तमान में प्रतिदिन 50 हजार लीटर दूध की प्रोसेसिंग और पैकेजिंग की क्षमता होगी, जिसे एक लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाया जा सकेगा। यहां दूध के स्टोरेज और प्रोसेसिंग के लिए चार मिल्क सायलो लगाया गया है। इस डेयरी प्लांट का संचालन झारखंड मिल्क फेडरेशन करेगा। इस मौके पर मंत्री रामेश्वर उरांव और कृषि मंत्री बादल, विधायक रामचंद्र सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कृषि सचिव श्री अबू बकर सिद्दीक, पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल, पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा और जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

### महिलाओं के साथ छिन्नतई की घटना को अंजाम देने वाला मुख्य सरगना गिरफ्तार



**संवाददाता धनबाद।** धनबाद में लगातार मोटरसाईकिल अपराधियों द्वारा की जा रही छिन्नतई की घटना पर लगाम लगाने को लेकर धनबाद पुलिस की बड़ी कार्यवाही में मुख्य सरगना संजय स्वर्णकार को बोकारो जिला से धर दबोचा गया।धनबाद एस एस पी संजीव कुमार ने मिडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कुछ दिनों से लगातार धनबाद के विभिन्न क्षेत्रो में महिलाओं के साथ गहनों की छिन्नतई की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। जिसको लेकर घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के हीरालाल सोनार ,अकबर अंसारी और इमामुल अंसारी तीन अपराधियों को पुलिस ने पहले ही जेल भेज दिया था। पर मुख्य आरोपी संजय कुमार सोनार जो कि पुलिस के पकड़ से बाहर था सरायढेला पुलिस ने मुख्य आरोपी को भी बोकारो से छिन्नतई के सामान के साथ धर दबोचा है। जिससे पिछले कुछ दिनों से जिले में घटना पर लगाम भी लगी है। पकड़े गये अपराधी के पास से वजन करने की मशीन 16 नाक के आभुषण 7 कान की बाली 3 व झुमके बरामद किया गया है। सभी पकड़े गये सभी अपराधी बोकारो से आकर धनबाद के विभिन्न क्षेत्रो में छिन्नतई की घटना को अंजाम देते थे।

### सामाजिक कार्यकर्ता स्व0 शेफाली सेनगुप्ता के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**संवाददाता धनबाद।** मध्य विद्यालय खरिकाबाद में ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद द्वारा भारत ज्ञान विज्ञान समिति व साक्षरता अभियान के प्रारंभिक काल के खरिकाबाद के नेतृत्वकारी सामाजिक कार्यकर्ता बहन स्व0 शेफाली सेनगुप्ता को श्रद्धांजलि सभा ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद के कार्यकारिणी अध्यक्ष बालेश्वर बाउरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस श्रद्धांजलि सभा का संचालन सचिव भोला नाथ राम व धन्यवाद ज्ञापन रविंद्र कुमार राम द्वारा किया गया। मंचासिन में मुख्यरूप से भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय महासचिव डॉ0 काशी नाथ चटर्जी , ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के वैज्ञानिक चेतना उप समिति के अध्यक्ष प्रो0 डॉ0 दीपक कुमार सेन, रवि सिंह, श्याम सुन्दर पंडित, बिंदु वर्णवाल, सेविका जयंती देवी व स्व0 शेफाली दीदी के पुत्र अमित सेनगुप्ता उपस्थित थे। सर्व प्रथम स्व0 शेफाली सेनगुप्ता की तस्वीर पर उपस्थित लोगों द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ0 काशी नाथ चटर्जी द्वारा श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्व0 शेफाली दीदी मेरी बहन समान थी। । डेंगू के कारण एस. एन.एम.एम . अस्पताल में 1 अक्टूबर को ईलाज के क्रम में मृत्यु हो गई ।वर्ष 1994 से खरिकाबाद से अपना बहुमूल्य समय समाज को दिए जब महिलाएं घर से बहार जल्दी नहीं निकलती थी। वयस्क शिक्षा, बच्चो की शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता, शराब बंदी आंदोलन आदि में महत्वपूर्ण सहयोग रहा। स्व0 शेफाली दीदी के लिए प्रत्येक वर्ष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्त के अलावा अधिवक्ता सौरव चटर्जी, राजू बाउरी, प्रेम कुमार शर्मा, वंदना देवी, ललित भुइया आदि द्वारा श्रद्धांजलि देते हुए अपने विचार रखे। इस श्रद्धांजलि सभा को सफलता पूर्वक करने में उषा देवी, शोभा देवी , आलोक, पूनम देवी, प्रमिला देवी, विमलि देवी , कमला देवी, मंजू देवी आदि का सहयोग रहा।

### मध्य विद्यालय बारघरिया में शिक्षक- शिक्षिकाओं की मासिक गोष्ठी आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/ जामताड़ा।** गेड़िया शैक्षणिक अंचल के शिक्षक- शिक्षिकाओं की मासीक गोष्ठी मध्य विद्यालय बारघरिया में आयोजित की गई।गोष्ठी की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी ने की। इस दौरान उन्होंने शिक्षक-शिक्षिकाओं को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान विगत दिनों उपायुक्त द्वारा की गई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में कक्षा 1 से 8 तक एवं कक्षा 9 से 12 का अद्यतन नामांकन से संबंधित प्रतिवेदन, पाठ्यपुस्तक वितरण एवं ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर प्रविष्टि की स्थिति, आईसीटी योजना एवं स्मार्ट क्लास के संचालन की स्थिति,प्रयास कार्यक्रम से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन,छात्र-छात्राओं के पोशाक की राशि हेतू डीपीटी, बैंक खाते खोलने से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन, ई- विद्यावाहिनी पोर्टल पर शिक्षकोपस्थिति/छात्रोपस्थिति से संबंधित प्रतिवेदन, नोट बुक एवं स्कुल बैग वितरण से संबंधित प्रतिवेदन, मध्यान्ह भोजन योजना से संबंधित प्रतिवेदन, एसएमसी प्रशिक्षण कार्य योजना एवं संचालन से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन सहित विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा की गई। इस दौरान प्रयास कार्यक्रम में सभी विद्यालय में हाउस निर्माण करने तथा ईभीभी में पुस्तक एन्ट्री का प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया।इस अवसर पर प्रभारी बीपीओ नित्यानंद गोरांई, बीआरपी टुन टुन कुमार, सीआरपी परिमल मंडल, सीआरपी समीर महतो, शिक्षक सत्येंद्र कुमार सिन्हा, नवीन कुमार ,बच्चू सिंह, उत्तम कुमार लायेक ,राधा विनोद मंडल ,महेश्वर घोष फुरकान अंसारी ,शक्तिपद महतो, बैद्यनाथ पाल ,जीवन धन मित्र पिंटू मंडल, सूरजमनी हेंब्रम ,जीवन सोरेन ,संतोष कुमार सिंह ,पार्वती मुर्मू रूपाली मंडल, सहदेव राय, बुलबुल मित्र सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थी।

### यूनिसेफ चीफ कनीनिका मित्रा ने कपिलो मुखिया के कार्यों की जमकर किया सराहना



**दैनिक शुभ भास्कर, कृष्णा वर्मा, बिरनी/गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित ग्राम पंचायत कपिलो के कार्यों का क्षेत्र भ्रमण कर कपिलो मुखिया मुकेश यादव का जमकर सराहना किया, इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र राजमानियाँ, आंगनबाड़ी केन्द्र कपिलो, उत्क्रमित उच्च विद्यालय में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के तहत कार्यों को देखा, सामुदायिक,शौचालय और हैंडवास निर्माण कार्य को देखा और कपिलो में बन रहे प्लास्टिक प्रबंधन इकाई केंद्र निर्माण और नाडेफ, वर्मी, सोकपिट निर्माण को भी देखा गया उसके बाद उत्क्रमित उच्च विद्यालय कपिलो में आयोजित जनसभा किया गया जिसमें यूनिसेफ झारखंड से सीएफओ श्रीमती कनीनिका मित्रा, स्टेट वॉश पदाधिकारी श्रीमती लक्ष्मी सक्सेना सहित जिला स्तरीय यूनिसेफ अधिकारियों ने कपिलो पंचायत के मुखिया द्वारा किये गए कार्यों को खूब सराहा, इस दौरान स्कूल छात्र छ्त्राओ ने स्वागत गीत से मुख्य अतिथियों का स्वागत किया वहीं स्थानीय ग्रामीणों व स्वयं सहायता ग्रुप के सदस्यों ने भी पुष्प और ढोल बाजे के साथ स्वागत किया। इस दौरान कपिलो मुखिया मुकेश यादव ने कहा कि ग्राम पंचायत कपिलो को क्लीन एंड ग्रीन पंचायत बनाने के लिए सभी का सहयोग की जरूरत है और सबका सहयोग रहा तो ग्राम पंचायत कपिलो को कार्बन न्यूट्रल ग्राम पंचायत बनाने के लिए एक से बढ़कर एक कार्य किया जायेगा एवं साथ ही साथ कपिलो पंचायत को ठोस एवं तरल कचरा मुक्त पंचायत बनाने एवं प्लास्टिक प्रबंधन के लिए कार्य किया जा रहा है जिसमें सभी कर्मी, वार्ड सदस्य, जलसहिया, सेविका, सहिया दीदी सभी सहयोग से सम्भव हो पा रहा है। ग्राम पंचायत कपिलो में और बेहतर कार्य करने एवं एक दूसरे को प्रेरित करने के लिए कपिलो मुखिया ने सभी से सहयोग की अपील किया। मौके पर सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे

### खुरडीह के ग्रामीणों ने दीप नारायण सिंह को पत्र देकर पत्थर खदान को चालू करने से रोकने की मांग की



**संवाददाता धनबाद।** तोपचांची प्रखंड अंतर्गत ब्राह्मणडीहा पंचायत के खुरडीह के ग्रामीणों ने उपायुक्त के नाम पत्र लिखकर खुरडीह में पत्थर खदान आवंटन की स्वीकृति नहीं देने का आग्रह किया है। जिसकी प्रतिलिपि जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह को देकर पत्थर खदान आवंटन की स्वीकृति नहीं होने देने का आग्रह किया। ग्रामीणों ने श्री सिंह को बताया कि पत्थर खदान आवंटन हो जाने से खुरडीह,रणटांड और नेरो के लोगों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ेगा। पूर्व से ही इन गांवों में पानी का स्तर काफी नीचे है। और अगर ऐसी परिस्थिति में पत्थर खदान की स्वीकृति हो जाती है तो पानी का स्तर और नीचे चला जाएगा। घनी आबादी में पत्थर खदान हो जाने से गांव में प्रदुषण फैलेगा। जिसके परिणामस्वरूप स्कूल के बच्चे - बच्चियों को काफी परेशानियां होगी। साथ ही साथ मंदिर, कुआं, जलाशय भी प्रदुषित होगी। दीप नारायण सिंह ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से लेते हुए संबोधित अधिकारीयों से बात कर पत्थर खदान आवंटन आवेदन को रद कराने के लिए पहल करने की बात कही। ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल में कार्तिक राय, विंदेश्वर राय, छोटे लाल राणा, संतोष रजवार,इन्द्रजीत कर्मकार, मुकेश मोहली, दिनेश रजवार, विकास राय आदि उपस्थित रहे।

निरीक्षण | सभी कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया

# सारे पदाधिकारी एवं कर्मी ससमय कार्यालय आये और बायोमेट्रिक अटेंडेंस बनाये-उपायुक्त

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** बुधवार को उपायुक्त जामताड़ा शशि भूषण मेहरा ने समाहरणालय अवस्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति के अलावा कार्यों के बारे में जानकारी ली। साथ ही स्वीकृत पद की तुलना में उपलब्धता, कार्य का बंटवारा और कार्य निष्पादन में किसी तरह की समस्या तो नहीं आ रही, इसके बारे में भी जाना। उपायुक्त ने कहा कि तय समय के अनुसार ही सभी पदाधिकारी एवं कर्मी कार्यालय में प्रवेश करें और बायोमिट्रिक अटेंडेंस बनाएं। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों के बाहर नेम प्लेट



लगाएं ताकि समाहरणालय आने वाले लोगों को कार्यालयों ढूंढने में परेशानी नहीं हो। इस दौरान उपायुक्त ने नजारत शाखा, नीलाम पत्र शाखा, विधि शाखा, आपूर्ति, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, आईटीडीए, कोषागार, डीआरडीए, जेएसएलपीएस, एसबीआई आरएसईटीआई सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस कार्यालय में हम कार्य करते हैं, उसकी साफ-सफाई हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कर्मियों को न सिर्फ अपने कार्यस्थल को साफ-स्वच्छ रखने, बल्कि अन्य लोगों को भी गंदगी न फैलाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यालयों में समुचित साफ-सफाई के अलावा फाइलों के विधिवत संधारण के साथ-साथ कार्यालय के सभी दस्तावेजों आदि को नियत स्थान पर रखने का निर्देश दिया। एसबीआई आरसेटी के निरीक्षण के दौरान चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा,जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रधान मांझी सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बावजूद भी 600 लोगों के आंखों की समस्या नहीं हुई दूर

**संवाददाता धनबाद।** आयुष्मान भारत योजना के तहत मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बावजूद 600 लोगों के आंखों की रौशनी में सुधार नहीं हुआ। नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के निर्देश पर बीमा कंपनी ने मेडिकल ऑडिट करने के बाद झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी को इसकी जानकारी दी है। फर्जी पैथोलॉजी रिपोर्ट के आधार पर ऑपरेशन के अलावा स्टेट सोसाइटी द्वारा फॉलो अप के प्रावधान को बदल दिया जाना मुख्य कारण माना जा रहा है। नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के अनुसार, मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद मरीजों का मेडिकल ऑडिट करने का प्रावधान है। इस प्रावधान के आलोक में बीमा कंपनी पर मरीजों का मेडिकल ऑडिट करने की बाध्यता है। बीमा कंपनियों द्वारा मेडिकल ऑडिट के लिए अस्पतालों द्वारा उपलब्ध कराये गये मरीजों के ब्योरे का इस्तेमाल किया जाता है। मेडिकल ऑडिट के दौरान बीमा कंपनियां मरीजों को फोन कर यह जानना चाहती हैं कि ऑपरेशन के



बाद आंख की रोशनी बढ़ी है या नहीं। ऑपरेशन के बाद कोई समस्या पैदा हुई है या नहीं। बीमा कंपनी द्वारा किये गये ऑडिट में 600 से अधिक लोगों ने ऑपरेशन के बावजूद आंख की रोशनी में सुधार नहीं होने की शिकायत की। कुछ मरीजों ने ऑपरेशन के बाद पहले के मुकाबले रोशनी कम होने के अलावा आंख में जलन होने की शिकायत की। झारखंड में आयुष्मान भारत योजना तहत फर्जी मरीजों का किया जा रहा इलाज, जांच में हुआ खुलासा।

**गिरिडीह में 107 लोगों ने की शिकायत-** मेडिकल ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, ऑपरेशन के बाद इन मरीजों का इलाज रांची जिले के नयन सुख नेत्रालय, नयनदीप आइ हॉस्पिटल, एएसजी हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड, कौशल्या नेत्रालय, जेपी हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, श्रेष्ठ नेत्रालय सहित कुई अन्य अस्पतालों में हुआ है। ऑपरेशन के बावजूद रोशनी में सुधार नहीं होने की शिकायत के मामले में गिरिडीह जिला दूसरे नंबर पर है। इस जिले के 107 मरीजों ने आंख की रोशनी में सुधार नहीं होने की शिकायत की है। इन मरीजों का ऑपरेशन देवकी हॉस्पिटल, नेत्र धाम आइ हॉस्पिटल, विश्वनाथ नर्सिंग होम, नवदीप नर्सिंग होम सहित आयुष्मान में सूचीबद्ध अन्य अस्पतालों मे हुआ है। राजधानी रांची मे भी 22 मरीजों ने रौशनी में सुधार नहीं होने की शिकायत की है। इनका ऑपरेशन विजन हाउस आइ फाउंडेशन, श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय प्राइवेट लिमिटेड सहित अन्य अस्पतालों में हुआ है। आयुष्मान भारत योजना में अस्पतालों को भुगतान के लिए निर्धारित प्रक्रिया में ऑपरेशन के बाद फॉलोअप का प्रावधान किया गया है। इसके तहत अस्पताल को ऑपरेशन करने के बाद भुगतान का दावा करने से पहले फॉलोअप की बाध्यता है। फॉलोअप में अस्पताल द्वारा मरीज की जांच कर यह देखा जाता है कि ऑपरेशन के बाद रौशनी में सुधार हुआ है या नहीं। या किसी तरह की दूसरी समस्या पैदा हुई है या नहीं। लेकिन झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी ने भुगतान के दावे के साथ अस्पताल द्वारा फॉलोअप करने से संबंधित रिपोर्ट की बाध्यता समाप्त कर दी है। इससे अब मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद मरीज फॉलोअप नहीं हो रहा है।

## ख़ास ख़बर

### सात वर्ष से फरार वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या** । पटरंगा थाना पुलिस ने सात वर्ष से फरार चल रहे वारन्टी अभियुक्त को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पटरंगा पुलिस वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चला रही थी तभी धारा 394/302/120बी/216ए से सम्बंधित वारन्टी अभियुक्त जो सात साल से फरार चल रहा था।अभियुक्त आज्ञाराम पुत्र रामजीत वर्मा निवासी बलरामपुर,इब्राहीमपुर अम्बेडकर नगर को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अश्वनी सिंह का0 संजय कुमार मौजूद रहे।

### थाना पचपेड़वा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजी0मु0अ0सं0 353/2023 धारा- 153ए/295ए भादवि व 67 आईटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर श्री राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरी0 थाना पचपेड़वा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 04.10.2023 को थाना पचपेड़वा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 353/2023 धारा 153ए/295ए भादवि व 67 आईटी एक्ट में नामित/वाँछित अभियुक्त थाना पचपेड़वा निवासी पचपेड़वा को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया । पुलिस टीम का विवरण- 1.निरीक्षक श्री राजकुमार सिंह, 2.उ0नि0 नीरज कुमार सिंह, 3.हे0का0 अखिलेश कुमार, 4.का0 पवनेश कुमार, 5.का0 राहुल पाल ।

### सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर प्रशासन का चला बुलडोजर





**अनुपम मिश्रा, बलरामपुर** । बलरामपुर थाना ललिया क्षेत्र के मूर्तिहा गांव में मंगलवार दोपहर तहसीलदार रामाश्रय व क्षेत्राधिकारी राधारमण सिंह ने सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने के लिए पुलिस व राजस्व विभाग संयुक्त टीम ने मुर्तिहा गांव पहुंचकर अवैध कब्जा हटाने का कार्य किया।एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक सुरेश कुमार यादव, हल्का लेखपाल महेश मौर्य के साथ पहुंच कर सरकारी जमीन पर बुलडोजर चलाया। चंद मिनटों में जेसीबी लगाकर अवैध रूप से बने घर को जमींदोज कर दिया गया। सदर एसडीएम राजेंद्र बहादुर ने बताया कि गांव के दक्षिणी पश्चिमी छोर पर दबंगों ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। सरकारी जमीन पर कब्जा कर गांव को आने जाने के लिए रास्ता अवरुद्ध कर दिया था। उच्च न्यायालय के आदेश पर अवैध रूप से कब्जा वाले जमीन को खाली कराया गया है।पीड़ित पक्ष ने बताया कि बुधवार उनके लडके की शादी है, शासन प्रशासन ने मौका तक नही दिया बने बनाए घर को बुलडोजर लगाकर जमींदोज कर दिया।

### दहशत फैलाने के लिए हवा में फायरिंग करने के मामले में समर्पण आरोपित को मिलीं जमानत







**वाराणसी**। प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उज्वल उपाध्याय की अदालत ने दहशत फैलाने के लिए हवा में फायरिंग करने के मामले में सारनाथ निवासी आरोपित उत्सव सिंह को समर्पण करने पर 25-25 हजार रुपये की दो जमानते एवं व्यक्तिगत बंधपत्र देनें पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता वरूण प्रताप सिंह व विवेक यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार उपनिरीक्षक अरुण प्रताप सिंह चौकी प्रभारी अर्दली बाजार मय हमराहियो के क्षेत्र में गश्त कर रहे थें कि पुलिस लाइन चौराहे की तरफ से गोली चलने की आवाज सुनाई पड़ी जिस पर उपनिरीक्षक मय हमराह तत्काल पुलिस लाइन चौराहे पर पहुंचा तो देखा कि वहां पर कुछ लोग इकट्ठे हैं तथा मौके पर दहशत का माहौल है। उन लोगों से इकट्ठा होने का कारण पूछा गया तो उन लोगों द्वारा बताया गया कि यहां पर दो मोटरसाइकिल सवार 5-6 व्यक्ति आये और हवा में फायर करते हुए पांडेपुर चौराहे की तरफ चले गए। तत्पश्चात मेरे व मेरे हमराहीयान द्वारा बाइक सवारों की तलाश करते हुए पांडेपुर चौराहे की तरफ गए परंतु कुछ पता नहीं चल पाया। विवेचना करने पर आरोपी का नाम प्रकाश में आया तो उसे आरोपित बना दिया।

# भाई ही निकाला भाई का कातिल



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ मिल्कीपुर- अयोध्या**। इनायत नगर थाना क्षेत्र के डीली गिरधर पूरे प्रकाश गांव निवासी 38 वर्षीय अखिलेश सिंह पुत्र हरिहर सिंह सिंह की निर्मम हत्या का खुलासा इनायत नगर पुलिस ने कर दिया। पुलिस ने सगे भाई की हत्या करने वाले भयंकर शराब के नशेड़ी भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पुलिस ने गिरफ्तार किए गए हत्यारे भाई के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त डंडा और बल्ली भी बरामद कर लिया है। बताते चलें कि पूरे प्रकाश गांव में बीते मंगलवार की दोपहर करीब 12:30 बजे 38 वर्षीय अखिलेश सिंह का लहू लुहान शव घर में ही चारपाई पर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ पाया गया था। मृतक के शरीर में कई जगहों पर गंभीर चोट के निशान भी बने हुए थे। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह व क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने घटनाक्रम की बारीकियों से निरीक्षण किया था और हुए घटना में प्रयुक्त लाठी व बल्ली को अपने कब्जे में लेते हुए मृतक अखिलेश के शव का पंचायतनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया था। पुलिस ने प्रथम प्रथम दृष्टया मृतक के छोटे नशेड़ी भाई दिनेश सिंह को तत्काल मौके से ही हिरासत में ले लिया था और कड़ी पूछताछ में जुट गई थी। घटना की जानकारी के बाद मायके से अपने घर पहुंची मृतक अखिलेश सिंह की मां मालती सिंह ने अपने सगे मंझले बेटे दिनेश सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने हेतु पुलिस को तहरीर दिया था। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लिए गए नशेड़ी युवक से पूछताछ कि जहां युवक ने अपना जुर्म कबूल करते हुए घटना की सारी कड़ियां एक-एक कर बयां कर दी। दिनेश सिंह से पुलिस टीम ने कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी दिनेश सिंह ने बताया कि हम दोनों भाईयों ने शराब पी थी और शराब के नशे में थे। किसी बात को लेकर दोनों में गाली गलौज होने लगी थी। मुझे गुस्सा आ गया तभी मैंने अपने भाई अखिलेश सिंह को लाठी व लकड़ी की बल्ली से मार दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस अपने सगे भाई को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी दिनेश सिंह को थाना क्षेत्र स्थित सिद्ध नाथन मंदिर के पास से गिरफ्तार किए जाने का दावा कर रही है। मौजूद है। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक अखिलेश सिंह की मां की तहरीर पर सगे भाई दिनेश सिंह पर गैर इरादतन हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय पेश कर दिया गया जहां न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है।

## मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के क्रम में नारी सुरक्षा दल द्वारा किया जा रहा है महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक



**सौरव पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशानुसार एंटी रोमियो स्क्वाड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी, नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं/बालिकाओं आदि को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- OTP शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल,बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई ।

## वनस्पति विज्ञान के छात्रों ने संग्रह किया दुर्लभ प्रजाति का पौधाः जिंगो बाईलोबा



**बलरामपुर संवाददाता के बी गुप्ता** । एम०एल०के० पीजी० कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के एम०एस०-सी० द्वितीय वर्ष के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रोफेसर जे०पी० पांडेय जी के निर्देशन तथा डॉ मोहम्मद अकमल की अगुवाई में किया गया। जिसमें छात्रों ने पांच दिवसीय शैक्षिक पर्यटन व दुर्लभ वनस्पतियों के अध्ययन के लिए दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) का दौरा किया। इस दौरान छात्रों ने दुर्लभ वनस्पतियों का एक-एक नमूना भी एकत्र किया जिसमें लाइकोपोडियम, सिलाजीनेला, जिंगो बाईलोबा, इक्विटीसिस्टम, लुनुलेरिया, प्लाजियोकाज्मा तथा डिप्लॉटरीडियम प्रमुख है। छात्रों ने लायङ बोटैनिकल गार्डन का भी भ्रमण कर विभिन्न वनस्पतियों के बारे में जानकारी हासिल की तथा एक अत्यंत दुर्लभ पौधा जिंगो बाईलोबा जिसको जीवित जीवाश्म भी कहा जाता है महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए तथा महाविद्यालय प्रांगण में लगाने के लिए प्राप्त किया। इस पौधे का उपयोग होम्योपैथी तथा आयुर्वेद में दवा के रूप में किया जाता है। एकत्रित किए गए पौधों के नमूनों को डॉ मोहम्मद अकमल ने विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन जी को सौंप दिया।

# बलरामपुर में किया जा रहा है अनजान व्यक्ति अनजान वस्तु की सघन चेकिंग





**सौरव पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशन में जनपद में चाक चौबन्द सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था तथा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों की पुलिस बल के द्वारा सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं कालीन पैदल गस्त किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 04/10/2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर श्री राघवेन्द्र सिंह द्वारा थाना पचपेड़वा क्षेत्र अंतर्गत मय पुलिस बल प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर पैदल गस्त कर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। पैदल गस्त के दौरान आमजन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि जनपदीय पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों के थाना प्रभारी द्वारा भारी पुलिस बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत पैदल गस्त किया गया।

### भूकंप से बचाव के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जारी की एडवाइजरी

**संवाददाता के बी गुप्ता,बलरामपुर** । जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने भूकम्प से बचाव को लेकर जनपदवासियों के लिए एडवाइजरी जारी किया है। उन्होंने कहा कि भूकंप के दौरान जितना संभव हो उतना सुरक्षित रहें। उन्होंने बताया कि जनपद बलरामपुर भूकम्प की दृष्टि से संवेदनशील है और जोन-4 में आता है। इसलिए जनसामान्य का भूकम्प से बचाव के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि भूकम्प के दौरान यदि आप घर के अन्दर हैं तो जमीन पर झुक जाएं। किसी मजबूत मेज अथवा फर्नीचर के किसी हिस्से के नीचे शरण लें अथवा तब तक मजबूती से पकड़कर बैठे रहें जब तक कि भूकम्प के झटके न रूक जाएं। यदि आपके पास कोई मेज या डेस्क हो तो अपने चेहरे तथा सिर को अपने बाजुओं से ढक लें और बिल्डिंग के किसी कोने में झुककर बैठ जाएं। किसी आंतरिक दरवाजे के कोने में किसी मेज अथवा यहां तक कि किसी पलंग के नीचे रूककर अपने आपको बचाएं। शीशे, खिड़कियों, दवाजों तथा दीवारों से दूर रहें अथवा ऐसी चीजें जो गिर सकती हों, से दूर रहें। भूकम्प के शुरू होने पर यदि आप उस समय पलंग पर हो तो पलंग पर ही रहें। जिलाधिकारी सिंह ने बताया कि भूकम्प के दौरान अपने सिर पर किसी तकिए को ढककर बचाएं। किसी भारी लाइट फिक्सचर जो गिर सकती हो उसके नीचे न आएं यदि ऐसी स्थिति हो तो पास के किसी सुरक्षित स्थान की ओर खिसक जाएं। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ा खतरा बिल्डिंग के बाहर, निकास द्वारों तथा इसकी बाहरी दीवारों के पास होता है। उन्होंने बताया की अनुसंधान से यह पता चला है कि ज्यादातर चोटें तब लगती है जब भवन के अंदर मौजूद लोग किसी दूसरी जगह अथवा बाहर जाने का प्रयास करते हैं। यदि आप घर के बाहर हों तो आप घर के बाहर हों तो, जहां हों वहां से आप न हिलें। बिल्डिंग, पेड़ों, स्ट्रीट लाइटों तथा बिजली/टेलीफोन आदि की तारों आदि से दूर रहें। यदि आप किसी खुली जगह पर हों तो वहां तब तक रुके रहें जब तक कि भूकंप के झटके न रुक जाएं।

### शिक्षक समस्याओं को लेकर पूर्व माध्यमिक संघ ने दिया बीएसए को दिया ज्ञापन



**बलरामपुर जिला संवाददाता** । उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई ने शिक्षक समस्याओं को लेकर सात सूत्रीय ज्ञापन बीएसए व जिला वितलेखाधिकारी को सौपा है। ज्ञापन में मुख्य रूप से निलंबित शिक्षकों को बहाल करना ,शिक्षकों से अवकाश के दिन कार्य लेने पर उपार्जित अवकाश प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज कराना सहित अन्य मांग शामिल है। संघ जिलाध्यक्ष गुरबचन एवं मंडलीय महामंत्री अरुण कुमार मिश्रा की अगुवाई में शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने सात सूत्री ज्ञापन दिया है, जिसमें जिले के समस्त निलंबित शिक्षकों को बहाल किया जाए इसमें बहुत शिक्षित 6 महीना एवं 1 वर्ष से लगभग निलंबित है, अध्यापकों से अवकाश के दिन कार्य लेने पर अतिरिक्त अवकाश पोर्टल पर दर्ज कराया जाए ,शिक्षकों के फंड को ऑनलाइन किया जाए।

### तुलसीपुर पुलिस द्वारा पांच अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक तुलसीपुर अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में बुधवार को थाना तुलसीपुर के उ0नि0 रामकुमार वर्मा, बदरूद्दीन मय हमराह का0 मनीष कुमार पाण्डेय, अनूप कुमार, विवेक कुमार पुलिस टीम के द्वारा थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 256/23 धारा 147/436/427/323/504/506 भादवि0 से सम्बन्धित 05 अभियुक्त 1. कपिलदेव पुत्र पाटेश्वरी 2. घनश्याम पुत्र सुमिरन यादव 3. रामकिशोर पुत्र मंगल वर्मा 4. गोपाल वर्मा पुत्र धर्मराज नि0गण बसन्तपुर मश0 परसपुर करौंदा थाना तुलसीपुर 5. लईक अहमद पुत्र मो0 यासीन नि0 बसन्तपुर मश0 परसपुर करौंदा थाना तुलसीपुर को स्टेशन रोड बिजली आफिस के बगल थाना तुलसीपुर से गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा इण्डो-नेपाल बॉर्डर पर की गई रात्रि चेकिंग



**बलरामपुर**। बलरामपुर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा शान्ति सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत दिनांक 03.10.2023 को देर रात इण्डो- नेपाल बॉर्डर पर रात्रि चेकिंग की गई। इस दौरान बॉर्डर पेट्रोलिंग व आपरेशन कवच के संबंध में जानकारी देकर, सीमा पर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल उच्चाधिकारीगण को देने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेन्द्र सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारीउपस्थित रहे।

कार्यक्रम प्रधान संग महिलाओं ने गांव की मिट्टी से भरे पवित्र कलश को लेकर ब्लाक परिसर का परिक्रमा किया

# मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**सिकंदरपुर,बलिया**। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत नावानगर ब्लाक क्षेत्र के पचास ग्रामपंचायतों से पवित्र कलश में गांव की मिट्टी नवानगर ब्लाक पर पहुंची। जहां खण्ड विकाश अधिकारी ने तिरंगा लेकर ग्रामिणों का स्वागत किया और सभी पवित्र कलश को संग्रहित कराया। इस दौरान गांव के प्रधान संग समूह की महिलाओं ने गांव की मिट्टी से भरे पवित्र कलश को लेकर ब्लाक परिसर का परिक्रमा भी किया। इस दौरान पूरा परिसर भारत माता की जय के जयकारे से गुंज उठा। रुदरवार के प्रधान प्रतिनिधि पवन राय, भाटी बिनोद कुमार वर्मा, गाज़ीपाकड़ प्रधान प्रतिनिधि राजकिशोर, बनहरा प्रतिनिधि गुड्डू यादव, रामपुर कटराई प्रधान प्रतिनिधि दिनेश गिरी, कोथ प्रधान प्रतिनिधि शैलेश यादव गांव के कलश को बीडीओ देवेंद्र प्रताप वर्मा को सौंपा। जिसे ब्लाक परिसर में एकत्रित किया गया और सभी पचास ग्राम पंचायत के कलश के मिट्टी को अमृत वाटिका के लिए एक बड़े कलश में संग्रहित किया गया। बीडीओ ने बताया कि सभी पचास ग्रामपंचायत के कलश की मिट्टी को आगामी 17 अक्टूबर को जिला मुख्यालय भेजा जायेगा। इस मौके पर पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष संजय यादव, ब्लाक प्रमुख केशव चौधरी, एपिओ विनय वर्मा, लेखाकार समसाद आलम, कनिष्क लिपिक यशवंत सिंह सिन्टू ग्रामविकाश अधिकारी नगीना राम विवेक कुमार प्रमोद कुमार मंजुल समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## आपरेशन त्रिनेत्र अभियान चलाकर समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगवाया जा रहे हैं सीसीटीवी कैमरे



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर**। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा जनपद बलरामपुर में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाये जाने हेतु जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष की अपील पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सम्भ्रान्त नागरिकों ,ग्रामप्रधानों, ग्राम प्रहरीगण द्वारा प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये। थाना ललिया ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री अशोक कुमार वर्मा नि0 सिंहपुर द्वारा आज दिनांक 02.10.23 को सड़क के किनारे अलग-अलग बिजली के खम्भे पर 04CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना ललिया पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। थाना हरैया ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री नुरूल हूडा नि0 हरैया द्वारा आज दिनांक 02.10.23 को अपनी दुकान पर मार्ग को कवर करते हुए 05 CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना हरैया पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। सीसीटीवी कैमरा लगवाने वाले जनप्रतिनिधियों, सम्भ्रान्त नागरिकों ,ग्रामप्रधानों, ग्राम प्रहरीगण आदि को स्थानीय पुलिस द्वारा सम्मानित भी किया जा रहा है।

## ख़ास ख़बर

### राजकार्य में बाधा डालने के अन्य तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रवि कुमार सैनी शाहपुरा,मनोहरपुर(शाहपुरा)** । पुलिस की विशेष टीम ने राजकार्य में बाधा डालकर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के मामले मुख्य आरोपी को भगाने में शामिल तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मनोहरपुर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि 14 अगस्त को थाना अमरसर ने धर्मेन्द्र गोरा उर्फ धन्ना राम के खिलाफ अवैध डोडा पोस्त चूरा बेचने पर कार्रवाई की थी। इस दौरान आरोपी धर्मेन्द्र गोरा उर्फ धन्नाराम को उसकी पत्नी व पडोसियों द्वारा राजकार्य में बाधा उत्पन्न कर जबरन पुलिस कब्जे से छुडाकर भगा ले गए थे। पुलिस ने मामले की जांच कर मुख्य आरोपी को फरार करने में सहयोग करने वाले तीन अन्य आरोपी डालूवाली ढाणी तन सैपटपुरा थाना अमरसर निवासी मोहनलाल जाट, हरिनारायाण गौरा पुत्र गंगाराम, हरिनारायण गौरा पुत्र छीतरमल को दबिश गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को न्यायालय ने जेल भेज दिया। प्रकरण में अन्य शेष आरोपियों की तलाश जारी है। इस मामले में पूर्व में भी मुख्य आरोपी सहित दो जनों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### 2 अक्टूबर गांधी जयंती के उपलक्ष में उद्भव स्कूल में बच्चों द्वारा की गई प्रतियोगिताएं



**दैनिक शुभ भास्कर /राकेश जैन /राजस्थान/उदयपुर** । उद्भव स्कूल अंबाबाड़ी में डायरेक्टर रजनेश यादव प्रिंसिपल सीमा यादव द्वाराकंप्यूटर लैब का व प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया बच्चों ने बड़े ही उत्साह से प्रतियोगिताओं में भाग लिया मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा 9 की छात्रा आरती ने कक्षा 8 की छात्रा प्रिंसी शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कक्षा 12 की छात्रा आंचल बरगोड मोनिका डामोर कक्षा 5 की छात्रा मोनिका ने दूसरा स्थान प्राप्त किया रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 9 की छात्रा खुशबु तेली वह कक्षा 5 का छात्र बंसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कक्षा 7 की छात्रा दिया मेहता ने व कक्षा 5 का छात्र भरत ने दूसरा स्थान प्राप्त किया निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 12 का छात्र ललित बुंबरिया कक्षा 7 का छात्र संतोष डामोर व रूंजन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कक्षा 12 की छात्रा आशिया व कक्षा 11 की स्वाति वह कक्षा तीन का छात्र अशोक पालीवाल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया बच्चों ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया और गांधी जयंती को एक त्यौहार की तरह मनाया विद्यालय में हर्ष और उल्लास का माहौल छा गया रंगोली प्रतियोगिता का प्रभारी हेमलता शर्मा व गंगोत्री सेन मेहंदी प्रतियोगिता प्रभारी निक्की सेन व खुशी प्रजापत निबंध प्रतियोगिता के प्रभारी किरण नागदा वह पायल लोहार एवं पूर्णिमा कुमावत ने किया।

### कांग्रेस के टिकट दावेदार ने विधानसभा क्षेत्र खेतवाड़ा में हाथी पर बैठकर पब्लिक का मनोरंजन किया



**सुनील कुमार मिश्रा दैनिक शुभ भास्कर राजस्थान कामां।** विधानसभा चुनावो का औपचारिक ऐलान नहीं हुआ है। लेकिन फिर भी टिकिट के दावेदार प्रत्याशियों ने अपना चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। कहीं हाथी पर चढ़कर प्रचार हो रहा है तो कहीं घोड़े पर चढकर समर्थन मांगा जा रहा है। ऐसा ही नजरा बुधवार को कामां विधानसभा क्षेत्र के कैथवाडा कस्बे में देखने को मिला। जहां कांग्रेस टिकट के एक दावेदार प्रत्याशी मुख्तियार अहमद का ग्रामीणों ने हाथी पर बैठ कर जुलूस निकाला और 11 लाख नोटों की माला पहनाई। विधानसभा चुनाव को लेकर अभी ना तो कांग्रेस ना हीं बीजेपी ने अपना कोई प्रत्याशी घोषित किया है प्रथम चरण में अपनी अपनी दावेदारी जताते हुए प्रत्याशी चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। इसी सिलसिले में कामां क्षेत्र के गांव टायरा निवासी सीए मुख्तार अहमद भी वर्तमान कांग्रेस विधायक शिक्षाराज्य मंत्री जाहिदा खान का टिकट काटकर अपने लिए टिकट की मांग कर रहे हैं। और गांव-गांव जाकर जन समर्थन जुटा रहे हैं। आज भी कस्बा कैथवाड़ा में चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीणों ने सीए मुख्तार अहमद को हाथी पर बैठा कर डीजे के साथ जुलूस निकाला और पांच पांच सौ के नोटो से सजी 11 लाख रुपए की माला पहनाई,चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत सम्मान किया। ग्रामीणों ने 11 लाख की माला के अलावा 11 लाख रुपए की राशि का नगद चेक भी मुफ्तयार अहमद को प्रदान किया। सम्मान समारोह से पूर्व कस्बा कैथवाड़ा से करीब 5 किलोमीटर दूर अमरूका चैराहे से वाहन रैली निकाली गई।

# गंगा किनारे की गंदगी को बाय-बाय करने का पाठ पढ़ा रहे चाचा चौधरी



**वाराणसी** । बच्चों के जेहन में आसानी से जगह बनाने वाले कॉमिक्स के किरदार चाचा चौधरी और साबू अब नयी पीढ़ी को 'स्वच्छता' का सबक सिखा रहे हैं। गंगा किनारे की गंदगी को बाय-बाय करने का पाठ पढ़ा रही बच्चों के बेहद प्रिय पात्र चाचा चौधरी कॉमिक्स को बुधवार को नमामि गंगे ने पूर्व माध्यमिक कंपोजिट स्कूल कबीर चौरा के विद्यार्थियों में वितरित किया।छोटे बच्चों को स्वच्छता के प्रति ज्यादा जागरूक करने के उद्देश्य से नमामि गंगे राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा तैयार कॉमिक्स को बांटा गया।नमामि गंगे के इस अनोखे प्रयोग को बच्चों ने भी बहुत सराहा है। अपने पसंदीदा किरदार द्वारा दी गई स्वच्छता की सीख लेकर छोटे बच्चे स्वच्छता के प्रति ज्यादा जागरूक होंगे।नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि बच्चों को इस अभियान में शामिल करने का फायदा होगा, क्योंकि अगर बच्चे इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे तो इसका पूरे समाज पर भी असर पड़ेगा।बच्चें इन कॉमिक्सों को पढ़कर घरवालों और आस पड़ौस में स्वच्छता के बारे में बताएंगे।कहा कि नदियों का संरक्षण और जल स्रोतों की सुरक्षा का भाव हमेशा से भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। आज की स्थिति में नदी संरक्षण से अधिक श्रेयस्कर सामाजिक कार्य कुछ और नहीं है।आयोजन में प्रमुख रूप से नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला, प्रधानाचार्या मधु सिंह , महानगर सहसंयोजक सारिका गुप्ता, महानगर प्रभारी पुष्पलता वर्मा, प्रीति रवि जायसवाल, विजेता सचदेवा, सरस्वती मिश्रा, पंकज अग्रहरि, दीक्षा सिंह श्वेता सिंह सहित छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### रामलीला मैदान पहुंचे चैयरमेन, अधिशाषी अधिकारी व कनिष्ठ अभियंता को दिए आवश्यक निर्देश



**लक्ष्मणगढ़** । नगरपालिका अध्यक्ष मुस्तफा कुरैशी ने बुधवार को रामलीला मैदान पहुंचकर 16 से 22 अक्टूबर तक होने वाली एतिहासिक श्रीमद् भागवत कथा की व्यवस्थाओं को देखा व जायजा लिया तथा साफ सफाई व समुचित व्यवस्था के निर्देश पालिका कर्मियों को दिया। पालिका अध्यक्ष ने इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारी सदस्यों से चर्चा करते हुए आयोजन में पालिका की हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए आयोजन स्थल रामलीला मैदान पर कथा के दौरान साफ सफाई की व्यवस्था के साथ साथ,कलश यात्रा, शोभा यात्रा व प्रभातफेरी के रास्ते सफाई व्यवस्था व आवारा पशुओं के लिए कारगर कदम उठाने के लिए भी पालिका कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष कुरैशी के साथ अधिशाषी अधिकारी रामनिवास कुमावत, कनिष्ठ अभियंता सुरेन्द्र गोदारा, बीसूका सदस्य संजीव भानुका पार्षद मुकेश सैनी, आयोजन समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल सैनी, मनोज कुमार राकसिया, विनोद गौड़, भागीरथ गौड़, शुभकरण चुनवाल महावीर जाजम, आदि मौजूद थे।

## 2 अक्टूबर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के रूप में मनाया



**दैनिक शुभ भास्कर/राकेश जैन/ राजस्थान/ उदयपुर** । गांधी जी का 154 वा जन्मदिन सद्भावना के साथ उद्भव स्कूल उदयपुर में मनाया गया स्कूल संचालक श्री राजनेश यादव प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा यादव उद्भव छात्रावास के प्रबंधक प्रवीण कुमार जी वह जितेंद्र जीनगर द्वाराविद्यालय में कबड्डी प्रतियोगिता वह दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। श्रीमती किरण नागदा , निक्की सेन,पूर्णिमा कुमावत, गंगोत्री सेन हेमलता जोशी पायल लोहार खुशी प्रजापत , गीता तेली , हेमलता audichya , रावल कर तथा उद्भव संस्थान के सभी स्टाफ उपस्थित रहे। बच्चों ने खेल में बहुत ही उत्साह से भाग लिया।

# श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव में ऐतिहासिक महत्व के राष्ट्रीय सेमिनार की अनदेखी

**दैनिक शुभ भास्कर ,सुभाष चंद्र झा,सहरसा** । बिहार में आयोजित होने वाली विभिन्न महोत्सवों में महिषी में हर वर्ष आयोजित होनेवाली श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव की एक खाश विशेषता इसमें आयोजित होनेवाली द्विदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार/वाद विवाद कार्यक्रम है । जिसमें भारत भर के विभिन्न केन्द्रीय और देश में स्थापित अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के मूर्धन्य विद्वान अपने आलेख प्रस्तुत कर उसपर वाद-विवाद द्वारा विमर्श करते रहे हैं। इसके अतिरिक्त इसमें एक त्रिदिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होती है। जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण इस बार लगता है कि इनका राष्ट्रीय सेमिनार कार्यक्रम चौपट हो जाएगा। यह बात जदयू प्रदेश महिला महासचिव और महोत्सव के सेमिनार/वाद विवाद की पिछली साल तक रही सक्रिय सदस्य शांतिलक्ष्मी चौधरी ने कहा है। श्रीमती चौधरी ने बताया कि इस बार सेमिनार कमिटी में महिषी के प्रबुद्धजनों और कोशी क्षेत्र के शिक्षाविदों को बिल्कुल जगह नहीं दिया गया है और केवल जिला प्रशासन और श्री उग्रतारा मंदिर न्यास समिति के सदस्यों को ही कमिटी का सदस्य रहने दिया गया है। न्यास समिति के जिन तीन सदस्यों को सेमिनार कमिटी का सदस्य बनाया गया है उनमें एक ही अकादमिक पृष्ठभूमि के है। समिति के उपाध्यक्ष प्रमील कुमार मिश्र के संबंध में अखबारों से जानकारी मिली है कि उन्होंने अपने व्यक्तिगत कारणों से अपने उपाध्यक्ष पद से विमुक्त करने का निवेदन किया है। इसीलिए इस वर्ष वह महोत्सव के किसी बैठक में भाग नहीं लिये हैं।वर्ष 2012 में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने प्रमंडलीय सेवा यात्रा का शुभारंभ महिषी से किया था तथा स्थानीय लोगों द्वारा भगवती उग्रतारा की तांत्रिक व आध्यात्मिक विरासत, पंडित मंडन मिश्र और उनकी विदूषी धर्मपत्नी भारती की मिमांशा और गार्हस्थ्य दर्शन और महिषी के सांस्कृतिक व पुरातात्विक महत्व को बताया गया तो उन्होंने महोत्सव के आयोजन की घोषणा कर पर्यटन मंत्रालय एवं राज्य सरकार द्वारा आबंटित राशि को



सेमिनार तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर महादेवी उग्रतारा एवं मंडन भारती के इतिहास का प्रचार प्रसार करने का आदेश दिया था। तब से महोत्सव में नियमित रूप से देश भर के मुर्धन्य विद्वानों को आमंत्रित कर सेमिनार/वाद-विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। यह महोत्सव के सेमिनार कार्यक्रम का ही प्रभाव है कि कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय के कई कुलपति एवं प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफेंस कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. पंकज कुमार मिश्र, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय पूरी के प्रोफेसर डॉ. उदयनाथ झा 'अशोक' इत्यादि ने मंडन मिश्र की रचनाओं का अध्ययन कर कई मौलिक पुस्तकों का प्रकाशन किया। जिस महिषी में मंडन मिश्र की एक भी मूल रचना उपलब्ध नहीं थे वहीं अब हर घर में इनकी रचनाएं और टीका उपलब्ध है। परंतु जिला प्रशासन की तनिक लापरवाही के कारण आज 12 साल से स्थापित इस राष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन की रूपरेखा चौपट हो रही हैं। हमलोग चाहते थे कि अब इस सेमिनार का रूप राष्ट्रीय से अन्तर्राष्ट्रीय हो जबकि यह एक दो स्थानीय विद्यार्थियों के प्रतियोगिता परिसंवाद का रूप बनकर रह जाएगा।जदयू नेत्री ने बताया कि महोत्सव में निविदा द्वारा जर्मन हेंगर टेंट में साढ़े उन्नीस लाख का निवेश की खबर मिली है जबकि सेमिनार के लिए दो तीन लाख निवेश करने में भी आनाकानी हो रही है। पर्यटन मंत्रालय द्वारा आबंटित राशि में सेमिनार का अंश स्पष्ट नहीं रहने के कारण संपूर्ण राशि कलाकारों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर ही खर्च कर दिये जाते हैं। इस बार स्थानीय कलाकारों के चयन हेतु जिला प्रेक्षागृह में प्रशासन द्वारा स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित कर काफी लुफ्त उठाये गये।

### कार व ट्रक में टक्कर आठ लोगो की मौत मासूम घायल

**वाराणसी** । फूलपुर थाना क्षेत्र के करखियांव में वाराणसी लखनऊ हाईवे पर एक कार और ट्रक में टक्कर हो गई। टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि कार में सवार एक मासूम गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुटी है।पुलिस का कहना है कि सभी मृतकों के शव को पिंडरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रखा गया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है बताया जा रहा है कि पीलीभीत का रहने वाला एक परिवार वाराणसी में दर्शन पूजन करने के लिए आया था। वाराणसी में दर्शन पूजन करने के बाद परिवार कार से वापस लौट रहा था। कार में सवार लोग वाराणसी जौनपुर मार्ग पर करखियाव में पहुंचे थे, इसी दौरान ट्रक से कार की टक्कर हो गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया,वहीं कार में सवार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में कार में सवार एक मासूम बच्चे को छोड़कर सभी लोगों की मौत हो गई है।

### बच्चों को लेने पिता कोचिंग पहुंचे तो कुछ अपराधी द्वारा सुई से हमला कर घायल कर दिया



**मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर** । प्रखंड में एक पिता अपने बच्चों को कोचिंग लेने पहुंचे इसी बीच कुछ बदमाशों में सुई से हमला कर दिया बताया जा रहा है किसी कोई दुश्मनी नहीं था लेकिन उनके पिता कल किसी पंचायती में पहुंचे हुए थे हो सकता है कहीं उसी का कुमार बेटे पर निकला जिस व्यक्ति पर हमला हुआ उसका नाम संतोष कुमार बाहरदार पिता कलानंद बाहरदार बच्चों पर भी हमला किया उसे बच्चा का नाम बबलू कुमार उम्र 10 वर्ष घर रानीगंज वार्ड नंबर 7 का मामला है मरने वाला का नाम मुकेश कुमार पासवान अभी दोनों का इलाज रानीगंज रेफरल अस्पताल में होने के बाद सही इलाज के लिए सदर अस्पताल अररिया भेज दिया जहां पर इलाज चल रहा है बताया कि सही होने पर कैसे भी किया जाएगा

### बगहा प्रखंड एक कार्यालय समक्ष सेविका- सहायिका ने अपनी मांगों को लेकर बैनर तले किया विरोध प्रदर्शन




**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण।** बगहा प्रखंड एक के आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका ने बारिश होने के बावजूद भी मंगलवार को समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय के समक्ष अपनी मांगों को लेकर बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ के आह्वान पर बैनर तले जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।नारे भी लगाए 6 हजार में दम नहीं 25 हजार से कम नहीं। प्रखंड अध्यक्ष सेविका पुष्पा पाण्डेय ने कहा कि सेविका-सहायिका से अत्यधिक काम लेने के बावजूद भी कम मानदेय मिलने से दयनीय हालत में जीवन व्यतीत हो रहा है, जब तक सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त नहीं हो जाता तब तक सेविका को 25 हजार एवं सहायिका को 18 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय राशि दिया जाए। योग्य सेविका सहायिका में बहाली हेतु अतिरिक्त दस बोनस अंक देने का प्रावधान लागू किया जाए। हमारी मांगे अगर यह नहीं मानी गई तो जोरदार प्रदर्शन होगा और हम लोग काम बंद कर हड़ताल पर चले जाएंगे। प्रदर्शन कर रही आंगनबाड़ी की सेविका बिना एरिक ने बताया कि हम लोगों से काम अनेक तरह के लिए जाते हैं। लेकिन बदले में सिर्फ मानदेय दिया जा रहा है।हम लोगों की मांग है कि हमें मानदेय नहीं वेतनमान चाहिए या फिर चतुर्थ वर्गीकरण की नौकरी दे दी जाए।इस मौके पर नीलम कुमारी, ममता देवी,मनोरमा देवी,सीमा देवी,रुचि देवी, प्रीति कुमारी, रेणुका देवी,आरती कुमारी,पुनीता देवी प्रेमा देवी,रुबी देवी,पूजा कुमारी व कुमारी नीतू चौहान आदि समेत सेविका सहायिका शामिल रहे।

### राजस्थान सिने अवार्ड नाइट, ऑडिटोरियम वैशाली नगर मैं आयोजित हुआ



**दैनिक शुभ भास्कर/ राकेश जैन/राजस्थान/ उदयपुर**। किसी नए फिल्मी कलाकार के लिए अवार्ड शो तब यादगार बन जाते हैं जब वह अपनी परफॉर्मेंस दुनिया के सामने रखती है एवं वरिष्ठ कलाकारों के बीच रखती है सोने पर सुहागा का यह है की वरिष्ठ कलाकारों का आशीर्वाद मिलता है ऐसी ही एक यादगार शाम राजस्थान सिने अवार्ड नाइट पीएम डुडी जी के नेतृत्व में पांचवा एडिशन भरत राम ऑडिटोरियम वैशाली नगर में आयोजित हुआ क्या भव्य समारोह आयोजित हुआ झिलमिल रोशनी सितारों की रोशनी दिल को थाम लेने वाली नृत्य परफॉर्मेंस बॉलीवुड एवं राजस्थान के बेहतरीन बड़े कलाकारों की उपस्थिति एवं बेहतरीन कलाकारों को अवार्ड लेते देखना सचमुच बड़ा ही विसमयकारी रहता है यही बात मॉडल अभिनेत्री इशिका जैन पर लागू होती है उन्होंने अपनी जबरदस्त नृत्य प्रतिभा राजस्थानी नृत्य के थ्रू आज ऑडिटोरियम में पेश की हमारे आने वाली फिल्म कुकड़ी जिसकी मुख्य नायिका प्रतिभाशाली इशिका जैन है जो कि पारस देवी प्रोडक्शन के तरह बन रही है उसके निदेशक गोपाल नटराज जो की नृत्य निर्देशक भी है उन्हें भी राजस्थान का बेस्ट नृत्य निर्देशक घोषित किया गया सचमुच बेहतरीन समारोह था ।

जमानत | 2024 के होने वाली लोकसभा के परिणाम से मोदी सरकार तिलमिला गई है, घबरा गई है

## लालू प्रसाद को सीबीआई की कोर्ट से जमानत मिलने पर अररिया रजत परिवार में हर्ष व्यापत हैः अमित पूर्वे



**दैनिक शुभ भास्कर** । असत्य पर सत्य की विजय, अधर्म पर धर्म की विजय , न्यायालय पर हमेशा संवैधानिक रूप में आत्मविश्वास करने वाले गरीब,शोषित, वंचित के मसीहा , दलित, पिछड़ों, अकलितों की आवाज राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व भारत सरकार के पूर्व रेल मंत्री को सीबीआई की कोर्ट से जमानत मिलने पर अररिया राजद परिवार में हर्ष व्याप्त है राजद नेता अमित पूर्वे ने कहा वर्तमान केंद्र सरकार की तानाशाही व उदासीन रवैया पर गहरी चिंता व्यक्त करते है , पूर्वे कहा 2024 के होने वाली लोकसभा के परिणाम से मोदी सरकार तिलमिला गई है, घबरा गई है। जो हमेशा समाज के दलित, पिछड़े ,अकलितों की आवाज लालू यादव को तंग करने का काम करती है लेकिन पूरा राजद परिवार संविधान में विश्वास करते हुए न्यायालयों पर अपना पूरा भरोसा रखती है और आज जो जाती गणना की रिपोर्ट आई है संपूर्ण बिहार से एक ही आवाज आ रही है जो काम केंद्र सरकार ने हमेशा अड़ंगा डालने का काम किया, रुकवाने का काम किया, षड्यंत्र रचने का काम किया। आज वर्तमान बिहार सरकार ने उसे पूरा करके बिहार ही नहीं संपूर्ण भारत के दिल को जीत लिया। लालू जी के जमानत पर खुशी जाहिर करने वालों में पूर्व सांसद सरफराज आलम, पूर्व विधायक अनिल यादव, राजद नेता अमित पूर्वे , प्रदेश सचिव सुरेश पासवान, राजद नेता अरुण यादव, राजद नेता क्रांति कुंवर, राजद नेता अविनाश आनंद राजद, नेता विजय सिंह यादव, प्रदेश सचिव टीपू यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष विश्वमोहन यादव, जिला अध्यक्ष मनीष यादव, प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मंडल, नगर अध्यक्ष बेलाल अली, राजेश यदुवंशी, टिंकू यादव, नौशाद अहमद ।

# एक पति ने नशे की हालत में पत्नी की कर दी जमकर पिटाई

**मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर, अररिया** । एक शराबी पति ने अपने पत्नी को शराब के नशे में रात को 12:00 बजे 1:00 बजे जाकर मारपीट करता था और दहेज के बारे में भी मांग करता था कि मुझे रुपया दौलत या बुलेट गाड़ी में कैसे लो इस तरह का कर हमेशा प्रताड़ित करते रहता था पत्नी को शादी का लगभग 6 महीना हुआ है इस 6 महीना में लगभग कई बार इस तरह का घटना मारपीट कर चुका है कई बार पंचायती भी बैठा कुछ देर के लिए मान लेता था लेकिन फिर वही घटना करता था आज रात को मारपीट करना घर में घुस कर जान मारने की नीयत से घर में घुसता कि तुम अगर नहीं लाओगी रुपया या गाड़ी तो तुमको आज जान मार देंगे जब रूम में ले गया मारपीट करने लगा किरासन तेल बदन में चिड़कर आग लगने ही वाला था की लड़की चिल्लाई इसी बीच बगल वालों वालों ने सुन तो उनके मायके में खबर किया मैं कै मां आ पहुंची तो देखा की लड़की बेहोश हालत में पड़ी हुई थी इसी बीच दामाद को कुछ कहा तो दामाद इस पर भी क्या संदेश को भी जलाने का प्रयास किया तभी दोनों मां और बेटी चिल्लाई जोर से चिल्लाते हैं बाहर निकली तब जाकर समाज से कुछ लोगों ने जमीन पर गिर गई बेहोश हो गई सभी को उठकर समाज के लोगों ने में के वालों ने सदर अस्पताल अररिया लाया जहां पर इलाज चल रहा है बताया कि लड़का इससे पहले भी दो बड़ी सोना का जेवर और 50 भारी गली और हाथ का जेवर चांदी का भेज चुका था शराब पीने में इस तरह का घटना हमेशा करते रहता था अभी सदस्य कल में इलाज चल रहा है लड़की का लड़की का नाम नीलोफर पति आबिद नीलोफर के मां का नाम



नाहिदा पति-हकीम इन सभी का घर बेलवा बंगाली टोला पंचायत बेलवा वार्ड नंबर 5 थाना अररिया का मामला है थाने में कैसे भी हो चुका है

## ख़ास ख़बर

### किशनगंज के बहादुरगंज में युवक की दिनदहाड़े हत्या से फैली जबरदस्त सनसनी



**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी)**। किशनगंज जिला के बहादूरगंज थाना अंतर्गत सब्जी मंडी में बहादुरगंज चपवाल बस्ती के प्रिंस बसाक का आज दिनदहाड़े खूलेआम उसके साले ने ही चाकू से गोद कर हत्या कर दी। जिससे पूरे इलाके में जबरदस्त सनसनी फैल गई है। हत्यारा साला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ईधर प्रिंस बसाक के परिवार वालों का रो रो कर बूरा हाल है पुरे घर एवम खानदान में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। चपवाल बस्ती के रहने वाले प्रिंस बसाक नाम के युवक पर सब्जी मंडी के पास चाकू से हमला किया गया था। आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर कार्रवाई कर रही है।यह घटना बहादुरगंज के वार्ड नंबर 09 बम भोला चौक सब्जी मंडी की है इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुब्ह करीब दस बजे उक्त स्थान पर प्रिंस कुमार बसाक की उसके ससूर महावीर बसाक के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया जहां पास ही मौजूद हत्यारा सुजित बसाक ने प्रिंस बसाक पर चाकू से ताबड़तोड़ कई हमले किए जिससे प्रिंस बसाक की घटनास्थल पर ही मृत्य हो गई।

### पत्रकारों पर अंकुश लगाना माना पत्रकारिता का गला घोटना

**मोतिहारी 4 अक्टूबर अशोक वर्मा भारती श्रमजीवी** । पत्रकार संघ ने ''पत्रकारों और न्यूज़क्लिक से जुड़े लोगों के घरों पर छापेमारी को बेहद चिंताजनक बताया है। संघ की राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमती इंदू बंसल ने कहा है कि हम पूरे मामले पर नज़र बनाए हुए हैं। हम निष्पक्ष और मूल्यों की पत्रकारिता के साथ सदैव खड़े हैं। देश की संप्रभुता और अखंडता को लेकर कोई समझौता नहीं कर सकते है । सरकार से मांग करते हैं कि पूरी जानकारी मीडिया से साझा की जाए.'' श्रीमती बंसल ने कहा BSPS का स्पष्ट दृष्टिकोण है मीडिया के ऊपर किसी प्रकार का दबाव नहीं होना चाहिए। लोकतंत्र का चौथे स्तंभ स्वतंत्र रूप से निर्भीक होकर कार्य कर सके। बीएसपीएस ने कहा है कि यदि विदेशी मुद्रा से जुड़े प्रश्न एजेंसी के समक्ष आए हैं तो उन्हें पूरा सहयोग करना चाहिए।अपराध की तफ़्तीश में कानूनी कार्रवाई में सहयोग करना चाहिए। बीएसपीएस ने दिल्ली पुलिस की कार्यशैली को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है।

### किशनगंज जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने पोठिया प्रखंड के मध निषेध चेक पोस्ट का निरीक्षण किया



**किशनगंज 4 अक्तूबर (अली रेजा सिद्दिकी) किशनगंज** । जिलाधिकारी श्री तुषार सिंगला के द्वारा किशनगंज जिला के पोठिया प्रखंड स्थित देवी चौक, मध निषेध चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया । संधारित विभिन्न पंजी,गृहरक्षको की प्रतिनियुक्ति, शराब जब्ती , वाहन जांच का गहन निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ईस मौके पर एडीएम अनुज कुमार भी उपस्थित रहे। डीएम श्री तुषार सिंगला ने चेकपोस्ट पर उपस्थित कर्मियो से वाहन जांच के संबंध में पूछताछ किया।साथ ही,स्थानीय ग्रामीणों से भी उन्होंने ने वार्ता किया । किशनगंज के नये डीएम से मिलकर स्थानीय ग्रामीणों ने खुशी जाहिर किया। सीमावर्ती प्रखंड होने के कारण शराब,मादक द्रव्य परिवहन,बिक्री और सेवन पर अंकुश लगाने हेतु भी डीएम ने कड़े निर्देश दिए।

### नगर थाना के टॉप-10 अपराध कर्मियों में शामिल अपराधकर्मी करण कुमार को किया गया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ,जिला ब्यूरो चीफखूपेश मिश्रा** । पुलिस अधीक्षक महोदय कटिहार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महोदय सदर के नेतृत्व में विशेष समकालीन अभियान में पुलिस निरीक्षक राघवेंद्र कुमार सिंह को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर साकिन-दुर्गा स्थान चौक के पास से लोडेड देशी पिस्तौल एवं दो जिंदा गोली के साथ नगर थाना के टॉप-10 अपराध कर्मियों में शामिल अपराधकर्मी करण कुमार उर्फ करण खटीक पिता पृथ्वी चंद खटीक साकिन-कॉलोनी नंबर-01 दुर्गा स्थान थाना-नगर जिला-कटिहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संदर्भ में नगर थाना कांड संख्या-727/23 दिनांक-04.10.23 धारा-25(1-b)a/26 arms act अंकित कर अनुसंधान किया जा रहा है! छापामारी टीमः-S.I सुशील कुमार,हवलदार रामप्रवेश प्रसाद सिंह,सि0-776 मनोज कुमार,सि0-293 राजेश कुमार सभी सशस्त्र बल नगर थाना,कटिहार।

# सरकार के मनमानी रवैये से हो रही है मुखिया के योजनाओं में कटौती



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। प्रखंड बगहा एक के लगुनाहां - चौतरवा पंचायत के चौतरवा चौक के शरणार्थी कांलोनी स्थित कमन प्लांट परिसर में बुधवार को प्रखंड बगहा एक के मुखिया संघ की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष नीतेश राव ने की। संचालन परसा - बनचहरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय साह ने किया। बैठक में प्रखंड एक के सभी मुखिया मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष सह चंदरपुर - रतवल पंचायत के मुखिया नीतेश राव ने मुखिया संघ की विभिन्न मांगों को लेकर सरकार पर हमला बोला। ग्राम पंचायतों को संविधान के 73 वां संशोधन से प्राप्त अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि केन्द्र व राज्य की सरकार मनमानी रवैये से योजनाओं में मुखिया की अधिकारों की कटौती कर रही है। पंचायत को विकसित व सर्वांगीण विकास करने की संदेश देते हुए कहा कि चौमुखी विकास पहली प्राथमिकता है। मुखिया संघ के अध्यक्ष ने 10 अक्टूबर को पटना के छज्जूबाग में आयोजित शांति धरना में चलने की अपील की। तथा 6 नवंबर को सरकार के विरुद्ध पटना में आयोजित विशाल रैली में चलने की आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए लगुनाहां - चौतरवा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि आनंद शाही ने सरकार को आडें हाथों लिया। कहा कि पंचायत सरकार भवन सरकार व एल ईओं द्वारा मनमानी ढंग से पंचायतों से निर्माण कार्य कराने की अधिकार छिन रही है। उन्होंने नल जल योजना को पीएचडी विभाग को नहीं देते हुए वार्ड सदस्यों व वार्ड क्रियान्वयन समिति को देने की मांग सरकार से की। भैरोगंज पंचायत के मुखिया मुन्ना दास ने सात निश्चय योजना को मुख्यमंत्री द्वारा वार्ड सदस्यों को पुःन अधिकार कार्य देने की सरकार से मांग करते हुए कहा कि सोलर स्ट्रीट लाईट योजना को पंचायतों में लगाने की चर्चा की। मुखिया संघ ने बैठक में गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित आम सभा की प्रतिलिपि देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, न्यायाधीश, मुख्यमंत्री, राज्यपाल समेत विभिन्न जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को ज्ञापन भेजा। इस अवसर पर मुखिया विनोद कुमार सिंह, नंदलाल साह, सुदर्शन चौधरी, अमित वर्मा, झुनझुन प्रसाद, रुदल मुसहर, दीपक पांडेय, मनमोहन तिवारी, दारोगा साह, नन्हें सिंह, वृजेश राम, दुर्गेश ठाकुर समेत कई लोगों ने बैठक को संबोधित किया।

### जन पक्षीय पत्रकारों के खिलाफ दमनात्मक कार्रवाई करने के खिलाफ भाकपा माले ने निकाला प्रतिरोध मार्च




**अशोक वर्मा, छौड़ादानो पूर्वी चंपारण**। देश के जनपक्षीय निष्पक्ष पत्रकारों पर दमनात्मक कार्रवाई के खिलाफ भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने नारायण चौक--मोतिहारी रोड में प्रतिरोध मार्च निकाला। मार्च का नेतृत्व भाकपा माले के जिला सचिव प्रभुदेव यादव अंचल सचिव रूपलाल शर्मा, जीतलाल सहनी राजकुमार शर्मा, कृष्णमोहन, सुधीर कुमार, अकबर, अतिउल्लाह मियां, मुनीराम, रामभरोस पासवान, रूपलाल साह,लालमोहन,सुरेश यादव ने किया !कार्यालय परिसर-शहीद भगत सिंह प्रतिमा समक्ष से चलकर मार्च मे शामिल लोग लक्ष्मीपुर बाजार गेट तक गये! मार्च में शामिल नेताओं ने जनपक्षीय निष्पक्ष पत्रकारो पर दमन बंद करने, दिल्ली मे गिरफ्तार पत्रकारो को अविलंब रिहा और फर्जी मुकादमे वापस लेने की मांग की ! माले के जिला सचिव प्रभुदेव यादव ने कहा कि जन पक्षीय पत्रकारो के घरो पर छापेमारी ,पूर्व मे दर्ज फर्जी मामले में प्रधानमंत्री/ गृहमंत्री की साझेदारी सामने आई है !दमन के जरिए जनसरोकार रखने वाले अभिव्यक्ति की आजादी नही छिनी जा सकती है !सच्चे देशभक्तो की आवाज को नहीं दबाई जा सकती है !

## रुक-रुक के हो रही बारिश से किसानों की बढ़ी परेशानी





**दैनिक शुभ भास्कर अज़मेर आलम गौनाहा संवाददाता गौनाहा** । मौसम का मिजाज विगत चार दिनों से बदला हुआ दिख रहा है ऐसे मे तेज हवा के साथ झमा-झम बारिश हो रही है। लगातार चार दिनों से कभी हल्की तो कभी तेज बारिश होने से किसानों की चिंता बढ़ा दी है। वहीं कुछ किसानों द्वारा बताया गया कि इस समय हवा के साथ तेज बारिश होने से खेत में लगी धान की फसल नुकसान हो रहा है , साथ ही गन्ने की फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है । मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी कई दिन तक बारिश की संभावना बन रही है, ऐसे में किसानों का कहना है कि लगातार बारिश से मानव जीवन तों अस्त व्यस्त हो ही गया है पशुओं के लिए चारा घास की भी काफी परेशानी बढ़ गई है, वही इस बारिश से सबसे अधिक नुकसान ईख और धान की फसलों का होगा। अगर तेज हवा के साथ बारिश होता रहा तो इस समय की बारिश नुकसान पहुंचाने वाली साबित होगी।

## स्वच्छता के क्षेत्र में गौनाहा प्रखंड के स्वच्छता कर्मियों को जिला में किया गया सम्मानित





**दैनिक शुभ भास्कर गौनाहा संवाददाता अजमेर आलम गौनाहा** । प्रखण्ड अंतगर्त्त जिला मुख्यालय सभागार में आयोजित सम्मान कार्यक्रम स्वच्छ भारत दिवस समरोह में "स्वच्छता ही सेवा "अभियान,स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य हेतु जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय के कर कमलों से प्रखंड समन्वयक विनोद कुमार,स्वच्छता पर्यवेक्षक बुद्धेश्वर प्रसाद,अशोक कुमार, दोमाठ पंचायत के मुखिया अंतिमा देवी को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।स्वच्छता पर्यवेक्षक बुद्धेश्वर प्रसाद को "स्वच्छता ही सेवा"अभियान में 15 सितंबर से 01अक्टूबर तक चलायें गयें स्वच्छता कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य सहित स्वच्छता कार्यक्रम में पंचायत गौनाहा में बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। दोमाठ पंचायत के मुखिया अंतिमा देवी, स्वच्छता पर्यवेक्षक अशोक कुमार को पंचायत में उपयोगिता शुल्क संग्रहण में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवजन्म राम ने बताया कि इस सम्मान से गौनाहा गौरवान्वित हुआ हैं।स्वच्छता पर्यवेक्षक बुद्धेश्वर प्रसाद ने सम्मान को प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवजन्म राम,पंचायत सचिव गौतम कुमार रजक,मुखिया प्रतिमा देवी,प्रखंड समन्वयक विनोद कुमार सहित सभी स्वच्छता कर्मी,उप मुखिया नागेंद्र मौर्या, सभी वार्ड सदस्य को समर्पित किया है।पर्यवेक्षक ने बताया की इन सभी कार्यो में सभी का सहयोग और सानिध्य प्राप्त होता रहता हैं। स्वच्छता में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के स्वच्छ भारत के सपनों को गौनाहा सूदूर क्षेत्र पूर्ण करने में एकजूट होकर प्रयास कर रहा हैं।"स्वच्छता ही सेवा"अभियान के अंतर्गत पंचायत गौनाहा में स्वच्छता रैली,रात्रि चौपाल, गृहभ्रमण,स्वच्छता कर्मी हेतु स्वास्थ्य शिविर, विधालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता, दिवार लेखन,चुप्पी तोड़ कार्यक्रम,इवंनिग,मॉर्निग फ्लो अप आदि गतिविधियों से बापू को स्वच्छांजलि देने का कार्य किया गया।सभी गतिविधियों में विधालय छात्र, छात्राओं सहित जीविका दीदी,जन प्रतिनिधि,ई रिक्शा चालक अरमान मियां का सहयोग सराहनीय रहा।

### साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ़ बिहार में मोतिहारी के सिद्धार्थ बने संयुक्त सचिव

**मोतिहारी ,कफील एकबाल** । साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ़ बिहार में पूर्वी चम्पारण जिला साइक्लिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ वर्मा को महती जवाबदेही मिली है। स्टेट एसोसिएशन में श्री वर्मा को संयुक्त सचिव बनाया गया है। यह घोषणा पिछलें दिनों पूर्णिया में साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ़ बिहार की आहूत बैठक में की गई। नई कार्यकारिणी की घोषणा रिटर्निंग ऑफिसर ने की। बैठक में विधिवत रूप से चुनावी प्रक्रिया पूरी करते हुए 11 मेंबर वाले नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। स्टेट एसोसिएशन में श्री वर्मा को महत्वपूर्ण पद मिलने से जिले के खेल जगत में ख़ुशी का माहौल है। जिले के जिला खेल पदाधिकारी सहित तमाम खेल संगठन के पदाधिकारी ने श्री वर्मा को बधाई दी है। संयुक्त सचिव की जवाबदेही मिलने पर श्री वर्मा ने स्टेट सेक्रेटरी डॉक्टर कौशल किशोर सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार में साइक्लिंग गेम की गति को तेज करनी है। कई जिलों में साइक्लिंग एसोसिएशन का गठन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मनोनयन पर जिला खेल पदाधिकारी गौरव कुमार, जिला साइक्लिंग संघ के अध्यक्ष डॉक्टर अतुल कुमार, संघ के मुख्य संरक्षक व मधुबन सेंट्रल स्कूल के निदेशक रणवीर सिंह, संघ के संरक्षक व एसएनएस विद्यापीठ के चेयरमैन आलोक शर्मा, संघ के संरक्षक नीरज शर्मा, जिला फुटबॉल संघ के सचिव प्रभाकर जायसवाल, जिला क्रिकेट संघ के सचिव रवि राज, जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव अरविन्द कुमार, जिला खो-खो संघ के सचिव मनीष रंजन, जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव दीपक कश्यप, जिला बैडमिंटन संघ के सचिव त्रिलोक कुमार, जिला टेबुल टेनिस संघ के सचिव शैलेन्द्र मिश्र बाबा, जिला ताईक्वांडो संघ के कोषाध्यक्ष जाहिद हुसैन, ताईक्वांडो एसोसिएशन ऑफ़ ईस्ट चम्पारण के सचिव राजेश कुमार, जिला हैंडबॉल संघ के सचिव विकास वत्स, जिला कबड्डी संघ के सचिव भानू प्रकाश, जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव पवन कुमार, जिला तलवारबाजी संघ के सचिव अशफाक, संयुक्त सचिव अप्पू कुमार व अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

### बोखारा के वजीतपुर पंचायित में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजित किया गया



**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी** । बोखरा प्रखंड के वाजितपुर भाउर पंचायत में जिला प्रशासन द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी,उप विकास आयुक्त डॉ० प्रीति सहित जिले के सभी विभागों के पदाधिकारी पंचायत के आवाम लोगों के साथ रूबरू होए। जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार की महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा दी गई। स्वयं जिलाधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना ,जल जीवन हरियाली, मुख्यमंत्री बालक- बालिका प्रोत्साहन योजना , मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना , बिहार में महिलाओं के लिए आरक्षण, मुख्यमंत्री सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना,स्वयं सहायता समूह सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार द्वारा चलाई गई योजनाएं पूरे देश के लिए एक नजीर है। कार्यक्रम में माननीय विधायक मुकेश कुमार यादव भी उपस्थित थे।

### 14 माह से लंबित मनोदय को लेकर बीडीओ से मिले स्वच्छता कर्मी




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज**। प्रखंड के पुरैनिया हरसरी पंचायत में स्वच्छता कर्मीयो का पिछले साढ़े 14 माह का मनोदय लंबित है। जिसको लेकर मंगलवार को सभी स्वच्छता कर्मि प्रखंड कार्यालय पहुंचे और मनोदय भुगतान के प्रति प्रशाशनिक शिथिलता को लेकर नाराजगी जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। अक्रोशित स्वच्छता कर्मियों में बृजेश पासवान, माया देवी, लक्ष्मीना देवी, भागमनी देवी, मराक्षो देवी, चालक कन्हैया ठाकुर, अवध किशोर राम, धर्मचारी पासवान,सबिता देवी, उषा देवी,अम्मा देवी, संगीता देवी, माया देवी, मिंता देवी, रेहाना खातून,अवशेष पासवान आदि शामिल रहे। स्वच्छता कर्मीयो ने कहा कि पिछले साढ़े 14 माह का मानदेय लंबित है। मानदेय भुगतान को लेकर करीब साढ़े चार माह से हम सभी हड़ताल पर हैं। वावजूद प्रशासन को इसकी चिंता नहीं है। इस दौरान आक्रोशित स्वच्छता कर्मीयो बीडीओ से मिलकर मानदेय भुगतान कराने की मांग की है। बीडीओ सतीश कुमार ने स्वच्छता कर्मियों को आश्वासन दिया कि विभाग में राशि उपलब्ध होते हीं भुगतान कराया जाएगा। तब तक सभी कर्मी पंचायत में कचरा प्रबंधन का कार्य शुरू कर दें। स्वच्छता शुल्क से जो राशि संग्रह होगा, उससे भी भुगतान की दिशा में पहल की जाएगी। वही बीडीओ के आश्वासन के बाद कर्मियों ने हड़ताल समाप्त करने की बात कही। स्वच्छता पर्यवेक्षक शिव कुमार ने बताया कि अधिकारी के आश्वासन पर सभी कर्मी हड़ताल समाप्त कर बुधवार से काम पर लौट जाएंगे। बता दे कि स्वच्छता कर्मीयो के हड़ताल के बाद से सभी वार्डो में घर घर कचड़ा उठाव का कार्य बंद है।

कार्यक्रम | जन संवाद बैठक में स्थानीय लोगों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की

## किशनगंज के पोठिया प्रखंड में जिला प्रशासन के द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**अली रेजा सिद्दिकी , किशनगंज** । राज्य सरकार के निदेशानुसार लोक- कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा लोक कल्याणकारी योजनाओं को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक विस्तृत करने के संबंध में जनमानस के सुझावों को प्राप्त करने के उद्देश्य से पोठिया प्रखंड के गोरुखाल पंचायत स्थित वार्ड संख्या 14 के दक्षिण फुलेहरा स्थित मैदान में "जनसंवाद" का आयोजन हुआ। बैठक में डीएम के आगमन पर बीडीओ पोठिया ने पौधा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी तुषार सिंगला , उप विकास आयुक्त स्पर्श गुप्ता,अपर समाहर्त्ता अनुज कुमार,जिला परिषद अध्यक्षा नुदरत महजबी एवं विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही, लगातार जारी बारिश के बावजूद जनसंवाद बैठक में बड़ी संख्या में आमजन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। "जनसंवाद" का शुभारंभ डीएम,डीडीसी,एडीएम और अन्य उपस्थित पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात बिहार गीत का वादन हुआ। जन संवाद बैठक में स्थानीय लोगों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की। लगातार जारी बारिश में लोगो की अभूतपूर्व मौजूदगी पर जनसंवाद को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्री तुषार सिंगला ने कहा कि महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनों को स- समय एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना तथा योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना एवम उन योजनाओं का जिले में समुचित तरीके से क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत चलाई जा रही महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। इसके लिए योजनाओं की जानकारी लेना जरूरी है। जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओ के बारे में लोगों को जानकारी दी जाती रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन में जितना भागीदारी विभाग की है, उतना ही भागीदारी आपकी भी है । यदि योजना में आपकी भागीदारी नहीं होगी तो उन योजना को धरातल पर नहीं उतार सकते हैं।

## बारिश होने से बाल्मीकिनगर गंडक बराज के 36 फाटक खुलने से नदी में जलस्तर बढ़ने की संभावना



**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण**। नेपाल के तराई इलाके मे लगातार तीन दिनो से हो रही कभी तेज कभी धीमी बारिश होने से गंडक नदी का जलस्तर एक बार फिर से बढ़ने लगा है। नदी के बढ़ते जलस्तर से वाल्मिकीनगर गंडक बराज का 36 फाटक खोल दिया गया है। बुधवार को सुबह गंडक नदी मे वाल्मीकि गंडक बराज से 1लाख 23 हजार 300 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया, जिससे गंडक नदी के किनारे बसे गांवों के ग्रामीण एक बार फिर से बाढ़ की जद मे आ गये है। वही जिला प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद है। जिला पदाधिकारी द्वारा तटबंधो की सुरक्षा हेतु 24 घंटे ड्यूटी करने का कनीय से लेकर वरीय अभियंताओं को निर्देश दिया गया है, और सजग रहने का निर्देश के साथ ही हर पल की जानकारी देने को कहा गया है।जिले मे बहने वाली बलोर, सिकरहना, पंडई,सहित सभी नदिया का जलस्तर भी फिर से बढ़ने लगा है। किसान बारिश को धान के फसल के लिये अमृत वर्षा मान रहे है लेकिन अत्यधिक पानी होने पर नुकसान की भी बात कह रहे है। किसानों का मानना है कि अगर लागातार बारिश होती है तो धान और गन्ने की फसल को नुकसान पहुचांयेगा।

## ख़ास ख़बर

### सड़क के बीचो-बीच गिरा पीपल का पेड़ महिला व पुरुष घायल



**शुभ भास्कर, अशोक कुमार जायसवाल पीडीडीयू नगर।** स्थानीय कोतवाली थाना अंतर्गत राम मंदिर क्षेत्र वाले मार्ग पर बीचों बीच गिरा क्षतिग्रस्त पीपल का भारी पेड़ जिसकी चपेट में आने से वहां स्थित मंदिर की दीवार,सहित ठेला क्षतिग्रस्त हो गया।वहीं उक्त मार्ग से पैदल साधन पकड़ने हेतु जा रही तनु गुप्ता लगभग 35 वर्षीय मैनपुरी निवासिनी महिला सहित एक अन्य पुरुष सौरभ 40 वर्ष के ऊपर पेड़ गिरने से दोनों बुरी तरह घायल हो गए जिससे उनको गंभीर चोटें आई।घटना की सूचना लगते ही मौके पर काफी लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई वहीं क्षेत्रीय लोगों ने मौके पर पहुंचे यातायात पुलिस की मदद से दोनों घायलों को राजकीय महिला चिकित्सालय इलाज हेतु भर्ती कराया जहां चिकित्सकों द्वारा दोनों का इलाज चल रहा था। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कूड़ा बाजार चौकी प्रभारी हरिकेश पेड़ को रास्ते से हटवाकर अन्य राहत कार्य में जुट गए।

### पीठाधीश्वर ने अघोरेश्वर लीलामृत पुस्तक का किया विमोचन




**चहनियाँ(चंदौली)।** परम पूज्य अघोरेश्वर बाबा कीनाराम जी जन्मस्थली रामगढ़ सहित देश भर में बाबा कीनाराम से जुड़ी मठों के पीठाधीश्वर सिद्धार्थ गौतम राम जी के कर कमलो द्वारा वाराणसी क्रीं कुंड में लीलामृत पुस्तक का विमोचन किया गया । भगवान राम अवधूत सरकार जी के जीवन से लेकर महाननिर्वाण के दिन तक चमत्कार ,चमत्कारी जीवन का साक्षात आंखों देखा इस पुस्तक में वर्णन किया गया है । जिसमें भगवान अवधूत सरकार जी के चमत्कारी रूप से प्रकट हुए परमपूज्य अघोरेश्वर पीठाधीश्वर सिद्धार्थ गौतम राम जी के बाल रूप में साक्षात सरकार जी ने ही धरातल पर प्रकट किया और जिन्हें अघोराचार्य बाबा कीनाराम जी का 11 वां अवतार माना गया । जो बाबा कीनाराम जी ने भविष्यवाणी की थी । और यही हुआ आज साक्षात् भविष्यवाणी के अनुसार 11 वे पीठाधीश्वर के रूप में उनके सिंहासन पर उनकी गद्दी पर अगर कोई अवतारी पुरुष बैठे तो साक्षात बाबा कीनाराम जी के अवतार परमपूज्य अघोरेश्वर पीठाधीश्वर सिद्धार्थ गौतम राम जी ही बैठे थे।प्रधान आशुतोष कुमार सिंह ने पत्रकारों को वार्ता के दौरान कहा कि इस पुस्तक में पीठाधीश्वर जी ने बताया कि अघोरेश्वर लीलामृत पुस्तक के लेखक श्याम नारायण पांडे हैं । जो काशी के रहने वाले हैं । उन्हीं के प्रेरणा से सरकार जी के 1956 से लेकर 1992 तक साक्षात जीवन के सभी घटनाओं का इस पुस्तक में चमत्कारिक घटनाओं का वर्णन किए हैं । एक घटना है कि बनारस का सबसे बड़ा गुंडा जो एक बार बाबा के आश्रम पर पहुंचा और देखा वहां बड़े-बड़े लोग वहां बैठे हैं । तो वहां पर वह लूट की इरादे से घोड़े पर बैठकर तलवार लेकर बाबा के आश्रम में लूटने के लिए इरादे से पहुंचा और जब वह वहां पहुंचा तो वहां बैठा ही रह गया और उसको बैठे कई महीना बीत गए और वह रोने लगा और उसकी ऐसी अनुभूति हुई वहीं बाबा के आश्रम में ही सेवक बनकर सेवा भाव करने लगा । इसी तरह एक घटना है इस पुस्तक में जिक्र है जो विंध्याचल आश्रम की जहां पर भगवान राम अवधूत जी सरकार वहां पर एक बहुत बड़ा अकोड़ी गांव का डकैत था । उसके ऊपर काफी मुकदमा था । एक बार सरकार जी के सरकार जी को अपने पीठ पर बैठकर दो-तीन जगह ले गया और जब आप सरकार की उसके पीठ से उतरे तो बोले की जाए अब तो तोर कल्याण हो जाए और उस डकैत का उसके सभी मुकदमे से बरी हो गया और बाबा का सेवादार बन गया । सरकार भगवान राम अवधूत जी जब एक बार 1964 प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी से मिलने गए थे और उन सरकार जी के साथ में रहने वाले लोगों ने उन्हें कुष्ठ रोग आश्रम पर आने के लिए आमंत्रण दिए तो और सरकार जी के साथी ने बाबा से बताया कि हम लोगों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को आने का निमंत्रण दिए हैं जो घटना 1964 की है तो सरकार ने कहा कि अब का ऊ अईहै । सच में 1964 में ही प्रधानमंत्री जी का स्वर्गवास हो गया ऐसी ऐसी भगवान राम अवधूत सरकार जी की सच्ची घटनाओं का वर्णन इस अघोरेश्वर लीलामृत पुस्तक में आप लोग को पढ़ने को मिलेगा।लेखक श्याम नारायण पांडे जो भगवान राम अवधूत के साथ अपने जीवन के बीते हुए पल उनके साथ रहने का और सभी चमत्कारी घटनाओं का विवरण इस पुस्तक में की गई है । जिसमें मुख्य रूप से अघोरेश्वर लीलामृत के लेखक श्याम नारायण पांडे ,व्यवस्थापक अरुण सिंह ,चंद्रनाथ ओझा, सुनील मौजूद रहे ।

### चोरी के मोबाइल बरामद दो गिरफ्तार



**शुभ भास्कर, अशोक कुमार जायसवाल, पीडीडीयू नगर।** रेलवे स्टेशन,सर्कुलेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण अपराधियों की गिरफ्तारी बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सुरेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक जीआरपी डीडीयू वह आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत के निर्देशन में आरपीएफ वह जीआरपी की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1/2 के पास से 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया पकड़े गए लोगों में अरविंद कुमार वह जियाउल हुसैन बताए जाते हैं जिनके पास से पुलिस ने चोरी के 2 मोबाइल फोन बरामद किए।पकड़े गए अभियुक्त ट्रेन वह स्टेशन परिसर में यात्रियों के सामानों की चोरी करते थे।जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

थाना परिसर में मृत गोवंशों का मामला, कड़वी सच्चाई का शुभ भास्कर टीम ने किया पर्दाफाश...

# वायरल विडियो में कितनी सच्चाई, सपा नेता की मांगें कितनी जायज, पर्दाफाश



**अशोक कुमार जायसवाल, शुभ भास्कर, चंदौली।** चंदौली से है जहां गांधी जयंती के दिन एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से सुर्खियों में आ गया। विडियो की जद में अलीनगर थाना परिसर में पुलिस की अभिरक्षा में मृत गायों के बाबत मुद्दा उठाया गया था और गौ हत्या के पाप का ठीकरा पुलिस महकमें पर फोड़ दिया गया। हालांकि जिस समय का यह विडियो बनाया गया था परिस्थिति भी दोषारोपण पुलिस के मत्थे ही मढ़ती, क्योंकि तस्करी कर चंदौली होते हुए वध हेतु पश्चिम बंगाल ले जाए जा रहे 23 राशि गोवंशों समेत शातिर तस्कर को अलीनगर पुलिस ने हिरासत में लिया था तो वह भी नहीं जानती थी कि ठूंस ठूंस कर क्रूरतापूर्ण ढंग से भरे गए गोवांशो के बीच दो गाय मृत हैं, और अन्य गोवंशो को बेहोशी की दवा देकर अचेत कर दिया गया है। जब ट्रक समेत गोवंश को अलीनगर थाना परिसर लाकर बाहर निकाला गया तो अचेतावस्था के साथ मृत गाय मिलीं। तमाम व्यवस्थाओं के लाख दावें हो लेकिन उस वक्त की परिस्थिति और गोवंश की दुर्दशा देख कोई भी व्यवस्था पर सवाल उठा सकता है। कुछ ऐसा ही वाकया सपा नेता मनोज सिंह डब्लू के सामने भी आया और दुर्दशा और गोवंश के संरक्षण की तमाम योजनाओं फिसड्डी साबित हुई। उन्होंने पुलिस महकमें और सरकार पर निशाना साधते हुए गोवंश संरक्षण के तमाम दावों की पोल खोल कर डाली। हालांकि इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ी हीलाहवाली पशु चिकित्सा विभाग का सामने आया। अलीनगर थाना पुलिस के द्वारा अचेत गोवंशो के इलाज हेतु सूचना देने के बाद भी पशु चिकित्सा विभाग के चिकित्सा अधिकारी और कर्मचारी समय से मौके पर नहीं पहुंचे थे। जबकि थाने के बगल में ही 1962 पशु हेल्पलाइन की एंबुलेंस मौजूद रहती है।

**अलीनगर पुलिस टीम गौ सेवा में दिखी तल्लीनः** शुभ भास्कर की टीम जब अलीनगर थाना परिसर पहुंची तो थाना प्रभारी शेषधर पांडेय समेत पुलिसकर्मी थाना परिसर में गौ सेवा में तल्लीन दिखे। हालांकि विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ही ये तल्लीनता सामने आई लेकिन पुलिस महकमें के उत्तर दायित्वों के लिए एक अच्छा संदेश देती है। पुलिस टीम की माने तो ट्रक में ठूंसकर भरे जाने और बेहोशी का इंजेक्शन देने के कारण कुछ गोवंश बेहोशी हालत में मिले थे और दो गाय मृत थी। उनका विधिवत अंतिम संस्कार करा दिया गया है और पशु डाक्टरों की टीम द्वारा मौके पर बुलाकर सभी गोवंशो का हेल्थ चेकअप भी कराया गया है।

**थाना परिसर पर गोवंशों के रख रखाव और चारे पानी की सपा नेता ने उठाई मांगः** बता दें कि पूरे प्रकरण में सपा नेता मनोज सिंह द्वारा शुभ भास्कर टीम ने बताया गया कि परिस्थिति इस कदर थी की मृत गोवंशो की दुर्दशा पर किसी का मन व्यथित हो उठता । गोवंश को तस्करी कर वध हेतु ले जाए जा रहे तस्करों पर नकेल के साथ ही पुलिस कप्तान से अपील है कि 24 घंटे के बाद इन गोवंशो को गोरखपुर भेजा जाता है, उस बीच जनपद के सभी थानों पर चारे पानी और इलाज की व्यवस्था मुक्कमल हो, जिससे गोवंश का संरक्षण किया जाए। जिस तरह एसपी साहब शस्त्र और थानों का निरीक्षण करते हैं उसी प्रकार इस व्यवस्था का भी मुक्कमल निरीक्षण करें। 1962 पशु हेल्पलाइन के सवाल पर भी उन्होंने तीखा कटाक्ष किया और स्थानीय सांसद और विधायक के मत्थे हीलाहवाली और लचीली व्यवस्था का जिम्मा सौंपा।

**गौ रक्षा वाहिनी दल के प्रदेश प्रभारी ने लापरवाही पर उठाया सवालः** गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी प्रिंस जायसवाल ने शुभ भास्कर टीम ने बताया कि पुलिस अपना कार्य तो गोवंशो की तस्करी पर नकेल कसने का कर रही है। लेकिन व्यवस्थाएं होनी चाहिए, इस बाबत पत्र के माध्यम से सूबे के मुख्यमंत्री तक मुद्दा उठाया जाएगा। सबसे बड़ी लापरवाही पशु चिकित्सकों की सामने आती है जो फोन करने पर भी इलाज हेतु मौके पर समय से नहीं पहुंचते।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न



**शुभ भास्कर, अशोक कुमार जायसवाल,चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी.फुंडे की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के सड़को की प्रगति संबंधी समीक्षा बैठक संपन्न हुई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की गई और कार्य की गति बढ़ाने के कड़े दिशा निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी द्वारा चंदौली सकलडीहा सैदपुर मार्ग की प्रगति पूछे जाने पर संबंधित विभाग ने बताया कि 8 किमी लंबाई में चौड़ीकरण के कार्य हेतु मिट्टी के स्टेबलाइजेसन,8 किमी लंबाई में जीएसबी एवं 3.7 किमी लंबाई में ड्रेन का कार्य प्रगति पर है।जिलाधिकारी निखिल टी.फुंडे ने भूमि अधिग्रहण हेतु सीमांकन की कार्यवाही एवं प्रभावित भू स्वामियों को नोटिस देने की धीमी प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुए उसमे त्वरित गति से कार्य करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि दस अक्टूबर तक स्ट्रक्चर की नोटिस और 15 अक्टूबर तक जमीन की नोटिस अवश्य चली जानी चाहिए।उन्होंने कहा कि नोटिस के बाद किसानों को आपत्ति का समय भी दिया जाना है।जिलाधिकारी ने जोर देते हुए कहा कि संबंधित किसानों को समय से कंपनशेशन दिया जाय।इसमें किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।पड़ाव क्षेत्र में सड़को के चौड़ीकरण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर की।ड्रेन की स्पीड कम होने,धार्मिक स्थलों के शिफ्टिंग एवं पेड़ो की कटाई की प्रगति धीमी होने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए तीव्र गति से कार्य कराने का निर्देश दिया।सितंबर माह में पाइप लाइन का कार्य बिलकुल नहीं होने पर उन्होंने लेबर रिक्यायरमेंट निकाल कर कार्य कराने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि किस कार्य में कितने लेबर की आवश्यकता है इसका चार्ट बना कर प्रस्तुत किया जाय और उसी के अनुरूप कार्य कराया जाए। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को लाइन शिफ्टिंग का कार्य पूरी सजगता से कराने और उसका शेड्यूल समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का निर्देश दिया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा निकाली गयी स्वच्छता जागरुकता रैली



**इलिया।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष सुनील कुमार चतुर्थ,महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौली के निर्देश पर तथा अपर जनपद न्यायाधीश पूर्णकालिक सचिव ज्ञान प्रकाश शुक्ला महोदय के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति तहसील चकियां के तहसीलदार सचिव सुरेश चंद्र महोदय के संरक्षण मे 04 अक्टूबर को किसान इंटर कालेज सैदूपुर मे पारा विधिक स्वयं सेवकों द्वारा स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ स्वच्छता एवं जागरुकता रैली निकाली गई ।जिसका पुलिस चौकी प्रभारी सैदूपुर के दुर्गा दत्त सिंह यादव ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किए हाथों में स्वच्छता के स्लोगन लिए लोगों को बताया कि साफ सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है हमारे जीवन का प्राथमिकता स्वच्छता जरूरी है क्योंकि साफ सफाई से हम जीवन में आने वाली कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं स्वच्छता अभियान का अर्थ है सफाई से रहने की आदत होनी चाहिए जिससे शरीर स्वस्थ रहता है वहीं स्वच्छता तन और मन के खुशी के लिए आवश्यक है स्वच्छता सभी लोगों को अपनी दिनचर्या में अवश्य ही सामिल करना चाहिए राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने कहा था स्वच्छता ही सेवा हैं हमारे देश के लिए हमारे जीवन में स्वच्छता की बहुत जरूरत है गंदगी हमारे आसपास के वातावरण और जीवन को प्रभावित करती है हमें व्यक्तिगत और आसपास भी सफाई अवश्य करनी चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करनी चाहिए स्वच्छता के प्रति एक सराहनीय कदम है वातावरण को शुद्ध रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना चाहिए लोगों को संदेश दिया गया। रैली स्कूल से पुलिस चौकी सैदूपुर बाजार से होते हुए सरैयां से होते हुए वापस होकर किसान इंटर कालेज मैं आकर स्वच्छता की प्रतिज्ञा दिला कर के रैली को समाप्त किया गया।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत निकली गई जागरूकता रैली



**चहनियाँ (चंदौली)।** विकास खंड चहनियाँ अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय ड्योढ़ा में बुधवार कों स्वच्छता पखवाड़ा के तीसरे दिन स्वच्छता जागरूकता रैली निकली गई I रैली कों विद्यालय के प्रधानाध्यापक फ़ैयाज़ अहमद ने रैली कों हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली में विद्यालय के बच्चे तख्ती पर लिखें स्लोगन कों बच्चे बोल रहे थे जिसमे,स्वछता कों अपनाना है, गंदगी को दूर भगाना है, गंदगी से बढ़े बीमारी, स्वच्छता की करो तैयारी, साथी रे हाथ से हाथ मिलाना, गंदगी को दूर भारत से है भगाना, स्वच्छता अपनाओ स्वच्छता अपनाओ, अपने घर को सुंदर बनाओ, स्वच्छ भारत है एक बड़ा अभियान, सब मिलकर करें अपना योगदान, सभी रोगों की एक दवाई, घर में रखो साफ सफाई, विकसित हो राष्ट्र हमारा, स्वच्छ हो देश हमारा, हर नागरिक का हो यही सपना, स्वच्छ हो पूरा भारत अपना, बीमारियों का भूत भगाओ, स्वच्छता का मंत्र अपनाओ, स्वच्छ और स्वस्थ होगा तभी तो आगे बढ़ेगा भारत, बापू का एक ही सपना, स्वच्छ और सुंदर हो भारत अपना I बच्चे उक्त स्लोगन कों बोल रहे थे और लोगो कों स्वछता के बारे मे अध्यापक और बच्चे जागरूक कर रहे थे रैली पूरा गांव भ्रमण करने के उपरांत पुनः विद्यालय पर आके समाप्त हुई I इस अवसर पर आशुतोष सिंह, सरोज यादव, प्रीतम मिश्रा, कामिनी तिवारी, राजकुमारी सिंह, गीता देवी, उर्मिला देवी आदि शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे I

### प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गयी



**सैयदराजा (चंदौली)।** चंदौली रेंज अंतर्गत नौबतपुर में उच्च आदर्श बालिका इंटर कालेज के प्रांगण में वन्य प्राणी सप्ताह कार्यक्रम के तहत् मंगलवार को प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गयी। जिसमें प्रतिभागी छात्राओं ने चित्रकला,निबंध तथा वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमैं प्रथम विजेता, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया गया ।चित्रकला में प्रथम खुशी गुप्ता,द्वितीय प्रीति व निबंध मै खुशी व पलक शर्मा व वाद विवाद में ईशा,खुशी ,सोनिका को पुरस्कृत किया गया।जिसमें मुख्य रूप से मनीष कुमार राय,रवि कुमार सिंह,मनोज कुमार श्रीवास्तव वन दरोगा, देव कृष्ण तिवारी वन रक्षक तथा अन्य कर्मचारीगण एवं विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती प्रतिमा जायसवाल,स्नेह गुप्ता, प्रेमा देवी,सुमन देवी,आरती देवी,मंशा व सविता शिक्षक में नामवर सिंह व मनोज सिंह व छात्राओं मौजूद रही ।

### चंदौली में बैंक कर्मियों ने किया एकदिवसीय हड़ताल



**शुभ भास्कर, अशोक कुमार जायसवाल, पीडीडीयू नगर, चंदौली।** जिले के विभिन्न यूपी बड़ौदा ग्रामीण बैंक की शाखाओं के कर्मचारियों ने एक दिवसीय हड़ताल का ऐलान कर दिया। इससे तीन दर्जन से अधिक बैंक शाखाओं ने लेनदेन ठप हो गया। कर्मचारियों ने अलीनगर स्थित यूपी बड़ौदा बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय पर प्रदर्शन करके अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद किया। कहा कि बैंक प्रबंधन की मनमानी के चलते कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त हैं। लोगों ने बताया कि यूपी बड़ौदा ग्रामीण बैंक के 31 जनपदों के सभी 1983 शाखाओं कर्मचारियों ने एक दिवसीय हड़ताल की घोषणा किया है। बताया कि उच्चाधिकारियों की ओर बैंकको 268 शाखाओं को बन्द करने का प्रस्ताव भेजा गया हे। जबकि कर्मचारियों के हितों को देखते हुए ऐसा फैसला करना अनुचित है। बताया कि कर्मचारियों के ज्वाइंट फोरम ने आठ सितंबर को हड़ताल की नोटिस जारी किया गया। इस हड़ताल को रोकने के लिए क्षेत्रीय श्रमायुक्त ने बैंक और यूनियन को नोटिस जारी करते हुए समझौता वार्ता शुरू की। दोनों पक्षों के बीच में समझौता वार्ता के दौर चले, लेकिन सहमति नही बन पायी। इसके बाद कर्मचारियों ने हड़ताल करने का ऐलान किया। बैककर्मी श्रुति सिंह ने बताया कि सभी शाखाओं में कर्मचारियों की कमी है। बैंक प्रबंधन का इस दिशा में अभी तक ठोस पहल नहीं किया गया है। कई ब्रांचों में मैनेजर और एकाउंटेंट के भरोसे काम चल रहा है। इन्ही मांगों के समर्थन में कर्मचारियों ने एक दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। अगर आगे भी बैंक प्रबंधन सकारात्मक पहल नहीं करेगा तो कर्मचारी बड़े आंदोलन के लिए रणनीति तैयार करेंगे।

### विद्यालय की पूर्व छात्रा खुशी को किया सम्मानित



**चहनियां। चंदौली।** कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर की पूर्व छात्र खुशी विश्वकर्मा को राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव ने छात्रा का माल्यार्पण कर बधाई और शुभकामनाएं दी । सम्मानित होकर छात्रा खुश हो गयी । कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया की यहां के छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत और परिश्रम के बल पर आज प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर रहे हैं । केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रवेश सीयूईटी परीक्षा के माध्यम से हो रहा है । जिसमें खुशी विश्वकर्मा ने 566 अंक प्राप्त कर इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अपना प्रवेश लिया है । उन्होंने बताया यह बच्चे पूर्व में हमारे स्कूल से राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुके हैं, जिन्हें 9 ,10 ,11 तथा 12 में लगातार 4 वर्षों तक 48000 की स्कॉलरशिप प्राप्त हो चुकी है । इन्होंने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा भी प्रथम श्रेणी में बाल्मीकि इंटर कॉलेज बलुआ से उत्तीर्ण किया है । बच्चों की लगन ने आज इन्हें ऐसे मुकाम पर लाकर खड़ा किया है । जहां से देश-दुनिया के उन बच्चों के कतार में खड़ी हैं । जहां गांव के गरीब अभिभावक सोच भी नहीं सकते । विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक नंद कुमार शर्मा ने इन बच्चों को लगातार अपने निर्देशन से उनके करियर को बनाने में जी जान से लगे हैं । जिसका परिणाम आज हम सभी को देखने के लिए मिल रहा है! बच्चों के अभिभावकों से लगातार संपर्क करते हुए इन्हें सही दिशा में शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं ।"बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ"स्लोगन को चरितार्थ करते हुए विद्यालय निरंतर एक नया मुकाम हासिल कर रहा है । अभिभावक अशोक विश्वकर्मा ने बच्ची की सफलता पर विद्यालय परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा यह विद्यालय हम लोगों को बच्चों के लिए वरदान से कम नहीं है । हमारे बच्चे इन्हीं विद्यालय से पढ़कर आज नौकरी प्राप्त किए हैं और गांव के तमाम बच्चे अपना करियर बना रहे हैं । सेवा निवृत शिक्षक जीवित बंधन यादव जी ने प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव सहित सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे ऐसे शिक्षकों पर गर्व है जो हमारे गांव के बच्चों को तरास कर आज एक नई मंजिल पर पहुंचने का काम कर रहे है ।

स्वास्थ्य — चिकनगुनिया आमतौर पर 2 से 3 दिन रहता है. इसके बाद बुखार कम हो जाता है

## चिकनगुनिया एक वायरल डिजीज है, जो मच्छरों के काटने से फैलती है-. डॉ ओपी सिंह



**पीडीडीयू नगर।** आपको बता दे की यह बीमारी मॉनसून में फैलती है लेकिन आज के समय में मच्छरों का प्रकोप अक्सर बना रहता है. इसलिए अन्य सीजन में भी इसके केस आते रहते हैं. चिकनगुनिया आमतौर पर 2 से 3 दिन रहता है. इसके बाद बुखार कम हो जाता है या पूरी तरह ठीक हो जाता है. लेकिन संक्रमित हुए व्यक्ति के शरीर में इसका वायरस करीब 7 दिन तक रहता है. यानी बीमारी ठीक होने के बाद भी वायरस ऐक्टिव रहता है. ऐसे में यदि इस व्यक्ति को मच्छर काट लें तो वे भी इस वायरस से संक्रमित हो जाते हैं और फिर अन्य लोगों को काटकर उन्हें संक्रमित कर सकते हैं. एडीज एजिप्टी और एडीज एल्बोपिक्टस (Aedes aegypti and Aedes Albopictus) इन दो मच्छरों के कारण चिकनगुनिया फैलता है. हालांकि इन मच्छरों से येलो फीवर भी फैलता है. इसलिए इन्हें येलो फीवर मॉस्किटो भी कहा जाता है. चिकनगुनिया के लक्षण डेंगू से बहुत अधिक मिलते हैं. इसलिए जिन एरिया में डेंगू और चिकनगुनिया दोनों ही बुखार फैलते हैं वहां कई बार यह स्थिति हो जाती है कि बीमारी मिस डायग्नॉज हो जाती है. इसलिए इसके लक्षणों के बारे में स्पष्टता होना बहुत जरूरी है. तेज बुखार, जोड़ों में दर्द, त्वचा पर रैशेज, बहुत अधिक थकान, मितली आना, हाथ, पैर और उंगलियों के जॉइंट्स में सूजन, पेट और पाचन से जुड़ी समस्याएं। कुछ लोगों में आंखों और हार्ट से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती हैं. चिकनगुनिया के वायरस से संक्रमित मच्छकर के काटने के 2 से 7 दिन के अंदर यह वायरस शरीर पर हावी हो जाता है और फीवर के साथ ही जॉइंट्स पेन का कारण बनता है. इस फीवर की बात करें तो इसे रोकने के लिए कोई भी ऐंटिवायल दवाई नहीं है और 2 से 3 दिन की अंदर यह बुखार खुद ही ठीक हो जाता है. शरीर को आराम देने के लिए डॉक्टर्स कुछ ऐसी दवाएं देते हैं, जिनसे रोगी की पीड़ा कम हो सके. जैसे, नेप्रोक्सिन और पैरासिटामोल. जॉइंट्स में होने वाला पेन हमारे लिए तकलीफ देने वाला जरूर होता है लेकिन ये घातक नहीं होता है. बल्कि यह हमारे शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता द्वारा वायरस पर किए जाने वाले अटैक के कारण होता है. फीवर ठीक होने के बाद और वायरस के शरीर में रहने का समय पूरा होने के बाद भी कई बार इस दर्द को ठीक होने में लंबा समय लग जाता है. कुछ केसेज में महीनों तक यह दर्द बना रह सकता है. इसलिए डॉक्टर की सुझाई दवाओं का सेवन करें और परेशान ना हों. जोड़ों में सूजन की समस्या भी इस बुखार के दौरान हो जाती है. ऐसा ऐंटिबॉडीज के ऐक्टिव होने से होता है. क्योंकि ये जोड़ों में मौजूद कार्टिलेज को प्रभावित करती हैं और सूजन आ जाती है. इसी तरह रैशेज, थकान, पेट संबंधी समस्याएं इत्यादि दवाओं और सही डायट के सेवन से दूर हो जाती हैं. आप परेशान होने या घबराने की जगह डॉक्टर के मार्गदर्शन में अपना इलाज कराएं, जल्दी स्वस्थ हो जाएंगे. चिकनगुनिया के दौरान विटामिन सी (vitamin C) से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी जाती है, क्योंकि वे इम्यूनिटी (immunity) को बढ़ाने में मदद करते हैं।

## आम आदमी पार्टी ने किया जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन





**शुभ भास्कर, तलवार सिंह, चन्दौली।** संजय सिंह के नई दिल्ली स्थित आवास पर ई डी के छापे के विरोध में आम आदमी पार्टी चंदौली ने जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया तथा केंद्र सरकार के विरोध में नारे लगाये और जिलाधिकारी कार्यालय पर धरने पर बैठ गए। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि माननीय सांसद संजय सिंह जी नरेंद्र मोदी के सरकार द्वारा किए गए घोटालों को लगातार उजागर कर रहे हैं। इसलिए उनके घर पर ई डी के छापे डाले गए हैं। ई डी को भेज कर नरेंद्र मोदी जी संजय सिंह जी और उनके परिवार को परेशान कर रहे हैं नरेंद्र मोदी जी संजय सिंह को डराना चाहते हैं लेकिन संजय सिंह आम आदमी पार्टी वाले हैं, और आम आदमी पार्टी वाले दूसरी मिट्टी के बने होते हैं संजय सिंह भाजपा से, नरेंद्र मोदी से डरने वाले नहीं हैं। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने कहा कि जब-जब मोदी सरकार आम आदमी से पार्टी से डरती है ई डी और सीबीआई के छापे आम आदमी पार्टी के नेताओ पर डलवाती है। संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार आकण्ठ तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। देश के सारे भ्रष्टाचारी नेताओं को नरेंद्र मोदी जी ने भाजपा में शामिल कर दिया है । वहीं दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी में दिल्ली में बेहतरीन वर्ल्ड क्लास स्कूल बनवाए हैं जिसमें बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है वर्ल्ड क्लास के अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक बनाए हैं जिसमें सारी दवाइयां मुफ्त में दी जाती हैं और सारे टेस्ट फ्री हैं मुफ्त में बिजली और पानी दी जा रही है ढेर सारे काम आम आदमी पार्टी के दिल्ली और पंजाब की सरकारी कर रही हैं जिससे नरेंद्र मोदी जी बौखलाए हुए हैं और आम आदमी पार्टी के ईमानदार नेताओं को जेल में बंद करवा रहे हैं उनके घरों पर ई डी के छापे डलवा रहे हैं। उन्हे डराने की बेकार कोशिश कर रहे हैं। लेकिन आम आदमी पार्टी वाले डरने वाली नहीं हैं। आम आदमी पार्टी के यशश्वी नेता सांस संजय सिंह बेहद ईमानदार हैं। उनके खिलाफ नरेंद्र मोदी जी इस जन्म में तो दूर अगले जन्म में भी भ्रष्टाचार का एक भी सबूत ढूंढ नहीं पाएंगे । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष ज्ञान पांडेय, मुगलसराय विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य सदस्य लक्ष्मण कुमार तिवारी, संतोष तिवारी, संतोष दुबे, उपेंद्र सिंह मुन्नीलाल चंद्रशेखर बौद्ध भजनू राम जगजीवन राम घनश्याम तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।